3 अभिमत
हंगामे के बीच विस की कार्यवाही स्थगित

6 अभिमत
भारत में फलता फूलता लोकतंत्र

9 राष्ट्रीय
असम में मदरसे पर चला बुलडोजर

12 स्पोर्ट्स
भारत ने हांगकांग को 40 रन से हराया

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 291
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 1 सितंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



जयशंकर तीन दिवसीय यात्रा पर यूएई पहुंचे

विदेश-10

www.dailypioneer.com

# तेज हुई अर्थव्यवस्था की रफ्तार

● पहली तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद में 8.4 फीसदी की शानदार बढ़ोतरी दर्ज

● लेकिन आरबीआई के 16.2 फीसदी के अनुमान से कम है वृद्धि



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कोविड** के कारण आई मंदी के बाद अर्थव्यवस्था के रफ्तार पकड़ने का पहला संकेत मिला है। देश ने इस वित्तीय वर्ष में अप्रैल-जून की अवधि में 13.5 फीसदी की विकास दर हासिल की है। यह पिछली चार तिमाहियों में सबसे तेज है। अर्थव्यवस्था में तेजी का कारण कृषि और सेवा क्षेत्रों में शानदार प्रदर्शन रहा है। बहरहाल, पहली तिमाही में 13.5 फीसदी की दर आरबीआई के अनुमानों से कम है, जिसने इस महीने की शुरुआत मे 16.2 फीसदी विकास दर का अनुमान लगाया था।

इस वृद्धि के साथ भारत दुनिया में सबसे तेजी से आगे बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था बना हुआ है। चीन की वृद्धि दर 2022 की अप्रैल-जून तिमाही में 0.4 प्रतिशत रही है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, इससे पिछले वित्त वर्ष (2021-22) की अप्रैल-जून तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 20.1 प्रतिशत रही थी। जीडीपी वृद्धि दर 2021 की जुलाई-सितंबर तिमाही में 8.4 प्रतिशत, अक्टूबर-दिसंबर में 5.4 प्रतिशत और जनवरी-मार्च, 2022 में 4.1 प्रतिशत रही थी। जीडीपी से आशय एक निश्चित अवधि (तिमाही या वित्त वर्ष) में देश की सीमा के भीतर उत्पादित सभी वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य से है। यानी यह बताता है कि निश्चित अवधि में देश में कितने मूल्य का आर्थिक उत्पादन हुआ है। पहली तिमाही में 13.5 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि भारतीय रिजर्व बैंक के इस महीने की शुरुआत में जारी 16.2 प्रतिशत के अनुमान से कम है। एनएसओ ने बयान में कहा, स्थिर मूल्य (2011-12) पर वास्तविक जीडीपी 2022-23 की पहली तिमाही में 36.85 लाख करोड़ रुपए रहने का अनुमान है। यह एक साल पहले 2021-22 की इसी तिमाही में 32.46 लाख करोड़ रुपए थी। इससे पता चलता है कि पहली तिमाही में इसमें 13.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है...। वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद 2020 में अप्रैल-जून तिमाही में 27.03 लाख करोड़ रुपए था। कोरोना वायरस महामारी की रोकथाम के लिए लगाए गए लॉकडाउन से वित्त वर्ष 2020-21 की पहली तिमाही में इसमें 23.8 प्रतिशत की गिरावट आई थी।

आंकड़ों के अनुसार, सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) इस साल अप्रैल-जून तिमाही में 12 प्रतिशत बढ़कर 34.41 लाख करोड़ रुपए रहा। सकल मूल्य वर्धन यानी जीवीए देश की सीमा के भीतर निश्चित अवधि में वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य को बताता है। इसमें उत्पाद के मूल्य में जो वृद्धि होती है, उसे लिया जाता है। कृषि क्षेत्र में जीवीए वृद्धि दर पहली तिमाही में 4.5 प्रतिशत रही, जो एक साल पहले इसी तिमाही में 2.2 प्रतिशत थी। हालांकि, विनिर्माण क्षेत्र में जीवीए वृद्धि दर उल्लेखनीय रूप से घटकर 4.8 प्रतिशत रही जो एक साल पहले इसी तिमाही में 49 प्रतिशत थी। आंकड़ों के अनुसार, खनन क्षेत्र में जीवीए वृद्धि 6.5 प्रतिशत रही, जो एक साल पहले 2021-22 की अप्रैल-जून तिमाही में 18 प्रतिशत थी। निर्माण क्षेत्र में जीवीए वृद्धि दर जून, 2022 को समाप्त तिमाही में घटकर 16.8 प्रतिशत रही जो एक साल पहले इसी तिमाही में 71.3 प्रतिशत थी। बिजली, गैस, जलापूर्ति और अन्य उपयोगी सेवाओं के क्षेत्र में वृद्धि दर आलोच्य तिमाही में 14.7 प्रतिशत रही जो एक साल पहले इसी तिमाही में 13.8 प्रतिशत थी।

जीवीए वृद्धि दर व्यापार, होटल, परिवहन, संचार और प्रसारण से सेवाओं जैसे सेवा क्षेत्र में चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 25.7 प्रतिशत रही जो एक साल पहले इसी तिमाही में 34.3 प्रतिशत थी। वित्तीय, रियल एस्टेट और पेशेवर सेवाओं की वृद्धि दर आलोच्य तिमाही में 9.2 प्रतिशत रही जो एक साल पहले इसी तिमाही में 2.3 प्रतिशत थी। लोक प्रशासन, रक्षा और अन्य सेवाओं की वृद्धि दर जून, 2022 को समाप्त तिमाही में 26.3 प्रतिशत रही जो पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 6.2 प्रतिशत थी। एनएसओ के अनुसार, मौजूदा कीमत पर जीडीपी (नॉमिनल जीडीपी) 2022-23 की पहली तिमाही में 26.7 प्रतिशत बढ़कर 64.95 लाख करोड़ रुपए रही जो बीते वित्त वर्ष 2021-22 की इसी तिमाही में 51.27 लाख करोड़ रुपए थी। वित्त वर्ष 2021-22 में मौजूदा कीमत पर जीडीपी में 32.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

# दिल्ली के एलजी चार आप नेताओं के खिलाफ करेंगे कानूनी कार्रवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● झूठे आरोपों को लेकर विधायक आतिशी, सौरभ भारद्वाज, दुर्गेश पाठक व डीडीसी उपाध्यक्ष जैस्मीन शाह पर लेंगे एक्शन



**दिल्ली** के उपराज्यपाल वीके सक्सेना अपने खिलाफ भ्रष्टाचार के झूठे और मानहानिकारक आरोप लगाने के लिए आम आदमी पार्टी (आप) के विधायकों आतिशी, सौरभ भारद्वाज व दुर्गेश पाठक तथा डीडीसी उपाध्यक्ष जैस्मीन शाह समेत अन्य के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेंगे। इस घटनाक्रम पर आप या उसके नेताओं की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है। आप के विधायक दुर्गेश पाठक ने बीते सोमवार को विधानसभा में आरोप लगाया था कि सक्सेना ने 2016 में खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) के अध्यक्ष के रूप में अपने कर्मचारियों पर 1400 करोड़ रुपए के चलन से बाहर हो चुके नोट बदलवाने का दबाव डाला था।

इसके बाद से अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी उपराज्यपाल के खिलाफ हमलावर रुख अपनाए हुए है और लगातार प्रदर्शन कर एलजी के खिलाफ जांच की मांग कर रही है। उपराज्यपाल सचिवालय के अधिकारियों ने बुधवार को कहा कि सीबीआई मामले की जांच कर रही है और एजेंसी पहले ही केवीआईसी के दो आरोपी कर्मचारियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल कर चुकी है। उन्होंने कहा कि यह मामला राउज एवेन्यू कोर्ट, नई दिल्ली में लंबित है। अधिकारियों ने कहा कि उपराज्यपाल सक्सेना के खिलाफ आरोप दो ऐसे लोगों के बयानों के आधार पर लगाए जा रहे हैं, जिन्हें सीबीआई ने नोटबंदी के बाद केवीआईसी में हुए भ्रष्टाचार की जांच में प्रथमदृष्टया दोषी पाया है। इससे स्पष्ट है कि आप शिक्षा, शराब और पीडब्ल्यूडी जैसे क्षेत्रों में किए गए करोड़ों रुपये के भ्रष्टाचार से जनता का ध्यान भटकाने के लिए भ्रष्ट लोगों का इस्तेमाल कर रही है। सूत्रों ने कहा कि सक्सेना ने आप नेताओं के झूठे, मानहानिकारक और ध्यान भटकाने वाले आरोपों को बहुत गंभीरता से लिया है। उन्होंने आप नेताओं के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने का फैसला लिया है। अधिकारियों ने कहा कि नोटबंदी के समय केवीआईसी ने 9 नवंबर 2016 को एक सर्कुलर जारी कर कहा था कि एक हजार और पांच सौ के पुराने नोट किसी भी बिक्री काउंटर पर बदले जाएंगे। सूत्रों ने कहा कि नई दिल्ली स्थित खादी ग्रामोद्योग भवन के खाते में अलग-अलग तारीखों पर पुराने नोट जमा किए गए। यह मामला जांच और कार्रवाई के लिए फौरन ही केवीआईसी के चीफ विजिलेंस ऑफिसर (सीवीओ) के हवाले कर दिया गया। इस मामले से सीबीआई को भी अवगत कराया गया। जांच एजेंसी ने प्राप्त सूचनाओं के आधार पर 6 अप्रैल 2017 को औचक छापे भी मारे। प्राथमिक जांच के बाद सीवीओ ने 17 अप्रैल 2017 को केवीआईसी के चार अधिकारियों केजीबी के मैनेजर एके गर्ग, सेल्स इंचार्ज अजय गुप्ता, सेल्समैन-3 (हेड कैशियर) संजीव कुमार मलिक, एलडीसी प्रदीप यादव (हेड कैशियर) के तबादले और निलंबन की सिफारिश की। इसी आधार पर इन चारों को कार्रवाई की गई। अपनी रिपोर्ट में सीवीओ ने कहा कि 10 नवंबर 2016 से 31 दिसंबर 2016 तक 22,17,000 रुपये दिल्ली में खादी ग्रामोद्योग भवन के बैंक खाते में जमा किए गए। इनमें 2140 नोट बंद हो चुके 500 के और 1147 नोट हजार रुपये के थे। इसके बाद 29 मई 2017 को केवीआईसी ने सीबीआई को सीवीओ की जांच के आधार पर चार अधिकारियों के खिलाफ की गई कार्रवाई से अवगत कराया। सीबीआई ने अपनी जांच में सिर्फ दो अधिकारियों संजीव मलिक और प्रदीप यादव (दोनों कैशियर) को दोषी पाया। इनके खिलाफ 10 जुलाई 2017 को केंद्रीय जांच एजेंसी ने एफआईआर भी दर्ज की। सीबीआई ने अपनी जांच में पाया कि बंद हो चुके केवल 17,07000 रुपये ही खादी ग्रामोद्योग भवन के खाते में जमा किए गए थे न कि 22,17,000 जैसा कि सीवीओ ने पहले कहा था। सीबीआई पहले ही दोनों आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट पेश कर चुकी है और मामला दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में लंबित है।

सूत्रों ने बताया कि यह मामला केवल 17.07 लाख रुपए का है, जबकि आप इसे 1,400 करोड़ रुपए का बताकर दुष्प्रचार कर रही है। यह आरोप लगाने वालों की महज एक कल्पना है और उन्हें परिणाम भुगतने होंगे। आप विधायकों ने उपराज्यपाल के इस्तीफे की मांग को लेकर सोमवार को विधानसभा में हंगामा किया था, जिस कारण कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी थी। बाद में उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया समेत आप के कई नेताओं ने विधानसभा के अंदर और बाहर यह आरोप दोहराया था।

# विपक्षी एकता के लिए नीतीश कुमार से मिले केसीआर



पटना में पत्रकारों को संबोधित करते बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव। साथ में बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव

**पायनियर समाचार सेवा।** पटना/नई दिल्ली

● पटना में आयोजित जनसभा में बिहार के मुख्यमंत्री के साथ भाजपा मुक्त भारत का आह्वान किया

**बिहार** में राजनीतिक समीकरण बदलने के बाद विपक्ष के एकजुट होने के उठते स्वरों के बीच तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने बिहार के अपने समकक्ष नीतीश कुमार से मुलाकात की तथा 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुकाबला करने के लिए गैर कांग्रेस और गैर भाजपा दलों को एकसाथ लाने की रणनीति पर चर्चा की।

केसीआर ने पटना में एक जनसभा में नीतीश और उनके नायब तथा राजद के नेता तेजस्वी यादव के साथ मंच साझा किया। तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) के नेता ने राजद सुप्रीमो तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री लालू प्रसाद यादव से उनके आवास पर मुलाकात की। नीतीश और केसीआर के बीच बैठक को विपक्ष की एकता की दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। केसीआर तीसरा (शेष पेज 8)

# उप्र में 18 पिछड़ी जातियों को अनुसूचित जाति की सूची में डालने का आदेश रद्द

**भाषा।** प्रयागराज

**इलाहाबाद** उच्च न्यायालय ने बुधवार को उत्तर प्रदेश सरकार के उस आदेश को रद्द कर दिया जिसके तहत 18 अन्य पिछड़ी जातियों को अनुसूचित जाति की सूची में डालने की अधिसूचना जारी की गई थी। मुख्य न्यायाधीश राजेश बिंदल और न्यायमूर्ति जे.जे. मुनीर की पीठ ने गोरखपुर की डॉ बीआर आंबेडकर ग्रंथालय एवं जन कल्याण समिति की जनहित याचिका स्वीकार करते हुए यह आदेश पारित किया। इस याचिका में 21 और 22 दिसंबर, 2016 की अधिसूचना को यह कहते हुए चुनौती दी गई थी कि अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली तत्कालीन प्रदेश सरकार ने संविधान के अनुच्छेद 341 के तहत बिना अधिकार के यह अधिसूचना जारी की। इसके बाद, इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने 24 जनवरी, 2017 को एक अंतरिम आदेश पारित कर इन 18 पिछड़ी जातियों को अनुसूचित जाति के प्रमाण पत्र जारी करने पर रोक लगा दी थी। इन याचिकाओं के लंबित रहने (शेष पेज 8)

# यमुना एक्सप्रेसवे का सफर हुआ महंगा, बढ़ी टोल दरें

● दो पहिया, थ्री व्हीलर और किसानों के ट्रैक्टर पर शुल्क नहीं बढ़ाया गया

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



**यमुना** एक्सप्रेस-वे पर सफर करने वालों के लिए बुधवार मध्यरात्रि से सफर महंगा हो जाएगा। जेपी इन्फ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड की ओर से बढ़ी दरों का प्रस्ताव यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण को दिया गया था, जिसे प्राधिकरण ने अपनी बोर्ड बैठक में मंजूरी दे दी है।

हालांकि, दो पहिया वाहनों, थ्री व्हीलर और किसानों के ट्रैक्टर से जुड़े टोल की दरें नहीं बढ़ाई जाएंगी। जानकारी के मुताबिक, अब कार वालों को ग्रेटर नोएडा से आगरा तक 165 किलोमीटर की एक तरफ यात्रा करने के लिए 415 रुपए की जगह 437 रुपए चुकाने होंगे। वहीं, हल्के मालवाहक वाहन को 635 की जगह 684 रुपए, सिक्स एक्सल वाहन को 1295 की जगह 1394 रुपए, अत्यअधिक भारी वाहन को 2250 की जगह 2729 रुपए देने होंगे। यमुना विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया, कंपनी ने एक्सप्रेस-वे पर सड़क सुरक्षा के लिए कई बड़े काम किए हैं।

वित्तीय वर्ष 2022-23 में एक्सप्रेस-वे पर टोल दरें बढ़ाई गई हैं। कंपनी ने 28 फरवरी 2022 को टोल बढ़ाने के लिए पत्र लिखा था। इस पत्र में उत्तर प्रदेश सरकार की 19 फरवरी 2010 और 17 जनवरी 2015 की अधिसूचना को आधार बनाया गया है। सीईओ ने कहा, वर्ष 2018-19 के बाद टोल बढ़ने का प्रस्ताव आया था लेकिन 14 सितंबर 2021 को टोल दरें यथावत रखने का फैसला लिया गया था। अब (शेष पेज 8)

# चिनूक हेलीकॉप्टरों की उड़ान रोकने का भारत पर असर नहीं

● इंजन में आग की मामूली घटनाओं के बाद अमेरिका ने पूरे बेड़े की उड़ान पर लगाई पाबंदी

**पायनियर समाचार सेवा/एजेंसियां।** नई दिल्ली/वाशिंगटन



**इंजन** में आग की छोटी सी घटना के कारण अमेरिका द्वारा 400 चिनूक हेलीकॉप्टरों के अपने पूरे बेड़े को बंद करने के एक दिन बाद भारत ने बुधवार को कहा कि इसका भारतीय वायुसेना पर ज्यादा प्रभाव नहीं पड़ेगा।

यह हेलीकॉप्टर अपने यहां उड़ान जारी रखेगा। हालांकि भारतीय वायुसेना ने अमेरिका से इस बारे में रिपोर्ट मांगी है। भारत ने पिछले कुछ वर्षों के दौरान अमेरिका से 15 चिनूक खरीदे हैं। चिनूक एक ट्विन रोटर हेलीकॉप्टर है और वायुसेना लद्दाख, सियाचिन जैसे ऊंचाई वाले क्षेत्रों और अरुणाचल प्रदेश सहित उत्तर-पूर्व के कुछ दुर्गम इलाकों में इन हेलीकॉप्टर का उपयोग करती है।

सैनिकों और उपकरणों को ले जाने के अलावा चिनूक एम-777 जैसी हल्की तोपों को एक से दूसरे स्थान तक ले जाने में भी सक्षम है। इससे दूरस्थ पहाड़ी क्षेत्रों में स्थानीय कमांडरों को सैन्य साजो-सामान ढोने में काफी मदद मिलती है। इन हेलीकॉप्टरों का (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,537 | |
| निफ्टी | 17,759 | |
| सोना | 51,469 | /10g |
| चांदी | 55,550 | /kg |

## क्विक न्यूज

### सोनिया गांधी की मां नहीं रहीं

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी की मां पाओला मायनो का बीते शनिवार इटली मे निधन हो गया और मंगलवार को उनका अंतिम संस्कार किया गया। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने ट्वीट कर यह जानकारी दी। रमेश ने कहा, सोनिया गांधी जी की मां, श्रीमती पाओला मायनो का 27 अगस्त (शनिवार) को इटली में उनके आवास पर निधन हो गया। कल अंतिम संस्कार हुआ। उल्लेखनीय है कि सोनिया गांधी चिकित्सा जांच के लिए इस समय विदेश मे है। उनके साथ उनके पुत्र राहुल गांधी और बेटी प्रियंका गांधी भी गए है। सूत्रों का कहना है कि पाओला मायनो के अंतिम संस्कार के समय सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी मौजूद थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कांग्रेस के कई नेताओं ने सोनिया गांधी की मां के निधन पर दुख जताया है।

# राजनीति का केंद्र बना छत्तीसगढ़ का रिजॉर्ट

झारखंड संकट

● रायपुर का मेफेयर रिजॉर्ट किले में तब्दील, खरीद-फरोख्त से बचाने के लिए यहां यूपीए के 32 विधायक ठहराये गए हैं

**पीएनएस/एजेंसी।** रायपुर



फाइल फोटो

**झारखंड** के विधायकों के पहुंचने के बाद छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के कोलाहल से दूर नवा रायपुर शहर का मेफेयर रिजॉर्ट राजनीति का केंद्र बन गया है। रिजॉर्ट मंगलवार से एक किले में तब्दील है।

इस रिजॉर्ट में झारखंड से आए 32 विधायक और वरिष्ठ नेता ठहरे हुए हैं तथा बाहर मीडियाकर्मियों तथा जनता का जमावड़ा है, जो इस शहर को पर्यटन की राजनीति का केंद्र बनते देख रहे हैं। नवा रायपुर अटल नगर स्थित आलीशान मेफेयर रिजॉर्ट की सड़कें आमतौर पर सुनसान रहती हैं। लेकिन, मंगलवार शाम से लक्जरी बसों, मंहगी कारों और नेताओं के काफिले की आवाजाही से इस सड़क पर चहल-पहल (शेष पेज 8)

### बैठक में शामिल होने चार मंत्री झारखंड लौटे

**रायपुर।** झारखंड में सत्ताधारी संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) के रायपुर पहुंचे 32 विधायकों में से चार मंत्री बुधवार शाम रांची लौट गए। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के एक नेता ने बताया कि झारखंड में सत्ताधारी संप्रग के विधायक प्रदीप यादव और मंत्री सत्यानंद भोक्ता बुधवार शाम को एक विशेष विमान से रायपुर पहुंचे। बाद में चार मंत्री आलमगीर आलम, बन्ना गुप्ता, रामेश्वर उरांव और बादल पत्रलेख इस विमान से झारखंड लौट गए।

# सोवियत संघ के अंतिम नेता मिखाइल गोर्बाचेव का निधन

**एपी।** मॉस्को



**सोवियत** संघ के अंतिम नेता मिखाइल गोर्बाचेव का मंगलवार को निधन हो गया। वह 91 वर्ष के थे। गोर्बाचेव ने सोवियत संघ में कई सुधार करने की कोशिश की और इसी कड़ी में उन्होंने साम्यवाद के अंत, सोवियत संघ के विघटन और शीत युद्ध की समाप्ति में अहम भूमिका निभाई। मास्को स्थित सेंट्रल क्लीनिकल हॉस्पिटल ने एक बयान में बताया कि गोर्बाचेव का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। कोई अन्य जानकारी नहीं दी गई है। गोर्बाचेव सात साल से कम समय तक सत्ता में रहे, लेकिन उन्होंने कई बड़े बदलाव शुरू किए। इन बदलावों ने जल्द ही उन्हें पीछे छोड़ दिया, जिसके कारण अधिनायकवादी सोवियत संघ विघटित हो गया, पूर्वी यूरोपीय राष्ट्र रूसी प्रभुत्व (शेष पेज 8)

## पहली पुण्यतिथि

आप को खोने की पीड़ा से हम कभी उबर नहीं पाएंगे

## श्रद्धांजलि



डॉ. चंदन मित्रा

12 दिसंबर, 1954– 1 सितंबर, 2021

पायनियर परिवार

पायनियर

नई दिल्ली, बृहस्पतिवार , 1 सितंबर, 2022



# आवंटन नीति में बदलाव प्राधिकरण ने निकाली ग्रुप हाउसिंग योजना

● आवंटन के 90 दिनों में देना होगा पूरा पैसा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

बिल्डर्स की मनमानी तथा फ्लैट बॉयर्स की परेशानी से सबक लेते हुए अब नोएडा प्राधिकरण ने भूखंड आवंटन नीति में बदलाव किये हैं। इसी बदलाव के तहत प्राधिकरण ने सेक्टर-146 तथा 151 में ग्रुप हाउसिंग की भूखंड योजना निकाली है। ग्रुप हाउसिंग को भूखंड आवंटन के दौरान कंसोरटियम के सदस्यों को कंप्लीशन सर्टीफि केट सीसी लेने तक 100 फीसदी अंशधारिता बनाये रखनी होगी।

एक बार में भूखंड की पूरी रकम आवंटन तिथि से 90 दिनों के अंदर प्राधिकरण में जमा करनी होगी। बिल्डर्स को एक एस्क्रो खाता भी खुलवाना होगा। आवंटन के दौरान भूखंडों उपखंड करके न तो तोड़ा जा सकेगा और न ही बेचा जा सकेगा। इसके अलावा बिल्डर्स तथा बॉयर्स को आवंटित फ्लैट संख्या व एस्क्रो खातों में डाले जाने वाली धनराशि का विवरण तीन माह में देना होगा। इसके पूर्व नोएडा प्राधिकरण में भूखंडों की कुल लागत का 10 फीसदी जमा करने पर आवंटन कर दिया जाएगा तथा इसके बाद बाकी रकम की किश्त बनती थी। बिल्डर एक भूखंड के कई टुकडों में करके बेच देता था। यही नहीं पहले बिल्डर बॉयर्स के पैसों को अन्य दूसरे प्रोजेक्ट में लगा लेता था तथा प्रोजेक्ट विलंब होने पर बॉयर्स को परेशान होना पड़ता था। यही कारण रहा कि ऐसे बिल्डर्स पर नोएडा प्राधिकरण की करीब 20 हजार करोड़ की देनदारी है जो अभी तक नहीं मिली। इस नीति के बदलाव के बाद ग्रुपहाउसिंग योजना लांच की है।

इस योजना में 5 सितंबर से 26 सितंबर तक आवेदन किया जा सकता है। भूखंडों का आवंटन सेक्टर-146 तथा 151 में किया जाएगा। सेक्टर-146 में प्लाट नंबर जीएच.01 एरिया 94 हजार 202 वर्गमीटर, सेक्टर.146 जीएच-01 बी एरिया 25001 वर्गमीटर, सेक्टर.146 जीएच 02 सी एरिया 7775 वर्गमीटर, सेक्टर-151 जीएच-01 एरिया 20050 वर्गमीटर, सेक्टर.151 जीएच-02 एरिया 20050 वर्गमीटर, सेक्टर-151 जीएच-03 और जीएच-04 एरिया 20050 वर्गमीटर, सेक्टर-151 जीएच-05 और जीएच-06 एरिया 18960 वर्गमीटर है।

## ध्वस्तीकरण के बाद शुरू हुआ पोस्ट स्ट्रक्चरल ऑडिट

# पहले दिन चेक किए 119 कॉलम, 12 पिलर में छोटी दरार, एटीएस में नुकसान ज्यादा



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ट्विन टावर के ध्वस्तीकरण के बाद सुपरटेक एमराल्ड और एटीएस विलेज का पोस्ट स्ट्रक्चरल ऑडिट किया जा रहा है। इसके लिए आज डीएंडआर कंसलटेंट की स्ट्रक्चरल टीम ने दोनों सोसाइटी का निरीक्षण किया। इसी कंपनी ने डिमोलिशन से पहले भी दोनों टावरों का स्ट्रक्चरल ऑडिट किया था। कंपनी के वाइस प्रेजिडेंट रंजन सिंह ने बताया कि एमराल्ड कोर्ट से ज्यादा नुकसान एटीएस विलेज को हुआ है।

कंपनी के डायरेक्टर रेवती रमन सिंह ने बताया कि डिमोलीशन के बाद आज स्ट्रक्चर ऑडिट टीम ने पहला निरीक्षण किया है। सुपरटेक एमराल्ड कोर्ट के 10 से 12 पिलर में माइनर क्रेक मिले है। ये सभी 50 मीटर के अंदर है।

कुल 110 कॉलम चेक किए गए। इनमे से कुछ का रिबाउंड हैमर और कोर कटिंग टेस्ट कराया जाएगा। सैंपल लैब में भेजे जाएंगे। एक सप्ताह में रिपोर्ट आएगी। इससे पिलर की स्टैंथ पला चलेगी। रेवती रमन ने बताया कि ट्विन टावर के नजदीक के एटीएस टावर के फाउंडेशन पिलर में दरार आई है। ये दरार डीप है। लेकिन इनको रिपेयर किया जा सकता है। एटीएस सोसायटी के करीब 1 दर्जन से ज्यादा पिलर्स में क्रेक आए है। टावर नंबर 5720 से भी शिकायत मिली है। इन सभी के सैंपल लिए जाएंगे।

इसके अलावा सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट सीबीआरआई भी दोनों ही सोसाइटी का निरीक्षण करेगी। 2 से 3 दिनों में टीम निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट तैयार करेगी। ये रिपोर्ट सीबीआरआई को दी जाएगी। इस रिपोर्ट के आधार पर सीबीआरआई निरीक्षण करेगी। फइनल रिपोर्ट तैयार होने के बाद बीमा कंपनी को इसकी जानकारी दी जाएगी। जिसके बाद यहां रिपेयरिंग का काम शुरू किया जाएगा।



अपनी बालकनी से ट्विन टावर के मलबे को देखती महिला।

## दो सप्ताह बाद आएगी कंपन की तीव्रता की रिपोर्ट

● आईआईटी चेन्नई अध्ययन के बाद दाखिल करेगी रिपोर्ट

**नोएडा।** सेक्टर-93ए के एमरॉल्ड कोर्ट स्थित ट्विन टॉवर के ध्वस्तीकरण में कंपन की कितनी तीव्रता रही इसकी रिपोर्ट दो सप्ताह बाद नोएडा प्राधिकरण को भेजी जाएगी। कंपनी की तीव्रता का आंकलन करने वाली आईआईटी चैन्नई की टीम अध्ययन के लिए मापी गई तीव्रता की मशीनें तथा डाटा अपने साथ चेन्नई ले गई हैं।

दबता दें कि आईआईटी चेन्नई की टीम ने एमरॉल्ड कोर्ट समेत आसपास कंपन चेक करने की 15 स्थानों पर मशीनें लगाई थीं। एडफि स इंजीनियरिंग के प्रोजेक्ट मैनेजर उत्कर्ष मेहता ने मीडिया को बताया कि दो सप्ताह बाद यह टीम नोएडा प्राधिकरण को अपनी रिपोर्ट भेज देगी। प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक मुकेश कुमार वैश्य ने बताया कि ब्लास्टिंग के दौरान वाइब्रेशन होना आम बात है। लेकिन जो कंपन फ्लाईओवर और बालकनी या टैरेस पर हुआ वो आवाज की वजह से हुआ। क्योंकि जिस समय ब्लास्ट किया गया उसके ठीक 10 मिनट पहले ध्वनी का स्तर 65 डेसीबल था और ब्लास्ट के दौरान ये 110 के आसपास था। ऐसे में इसकी आवाज से ही कंपन हुआ है, क्योंकि जो लोग जमीन पर थे वहां कंपन महसूस नहीं किया गया। एडीफाइस ने ब्रिटेन की कंपनी से वाइब्रेशन लेवल का आकलन करने को कहा था। कंपनी ने संभावित समय, हवा के दबाव और जमीन से उत्पन्न कंपन, विस्फोट डिजाइन, दो टावरों के वजन और ऊंचाई को लेकर स्टडी की और अपनी रिपोर्ट तैयार की।

## नोएडा में बिना मान्यता वाले स्कूलों पर चला प्रशासन का डंडा

● बीएसए ने तीन स्कूलों पर लगाया ताला

**नोएडा।** जिले में कई वर्षो से बिना मान्यता के चल रहे स्कूलों पर बुधवार को बेसिक शिक्षा अधिकारी बीएसए ऐश्वर्या लक्ष्मी का डंडा चला।

सूरजपुर स्थित स्कूलों के औचक निरीक्षण में बीएसए को तीन स्कूल बिना मान्यता के संचालित मिले। कक्षा 8 की मान्यता लेकर महर्षि दयानंद आदर्श विद्यालय नौवीं और 10 वीं की कक्षाएं संचालित कर रहा था। वहीं, प्रिंस मॉडर्न पब्लिक स्कूल और एसएम पब्लिक स्कूल के संचालक मान्यता के कागज ही नहीं दिखा पाए। ये स्कूल बिना मान्यता के संचालित हो रहे थे। बीएसए ने तत्काल स्कूलों को बंद कराया है। स्कूल संचालकों को सख्त हिदायत दी गई है कि यदि दोबारा इन्हें खोला गया तो एक लाख रुपये जुर्माना लगेगा और स्कूल के प्रबंधन के खिलाफरिपोर्ट भी दर्ज कराई जाएगी।

बता दें जिले में बड़ी संख्या में बिना मान्यता के स्कूल चल रहे हैं। कई बार कार्रवाई के बाद भी विभागीय लापरवाही के कारण यह स्कूल दोबारा खुल जाते हैं। बीएसए के निरीक्षण में बिना मान्यता के संचालित स्कूल मिल रहे है। बीएसए ने सभी खंड शिक्षा अधिकारी को बिना मान्यता के संचालित स्कूलों को सूची बीएसए कार्यालय को भेजने के निर्देश दिए है। सबसे अधिक बिसरख विकासखंड में बिना मान्यता के स्कूल संचालित मिल रहे हैं।

**RAMPUR FERTILIZERS LIMITED**

CIN: L15136UP1988PLC010084, Email id- info@rampurfert.com
Regd. Off.: Judges Bareilly Road, Rampur-244901 U.P.

**Notice of 34th Annual General Meeting, Book Closure and Remote E-Voting information**

**NOTICE** is hereby given that the 34th Annual General Meeting (`AGM') of the members of Rampur Fertilizers Limited will be held through Video Conferencing ("VC") / Other Audio Visual means ("OAVM") on Wednesday, the 21st September, 2022 at 1.00 pm to transact the Ordinary and Special Business, as set out in the Notice of AGM. The Notice of the Meeting, Annual Report for the financial year ended March 31, 2022 and remote e-voting details have been sent in electronic mode to all the members whose e-mail IDs are registered with the Company/RTA/Depository The date of completion of email of the notices to the shareholders is August 30, 2022.

In case you have not registered your email ID with the Company/Depository, please follow below instructions to register your email ID for obtaining annual report for FY 2021-22 and login details for e-voting.

**Physical Holding :** Send a request to Registrar and Transfer Agents of the Company, MAS Services Limited at info@masserv.com providing Folio number, Name of the shareholder, scanned copy of the share certificate (Front and Back), PAN (Self attested scanned copy of PAN Card), AADHAR (Self attested scanned copy of Aadhar Card) for registering email address. Please send your bank detail with original cancelled cheque to our RTA (i.e. MAS Services Limited, T-34 2nd Floor, Okhla Industrial Area, Phase-II, New Delhi-110020) along with letter mentioning folio no. if not registered already.

**Demat Holding:** Please contact your Depository Participant (DP) and register your email address as per the process advised by DP. Please also update your bank detail with your DP for dividend payment by NACH if declare by company.

These documents are also available on Company's website www.rampurfert.com for download by the members. Notice is hereby given in compliance with the provisions of Section 108 of the Companies Act, 2013 read with the Companies (Management and Administration) Rules, 2014 as amended and Regulation 44 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 that the Company has offered e-voting facility for transacting all the business by National Securities Depository Limited (NSDL) through their portal www.evoting.nsdl.com to enable the members to cast their votes electronically. The **remote e-voting** period commences on Sunday, 18th September, 2022 (09:00 am) and ends on Tuesday, 20th September, 2022 (05:00 pm). No e-voting shall be allowed beyond the said date and time. During this period members of the Company, holding shares either in physical form or in dematerialized form, as on the cut-off date of 19th September, 2022, may cast their vote by remote e-voting. Any person, who acquires shares and becomes member of the Company after dispatch of the notice and holding shares as of the cutoff date i.e. 14th September 2022, may obtain the login ID and password by sending a request at evoting@nsdl.co.in or RTA, MAS Services Limited at info@masserv.com. However, if the members are already registered with NSDL for remote e-voting then they can use their existing user ID and password for casting their vote. The remote e-voting module shall be disabled by NSDL for voting thereafter. Once the vote on a resolution is cast by the member, the member shall not be allowed to change it subsequently. The facility for voting through e-voting shall be made available at the AGM and the members who have cast their vote by remote e-voting prior to the AGM may also attend the AGM but shall not be entitled to cast their vote again. Shri Sanjiv Nigam, Practicing Company Secretary (Membership No. FCS 9313 & CP No. 8458), Proprietor M/s. Sanjiv Nigam & Associates, Company Secretaries, has been appointed as Scrutinizer for the e-voting process. The detailed procedure for remote e-voting is contained in the letter sent with the Notice of the AGM. Any query/grievance relating to e-voting may be addressed to Rajeev Kumar, Company Secretary and Compliance Officer, Rampur Fertilizers Ltd., Judges Bareilly Road, Rampur-244901 U.P. Phone: 0595-2352028, Email: rkumar@rampurfert.com. NOTICE is also hereby given pursuant to Section 91 of the Companies Act, 2013, Rule 10 of the Companies (Management & Administration) Rules, 2014 and Regulation 42 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 that the **Register of the Members and Share Transfer Books** of the Company will remain closed from Thursday, the 15th September, 2022 to Wednesday, the 21st September, 2022 (both days inclusive) for the purpose of taking record of the shareholders at the Annual General Meeting.

**For Rampur Fertilizers Limited**
**Sd/-**
**Rajeev Kumar**
**Company Secretary & Compliance Officer**

**Place: Rampur**
**Date: 31 August, 2022**

**PASUPATI ACRYLON LIMITED**

CIN : L50102UP1982PLC015532
Regd. Office : Kashipur Road, Thakurdwara, Distt. Moradabad (U.P)
Corp. Office : M-14, Connaught Circus (Middle Circle), New Delhi-110 001
Tel. No. : 91-11-47627400, Fax No : 91-11-47627497
E-mail : delhi@pasupatiacrylon.com, Website : www.pasupatiacrylon.com

Quality Assured Company ISO-9001

**NOTICE TO MEMBERS REGARDING 39TH AGM**

Notice is hereby given that :

1. 39th Annual General Meeting ('AGM') of the members of Pasupati Acrylon Limited ("the Company") will be held on Thursday, 29th September, 2022 at 10:30 A.M. IST at the Registered Office of the Company at Kashipur Road, Thakurdwra, Dist. Moradabad (U.P.) – 244601, to transact the businesses as set forth in the notice of 39th AGM.
2. Pursuant to the applicable statutory provisions, Members will be entitled to cast their votes on all resolutions set forth in the Notice of 39th AGM through remote e-voting facility and voting at AGM through ballot paper. The facility of remote e-voting will be provided by National Securities Depository Limited ("NSDL").
3. In accordance with, the General Circular No. 20/2020 dated May 05, 2020 issued by Ministry of Corporate Affairs and Circular No. SEBI/HO/CFD/CMD2/CIR/P/2022/62 dated May 13, 2022 issued by SEBI, Notice of 39th AGM and Annual Report for the financial year 2021-22 will be sent only by electronic mode to all those members, whose email addresses are registered with the Company or their respective Depository Participant ("DP"). Notice of 39th AGM and Annual Report for the financial year 2021-2022 will also be available on the Company's website www.pasupatiacrylon.com, website of stock exchanges *i.e.* www.bseindia.com and www.nseindia.com and website of NSDL www.evoting.nsdl.com.
4. Members holding shares in physical mode, who have not registered their email address with the Company, may get the same registered with the Company by sending an email to palsecretarial@gmail.com or helpdeskreply@mcsregistrars.com. Members holding shares in dematerialized mode may contact their respective DP to register/update their e-mail address.
5. In case of any queries, please refer the Frequently Asked Questions (FAQs) for Shareholders and e-voting user manual for Shareholders available at the download section of www.evoting.nsdl.com or call on toll free no. : 1800 1020 990 and 1800 22 44 30 or send a request to Mr. Aman Goyal at evoting@nsdl.co.in

**For PASUPATI ACRYLON LIMITED**
Sd/-
**BHARAT KAPOOR**
COMPANY SECRETARY
Membership No. ACS 54267

Date : 31.08.2022
Place : New Delhi

## कलेक्शन एजेंट से लूट में शामिल दो बदमाश गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** मोदीनगर के गांव सौंदा मार्ग पर पांच दिन पहले हुई कलेक्शन एजेंट से लूट के मामले में पुलिस ने दो और बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बदमाशों के पास से लूटी गई रकम में से 19 हजार रुपये बरामद किए है। इस मामले में पुलिस ने रविवार पहले मुठभेड़ के पास दो बदमाशों को गिरफ्तार किया था। थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि पांच दिन पहले गांव सौंदा मार्ग पर एक निजी कंपनी के कलेक्शन एजेंट से बदमाशों ने तमंचे के बल पर नकदी व टैबलेट लूट लिया था।

पुलिस ने सौंदा काकड़ा मार्ग पर मुठभेड में दो बदमाशों को गिरफ्तार किया गया। पैर में गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया था। बुधवार सुबह लूट में शामिल दो और बदमाशों को गिरफ्तार किया गया।

# बाइक नहीं हटाई तो युवक को मारी गोली

● युवक की हालत गंभीर, घटना के समय फोन पर कर रहा था बात



पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

मकान के नीचे खड़े मोबाइल पर बात कर रहे व्यक्ति को मकान के मालिक ने गोली मार दी। घटना थाना सिहानी गेट क्षेत्र के भाटिया मोड़ के पास आनंद विहार चौक पर मंगलवार देर शाम सात बजे की है। गोली बायें कंधे के नीचे बाजू पर लगी है। गंभीर हालत में उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

एसएचओ सिहानी गेट नरेश कुमार शर्मा ने बताया कि राधा कृष्ण कुंज में रहने वाले निर्देश शर्मा मंगलवार शाम सब्जी लेने गए थे। लौटते समय फोन आया तो स्कूटी किनारे रोककर वह बात करने लगे। इसी बीच किनारे वाले मकान की छत से आवाज आई कि यहां खड़े होकर क्यों बात कर रहे हो, हट जाओ, वरना जान से मार देंगे।

निर्देश ने कहा कि वह बात करके जा रहे हैं, तभी ऊपर खड़े व्यक्ति ने गोली मार दी। निर्देश के भाई अमरीश ने बताया कि निर्देश निजी कंपनी में जाब करते हैं। पत्नी व एक बेटा है। उनका या भाई का किसी से झगड़ा व रंजिश नहीं है। बावजूद इसके ऐसी घटना से पूरा परिवार दहशत में है। उन्होंने कानून व्यवस्था और पुलिस गस्त पर सवाल उठाते हुए हत्यारोपित की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। एसएचओ के मुताबिक यह मकान अमित भाटी का है और प्राथमिक जांच में पता चला है कि गोली उसी ने मारी है।

आसपास के लोगों ने बताया कि अमित 9.10 दिन पहले ही नशा मुक्ति केंद्र से छूट कर आया है। एसपी सिटी प्रथम निपुण अग्रवाल ने बताया कि पुलिस के पहुंचने से पहले ही वह फरार हो गया। अमरीश की शिकायत पर अमित भाटी के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर लिया है। निर्देश की हालत खतरे से बाहर है। अमित की तलाश में दो टीमों को लगाया है, उसे जल्द गिरफ्तार करेंगे।

**ADDI INDUSTRIES LIMITED**

CIN: L51109DL1980PLC256335
**Registered Office:** A-104, Third Floor, Okhla Industrial Area Phase – II, New Delhi - 110020
**Phone**: 011-45025469, **Email**:atul.addi@gmail.com, addiind@gmail.com
**Website**: www.addiindustries.com

**INFORMATION REGARDING 40TH ANNUAL GENERAL MEETING TO BE HELD THROUGH VIDEO CONFERENCING (VC) / OTHER AUDIO VISUAL MEANS (OAVM)**

**Dear Members,**

The 40th Annual General Meeting ('AGM') of the members of **ADDI Industries Limited** ("the Company") will be held on **Friday, 30th September, 2022 at 9:00 A.M.** through Video Conference ('VC') / Other Audio Visual Means ('OAVM') facility without the physical presence of the members at a common venue to transact the businesses as set out in the notice of AGM in compliance with the applicable provisions of the Companies Act, 2013 (Act) and Rules framed thereunder and the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 read with Circular No. 14/2020 dated 08th April, 2020, Circular No. 17/2020 dated 13th April, 2020 and Circular No. 20/2020 dated 05th May, 2020 and Circular No. 02/2021 dated 13th January, 2021 and Circular No. 2/2022 dated 05th May 2022 issued by the Ministry of Corporate Affairs (MCA) and Circular No. SEBI/HO/CFD/CMD1/CIR/P/2020/79 dated 12th May, 2020, Circular No. SEBI/HO/CFD/CMD2/CIR/P/2021/11 dated 15th January 2021 and Circular No. SEBI/HO/CFD/CMD 2/CIR/P/2022/62 dated 13th May, 2022 issued by Securities and Exchange Board of India (SEBI). The Company has engaged the services of Central Depository Securities Limited (CDSL) as the authorised agency to provide the facility of attending AGM through VC / OAVM, Remote e-voting before AGM and e-voting during AGM.

In accordance with the aforesaid Circular(s), the Notice of 40th AGM and Annual Report for the Financial Year 2021-22 will be sent only through electronic mode to those members, whose e-mail address is registered / available with the Company / Depository Participant(s). The aforesaid documents will be available on the website of the Stock Exchange i.e. BSE Limited at www.bseindia.com and on the website of CDSL at www.evotingindia.com

The members will have an opportunity to cast their vote electronically on the businesses set out in the AGM Notice through remote e-voting / e-voting during the AGM. The detailed procedure for remote e-voting / e-voting during the AGM by Members holding shares in Physical mode and Members, who have not registered their e-mail address with the Company will be provided in the Notice of AGM.

**Members who have not registered their e-mail address with the Company / Depository Participant(s) are requested to register their e-mail address as per Instructions given below for the purpose of obtaining e-voting User ID & Password, Notice of AGM and Annual Report 2021-22 and updation of Bank Account Details:-**

**Physical Holding-** Please send scanned copy of duly signed request letter to Company's Registrar and Share Transfer Agent (RTA), Beetal Financial and Computer Services Private Limited through an e-mail beetalrta@gmail.com providing Folio No., Name of Shareholder along with scanned copy of the Share Certificate (front and back), self-attested scanned copy of the PAN Card and any one of the following documents viz., Aadhaar Card, Driving Licence, Voter Card, Passport or Utility bill in support of the address proof of the Member as registered with the Company for the purpose of obtaining e-voting User ID & Password, Notice of AGM and Annual Report 2021-22.

For updation of Bank Account Details, please provide (i) Bank Account Number (ii) Bank Name and Branch Address (iv) MICR Number (v) IFSC Code (vi) Cancelled cheque leaf or copy of Bank Passbook / Bank Statement duly attested by the Bank.

**Demat Holding-** Please update e-mail address / Bank Account Details with your Depository Participants (DP).

**For Addi Industries Limited**
Sd/-
Taranjeet Kaur
Company Secretary, Membership No. 8991

Date : 31.08.2022
Place : New Delhi

**सुपीरियर फिनलीज लिमिटेड**

सीआईएन : एल74899डीएल1994पीएलसी061995
पंजीकृत कार्यालय : एनएस-92, खसरा सं. 33/21, राणाजी एन्क्लेव, नजफगढ़ निकट अर्जुन पार्क बस स्टैंड, नई दिल्ली-110043;
ई-मेल आईडी : **superiorfinlease@gmail.com**
वेबसाइट : **http:// superiorfinlease.com;** फोन सं. : 91-9953798335

**सूचना**

**(सुपीरियर फिनलीज लिमिटेड के शेयरधारकों के ध्यानार्थ)**

कार्पोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए), परिपत्र सं. 14/2020 दिनांकित 8 अप्रैल 2020, परिपत्र सं. 17/2020 दिनांकित 13 अप्रैल 2020 तथा परिपत्र संख्या 20/2020 दिनांकित 5 मई 2020 और परिपत्र संख्या 02/2021 दिनांकित 13 जनवरी, 2021 तथा समय समय पर जारी अन्य सभी संबद्ध परिपत्रों (संयुक्त रूप में 'एमसीए परिपत्रों के रूप में संदर्भित) द्वारा, कम्पनियों को अनुमति दे चुका है कि वे किसी सामान्य स्थल पर सदस्यों की व्यक्तिगत उपस्थिति के बिना वीडियो कॉफ्रेंसिंग (वीसी) अथवा अन्य ऑडियो विजुअल मींस (ओएवीएम) के माध्यम से अपनी वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) का आयोजन कर सकते हैं। कम्पनी अधिनियम 2013 के लागू प्रावधानों, सेबी (सूचीकरण दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियमावली 2015 तथा एमसीए परिपत्रों के अनुपालन में, कम्पनी की वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) का आयोजन बृहस्पतिवार, 29 सितंबर 2022 को अप. 03.00 बजे वीसी/ओएवीएम के माध्यम से किया जाएगा।

वित्तीय वर्ष 2021-22 हेतु वार्षिक रिपोर्ट के साथ एजीएम की सूचना, कम्पनी के उन समस्त सदस्यों को प्रेषित की जाएगी, जिनके ई-मेल पते कम्पनी/डिपॉजिटरी प्रतिभागी/प्रतिभागियों के पास पंजीकृत हैं। कम्पनी अपने समस्त सदस्यों को पूर्व की भांति ई-वोटिंग एवं रिमोट ई-वोटिंग सुविधा भी उपलब्ध करा रही है।

यदि आपका ई-मेल पता कम्पनी/डिपॉजिटरी प्रतिभागी(प्रतिभागियों) के पास पहले से ही पंजीकृत हैं वित्तीय वर्ष 2021-22 हेतु वार्षिक रिपोर्ट के साथ एजीएम की सूचना तथा ई-वोटिंग हेतु लॉगइन विवरण आपके पंजीकृत ई-मेल पतों पर प्रेषित किए जाएंगे। यदि आपके ई-मेल पते कम्पनी/डिपॉजिटरी प्रतिभागी(प्रतिभागियों) के पास पंजीकृत नहीं हैं तो वित्तीय वर्ष 2021-22 हेतु वार्षिक रिपोर्ट एवं ई-वोटिंग हेतु लॉगइन विवरण प्राप्त करने हेतु कृपया अपनी ई-मेल आईडी पंजीकृत करने के लिए निम्न अनुदेशों का अनुसरण करें :

1. यदि शेयर भौतिक रूप में धारित हैं, तो कृपया ई-मेल द्वारा **superiorfinlease@gmail.com** पर फोलियो नं., शेयरधारक का नाम, शेयर प्रमाणपत्र (आगे एवं पीछे) की स्कैंड प्रति, पैन (पैन कार्ड की स्व-सत्यापित स्कैंड प्रति), आधार (आधार कार्ड की स्व-सत्यापित स्कैंड प्रति) उपलब्ध कराएं।
2. यदि शेयर डीमैट रूप में धारित हैं, तो कृपया ई-मेल द्वारा **superiorfinlease@gmail.com** पर डीपीआईडी-सीएलआईडी (16 अंकीय डीपीआईडी सीएलआईडी अथवा 16 अंकीय लाभार्थी आईडी), नाम, क्लाइंट मास्टर अथवा समेकित खाता विवरण, पैन (पैन कार्ड की स्वयं सत्यापित स्कैंड प्रति), आधार (आधार कार्ड की स्वयं सत्यापित स्कैंड प्रति) उपलब्ध कराएं।

वैकल्पिक रूप में, सदस्यगण बिंदु (1) अथवा (2) में वर्णित विवरणों को प्रमाणित करते हुए, प्रयोक्ता आईडी एवं पासवर्ड प्राप्त करने के लिए एक ई-मेल अनुरोध **evoting@nsdl.co.in** पर प्रेषित कर सकते हैं।

**कृपया इसे 05 सितंबर 2022 को अथवा इससे पूर्व अद्यतन कर लें।**

एजीएम की सूचना तथा वित्तीय वर्ष 2021-22 हेतु वार्षिक रिपोर्ट कम्पनी की वेबसाइट अर्थात् **www.superiorfinlease.com** एवं बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट अर्थात् **https://www.bseindia.com** तथा मेट्रोपोलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट अर्थात् **https://www.msei.in**, जहां कम्पनी के अंश सूचीबद्ध हैं, पर भी उपलब्ध होंगे। वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में उपस्थित होनेवाले सदस्यों की उपस्थिति की गणना कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 103 के अन्तर्गत गणपूर्ति के उद्देश्य हेतु की जाएगी।

कृते सुपीरियर फिनलीज लिमिटेड
हस्ता./-
दिशा रानी
(कम्पनी सचिव)

दिनांक : 31-08-2022
स्थान : नई दिल्ली

# शतरंज प्रतियोगिता में केंद्रीय विद्यालय-1 ने लहराया परचम

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद के केंद्रीय विद्यालय-1 वायुसेना स्थल हिंडन में संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का समापन समारोह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि एम.एल मिश्रा सहायक आयुक्त केन्द्रीय विद्यालय संगठन आगरा संभाग रहे।

प्रतियोगिता में अंडर-17 में स्वर्ण यशवर्धन सागर, रजत पदक कार्तिक चौहान, केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-1 वायुसेना स्थल हिंडन, कांस्य पदक अनुराग मौर्या के वि ए एफ एस सरसावा मिला। अंडर19 में स्वर्ण पदक नमन जैन के वि आगरा केंट 2,रजत पदक सिद्धार्थ तोमर ,के वि 1 हिण्डन, कांस्य पदक जय शर्मा को मिला। अंडर-14 स्वर्ण पदक अविरल साहु झांसी नं 3, रजत पदक अरिहंत पांडेय केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 हिंडन, कांस्य पदक भानु प्रताप आगरा केंट नंबर-3 ने जीता।

प्राचार्या शोभा शर्मा एवं सहायक आयुक्त एम एल मिश्रा ने सभी विजेताओं को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम स्थल पर निरीक्षक के रूप में हुस्ना बानो प्राचार्या केवि के एन एन की उपस्थित बनी रही। चेस असोसिएशन के सदस्य सतीश सरोहा ने सक्रिय भूमिका निभाई।



गाजियाबाद के केंद्रीय विद्यालय-1 में शतरंज प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ी।

# नोएडा हाट में स्थापित की गणेश प्रतिमा

● नॉर्थ-ईस्ट फेस्टिवल में मणिपुर नागालैंड के उत्पादों की रही धूम

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सेक्टर-33ए स्थित नोएडा हाट में गणेश चतुर्थी के अवसर पर बुधवार को भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई। उक्त आयोजन महाराष्ट्र संघ के सदस्यों द्वारा किया गया। मुख्य रूप से दत्तारे एंग्ले, मुकेश शर्मा, रंजना चितकारा, सीमा, निकिता, आदित्य, पिंकी तथा प्रवेश ने भगवान गणेश की प्रतिमा को विधि.विधान के साथ स्थापित किया। दत्तारे एंग्ले ने बताया कि 10 दिन तक नियमित गणेश पूजन के बाद प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा।



उधर, नॉर्थ.ईस्ट फेस्टिवल में छठे दिन बुधवार को पूर्वोत्तर के मणिपुर तथा नागालैंड के उत्पादों की खासी धूम रही। मेले में मणिपुर के वाटर ग्लास द्वारा निर्मित टोकरी महिलाओं के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हैं। वहीं नागालैंड के पर्स व बैग भी लोगों की पसंद बने हैं। ज्ञात हो कि यह आयोजन भारत सरकार के मंत्रालयों डोनर मंत्रालय, मिनिस्ट्री ऑफ टैक्स्टाइल के डेवलपमेंट कमिश्नर हैंडिक्राफ्ट तथा नेशनल डिजाइन सेंटर एवं नार्थ ईस्ट स्टेट गार्वमेंट डिपार्टमेंट के पारटिसिपेशन सहयोग से किया जा रहा है। इसके साथ ही यहां फैस्टिवल के दौरान नार्थ ईस्ट के परंपरागत खानपान की झलक भी देखने को मिलेगी नोएडा हॉट में आठों प्रदेशों के खाने के स्टाल भी लगाए जाएंगे। जहां खार्जी, मोमो, ऑमिटा खार, जैडोह, केली चना, पंच फॉरन तरकारी, चाखवी तथा थुकपा का स्वाद भी लोग ले सकेंगे। इसके साथ प्रतिदिन सांसकृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

## दूधेश्वरनाथ मंदिर में शुरू हुआ लड्डू महोत्सव

**गाजियाबाद।** गणपति की प्रतिमा स्थापना के साथ ही जस्सीपुरा मोड़ स्थित श्री दूधेश्वरनाथ मंदिर में लड्डू महोत्सव का शुभारंभ हो गया। मंदिर के मंहत नारायण गिरि महाराज के निर्देशन में शुभ मुहूर्त में भगवान शिव के पुत्र गणपति की प्रतिमा को स्थापित किया गया।

दूधेश्वरनाथ वेद विद्या पीठ के आचार्यों व छात्रों ने विधिवत मंत्रोच्चार के साथ महोत्सव का शुभारंभ किया।

श्रीश्रृंगार समिति के अध्यक्ष विजय मित्तल ने बताया कि प्रतिदिन गणपति भगवान को 11 सौ लड्डुओं का भोग लगाया जाएगा। नौ सितम्बर को श्रीगणपति विसर्जन यात्रा धूमधाम से निकाली जाएगी, जो दूधेश्वरनाथ मंदिर से होते हुए शहर के विभिन्न मार्गों द्वारा मुरादनगर पहुंचेगी।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादकः नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तो और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# हंगामे के बीच विस की कार्यवाही स्थगित

## ऑपरेशन लोटस की जांच सीबीआई से कराने की मांग पर आप और भाजपा विधायकों में हुई नोकझोंक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

विधानसभा की कार्यवाही बुधवार को सदन में भारी हंगामे के चलते बाधित होने के बाद गुरुवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। भाजपा के कथित ऑपरेशन लोटस की जांच सीबीआई द्वारा कराई जाने की मांग को लेकर आम आदमी पार्टी के विधायक सदन में नारेबाजी की। भाजपा ने मामले की सीबीआई जांच की मांग की है जिसका आप ने भी समर्थन किया।

विश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के लिए सदन की कार्यवाही बुधवार को जैसे ही शुरू हुई भाजपा विधायक विजेंद्र गुप्ता ने विधानसभा की उपाध्यक्ष राखी बिड़ला से उनके ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर गौर करने को कहा, जबकि आप की विधायक आतिशी ने भाजपा के कथित ऑपरेशन लोटस का मुद्दा उठाने की कोशिश की।

विपक्षी दल के विधायकों ने इसका विरोध किया। दोनों पक्षों के नारेबाजी करने पर बिड़ला ने सदन की कार्यवाही पूर्वाह्न साढ़े 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। विजेंद्र गुप्ता सरकारी स्कूलों में कक्षाओं के निर्माण में कथित भ्रष्टाचार के संबंध में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की मांग की।


विधानसभा के बाहर प्रदर्शन करते भाजपा के विधायक। फोटो: रंजन डिमरी

सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू होने पर गुप्ता ने बिरला से पूछा कि किस नियम के तहत उन्होंने आतिशी को अविश्वास प्रस्ताव के अलावा अन्य मुद्दों पर अपनी बात रखने की अनुमति दी। आतिशी ने आरोप लगाया कि भाजपा नारी विरोधी पार्टी है, क्योंकि उसके सदस्य एक महिला को अपनी बात नहीं रखने दे रहे, वह भी तब जब आसन पर मौजूद विधानसभा की उपाध्यक्ष खुद एक महिला हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा अपने ऑपरेशन लोटस के जरिए सरकार को गिराना चाहती है, जिसे अंजाम देने के तीन तरीके हैं। सीबीआई, ईडी, आयकर विभाग) का इस्तेमाल करना, सत्तापक्ष के विधायकों को डराना और उन्हें लालच देना। इससे पहले भाजपा ने संवाददाता सम्मेलन में कहा था कि 20 करोड़ रुपए की पेशकश किए जाने का दावा करने वाले आप के विधायकों का लाई डिटेक्टर टेस्ट कराना चाहिए।

### विधायकों को रुपये की पेशकश की फॉरेंसिक जांच होः भाजपा



**नई दिल्ली।** भाजपा ने आम आदमी पार्टी के विधायकों के उन आरोपों की फॉरेंसिक जांच कराने की मांग की, जिनमें उनकी ओर से दावा किया गया था कि राजधानी की प्रमुख विपक्षी पार्टी ने उन्हें पाला बदलने के लिए 20 करोड़ रुपयों की पेशकश की थी। भाजपा नेता ने यह भी कहा कि आरोप लगाने वाले विधायकों का लाइ डिटेक्टर टेस्ट भी कराया जाना चाहिए।

भाजपा सांसद मनोज तिवारी, रमेश बिधूड़ी और प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आप का भ्रष्टाचार-विरोधी पार्टी होने का दावा महज नाटक है। फॉरेंसिक जांच और लाई डिटेक्टर जांच से उसकी पोल खुल जाएगी। तिवारी ने कहा कि चूंकि आप नेताओं ने दावा किया है कि भाजपा ने उन्हें 20-20 करोड़ रुपए की पेशकश की है तो यह फॉरेंसिक जांच का विषय है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आरोप लगाया है कि आप के विधायकों को खरीदने की कोशिश की गई और इस सिलसिले में फोन आया था। अगर किसी का फोन आता है तो वह छिप नहीं सकता। क्यों वह फोन करने वाले के नाम का खुलासा नहीं कर रहे हैं। विधायकों की खरीद-फरोख्त के प्रयासों के खिलाफ वह क्यों कोई कानूनी कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। उन्होंने आप संयोजक को चुनौती दी कि वह केजरीवाल खुलासा करें कि फोन किसने किया था और आप के किस नेता के पास फोन आया था। इसकी जब तक जांच नहीं होगी, तब तक सच्चाई सामने नहीं आएगी। उनकी मांग है कि इस सिलसिले में जिन-जिन के पास फोन आया था उन सभी लोगों के फोन की जांच एजेंसी को करना चाहिए। प्रवेश वर्मा ने कहा कि आप विधायकों का लाइ डिटेक्टर टेस्ट कराया जाना चाहिए।

# आम आदमी पार्टी के डेढ़ घंटा धरना देने के बाद मिले सीबीआई के अधिकारी

● चुने हुए विधायकों को एक सामान्य शिकायत देने के लिए बैठा कर रखा : आतिशी


सीबीआई मुख्यालय के बाहर बैठे सासंद संजय सिंह और आप विधायक।

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी की सरकार और भाजपा के बीच घमासान बढ़ता जा रहा है। आरोप-प्रत्यारोप के बीच आप नेताओं का प्रतिनिधि मंडल बुधवार को सीबीआई मुख्यालय पहुंचा लेकिन सीबीआई अधिकारियों ने उनको मिलने का समय नहीं दिया। इसके बाद उन्होंने करीब डेढ़ घंटे तक धरना दिया। बाद में सीबीआई की ओर से शिकायत लेने के बाद धरना समाप्त हुआ।

विधायक आतिशी ने कहा कि घोटाले की शिकायत में भाजपा का नाम लेते ही सीबीआई के अधिकारी अपने कार्यालय में दुबक कर बैठ गए। चुने हुए विधायकों को सीबीआई ने एक सामान्य शिकायत देने के लिए डेढ़ घंटे सड़क पर बैठा कर रखा। ऐसा नजर आ रहा है कि सीबीआई भी ऑपरेशन लोटस का हिस्सा है। उन्हें वहां पर इस्तेमाल किया जाता है जहां पर सरकारें गिरानी हैं। उन्हें भरोसा है कि सीबीआई एक निष्पक्ष जांच एजेंसी है। वह भाजपा के ऑपरेशन लोटस की जांच करेगी। वह सीबीआई निदेशक से मिलने के लिए फिर समय मांगेगी। पार्टी के प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि पिछले कुछ सालों में 277 विधायक भारतीय जनता पार्टी ने तोड़े और भाजपा में मिलाए हैं। वह चाहते हैं कि इसकी जांच हो। पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने कहा कि विधायक जांच की मांग लेकर सीबीआई के पास आए हैं। लेकिन उन्हें सीबीआई निदेशक से मिलने नहीं दिया जा रहा। भाजपा का छोटा नेता भी आता है तो उसे सत्कार से बिठाते हैं।

# आप विधायकों का तीसरे दिन भी विधानसभा में प्रदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी के विधायकों ने लगातार तीसरे दिन विधानसभा में प्रदर्शन किया। विधायक आतिशी ने कहा कि भाजपा देश भर में राज्य सरकारों को गिराती रहती है। विधायकों को डरा- धमकाकर और करोड़ों रुपए ऑफर देकर सरकारों को गिराते हैं। भाजपा अब तक 277 विधायकों को खरीद चुकी है। 40 विधायकों को दिल्ली में खरीदने का प्लान था। विधायक दुर्गेश पाठक ने कहा कि भाजपा ने देश के 277 से ज्यादा विधायक खरीदने में 6300 करोड़ से ज्यादा खर्च किए हैं। इसकी जांच होनी चाहिए। भाजपा देशवासियों पर टैक्स, दूध-दही पर जीएसटी, पेट्रोल डीजल के दाम बढ़ाती है। इसका इस्तेमाल बाद में विधायक खरीदने में करती है।

### भाजपा ने पुतला जलाने की निंदा की

*नई दिल्ली। विधानसभा परिसर में आम आदमी पार्टी के विधायकों द्वारा भाजपा का पुतला जलाए जाने की नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने निंदा की और घटना को असंवैधानिक बताया। उन्होंने उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना की जानकारी देते हुए पत्र लिखा है और अनुरोध किया है कि वह विधानसभा सचिव से इस मामले में रिपोर्ट तलब करके उचित कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। बिधड़ी ने कहा है कि आजादी के बाद आज तक ऐसा नहीं हुआ कि विधानसभा के भीतर इस तरह की घटना हुई हो। यह असंवैधानिक होने के साथ-साथ विधानसभा भवन की सुरक्षा के लिए भी उचित नहीं है।*

# स्कूल निर्माण की लड़ाई सड़क पर आई

● भाजपा नेता गौरव भाटिया और आप के सौरभ सरेराह भिड़े

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली सरकार के शिक्षा मॉडल को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और आम आदमी पार्टी (आप) में आरोप-प्रत्यारोप और तेज हो गए हैं। आप ने राजधानी में जहां 500 स्कूलों के नवनिर्माणा का दावा किया है, वहीं भाजपा ने इन दावों को झूठ का पुलिंदा बताया है।

भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया बुधवार को दिल्ली के स्कूल गिनने पहुंचे तो उन्होंने आरेप लगाया कि पुराने स्कूलों को भी सरकार अपने निर्माण खाते में जोड़ रही है और केजरीवाल हवा-हवाई घोषणाएं कर रहे हैं। मौके पर मौजूद आप विधायक सौरभ भारद्वाज ने दावा किया भाटिया स्कूल के अंदर गए ही नहीं और अन्य स्कूल देखने को भी तैयार नहीं हुए। वह जबरदस्ती गाड़ी में बैठकर भाग गए। भाजपा नेता भाटिया ने कहा कि वह आप विधायक के कहने पर ग्रेटर कैलाश में दिल्ली सरकार द्वारा संचालित एक स्कूल पहुंचे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि भारद्वाज 500 नए स्कूलों की सूची नहीं दे सके, जिनका वह निर्माण का दावा कर रहे थे। हालांकि आप विधायक ने जवाब में कहा कि भाजपा प्रवक्ता ने उन स्कूलों का दौरा करने से मना कर दिया जिनका दिल्ली सरकार ने नवनिर्माण किया है। भाटिया ने आरोप लगाया कि आप विधायक ने मुझसे बुधवार को कौटिल्य स्कूल आने को कहा था। उन्होंने कहा था कि वह 500 नए स्कूलों की सूची सौंपेंगे। हालांकि जब मैं वहां पहुंचा तो आप विधायक सूची नहीं दे सके। भाटिया ने ट्वीट करके भी आप सरकार को 500 नए सरकारी स्कूलों की सूची सार्वजनिक करने की चुनौती दी। उन्होंने ट्विटर पर लिखा, अरविंद केजरीवाल, कृपया 500 नए स्कूलों की सूची सार्वजनिक कीजिए। दुनिया को पता चलना चाहिए कि ये स्कूल हैं भी या नहीं। आपने अपने चुनावी घोषणापत्र में वादा किया था।


सड़क पर सौरभ और गौरव की नोकझोंक होती हुई।

भारद्वाज ने कहा कि भाटिया ग्रेटर कैलाश के एक सरकारी स्कूल पहुंचे लेकिन वह अंदर नहीं घुसे और चल दिए। हमने उनसे एक और सरकारी स्कूल का दौरा करने का आग्रह किया जो निर्माणाधीन है।

गौरव भाटिया मौके पर पहुंचे, लेकिन इमारत पर नजर डाले बिना निकल गए। आप दिल्ली में सभी 500 नए स्कूल दिखाने को तैयार थी, लेकिन फिर उन्होंने केवल सूची मुहैया कराने को कहा।

# महिलाओं के खिलाफ 41 फीसदी अपराध बढ़े : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** महिलाओं के खिलाफ 41 फीसदी अपराधों में बढ़ोतरी के लिए केजरीवाल सरकार की शराब नीति जिम्मेदार है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने एनसीआरबी रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया कि राजधानी दिल्ली बलात्कार, यौन उत्पीड़न महिलाओं के मामले बढ़े हैं। आम आदमी पार्टी के संयोजक भ्रष्टाचार उन्मूलन का नारा देकर दिल्ली की सत्ता संभाली थी, लेकिन महिला अपराध और भ्रष्टाचार में दिल्ली पहले स्थान पर है। अनिल कुमार ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दिल्ली सरकार की नई आबकारी नीति लागू होने के बाद चौतरफा बढ़ते हुए अपराध के मामले स्पष्ट करते है कि सरकार दिल्ली वालों को सुरक्षा देने में पूरी तरह नाकाम साबित हुई है।



# अगस्त रहा सूखा, सितंबर के पहले सप्ताह भी बारिश की उम्मीद कम



● दिल्ली में पिछले 14 वर्ष में सबसे कम बारिश वाले माह के तौर पर दर्ज होगा अगस्त

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार को बारिश होने के कोई आसार नहीं हैं और अगर मौसम विभाग का यह पूर्वानुमान सही साबित होता है तो अगस्त का महीना दिल्ली में पिछले 14 वर्ष में सबसे कम बारिश वाले माह के तौर पर दर्ज हो जाएगा।

सफदरजंग वेधशाला के अनुसार, न्यूनतम तापमान 25.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, वहीं अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस के आस पास रहने की उम्मीद है। राष्ट्रीय राजधानी में अगले पांच-छह दिन बादल छाए रहेंगे लेकिन बारिश के आसार नहीं हैं। मौसम विशेषज्ञों ने कहा कि कम बारिश के लिए उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी पर बने कम दबाव के तीन क्षेत्र जिम्मेदार हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने कहा कि अगले पांच दिन उत्तर पश्चिम भारत में मॉनसून की गतिविधियां कम रहेंगी।

आईएमडी के आंकडों के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में पिछले वर्ष अगस्त में 214.5 मिमी, वर्ष 2020 में 237 मिमी और वर्ष 2019 में 119.6 मिमी बारिश हुई थी। स्काईमेट वेदर के अनुसार, अगस्त में उत्तर पश्चिमी बंगाल की खाड़ी पर कम दबाव के तीन क्षेत्र बनने और इनके ओडिशा, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान तथा दक्षिण पाकिस्तान की ओर जाने से इन इलाकों में अच्छी बारिश हुई।

# क्षेत्रीय दलों की भूमिका महत्वपूर्ण : हरिवंश


राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने वरिष्ठ पत्रकार, लेखक अकु श्रीवास्तव की किताब सेंसेक्स क्षेत्रीय दलों का विमोचन किया। साथ में सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री शत्रुघ्न सिन्हा, सांसद राजीव प्रताप रूढ़ी, संजय सिंह व अन्य।

● राज्यसभा के उपसभापति ने वरिष्ठ पत्रकार, लेखक अकु श्रीवास्तव की हिन्दी और अंग्रेजी में लिखी किताब सेंसेक्स क्षेत्रीय दलों का किया विमोचन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

देश में लंबे समय से क्षेत्रीय दलों की सशक्त मौजूदगी को रेखांकित करते हुए राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने कहा कि आजादी के बाद देश की राजनीतिक यात्रा और उसमें क्षेत्रीय दलों की भूमिका काफी महत्वपूर्ण रही है। राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने वरिष्ठ पत्रकार अकु श्रीवास्तव की पुस्तक सेंसेक्स क्षेत्रीय दलों का के हिंदी व अंग्रेजी संस्करण के विमोचन के अवसर पर कहा कि इसमें क्षेत्रीय दलों के साथ ही दक्षिण से लेकर उत्तर भारत तक की राजनीति के बारे में काफी रोचक जानकारियों को समेटा गया है। क्षेत्रीय दलों की भूमिका को बहुत महत्वपूर्ण बताते हुए आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने कहा कि लोकतंत्र को जीवित रखने के लिए क्षेत्रीय दलों का उभार जरूरी है।

आप की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि आज कई दल राष्ट्रीय पार्टी बनने की ओर अग्रसर हैं। एचडी देवगौड़ा की सरकार क्षेत्रीय दलों का बेहतर उदाहरण हैं जहां तीन सांसदों के साथ वह प्रधानमंत्री बने। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री शत्रुघ्न सिन्हा ने क्षेत्रीय दलों की मजबूती की जोरदार वकालत की। इस मौके पर अकु श्रीवास्तव ने कहा कि वर्ष 1967 में 8 राज्यों में क्षेत्रीय दलों की सरकारें थीं। साल 2013 में क्षेत्रीय दल आम आदमी पार्टी के दिल्ली में आने के बाद देश की राजनीति में अलग उछाल रहा है। पश्चिम बंगाल में टीएमसी के दबदबे को सब जानते हैं। पुस्तक में विलुप्त होती राजनीतिक पार्टियों का भी जिक्र है और कालखंड से भविष्य तक पुस्तक को पांच भागों में बांटा गया है। स्टॉक मार्केट की तरह राजनीति का का सेंसेक्स होता है। उसी तरह क्षेत्रीय दलों का भी सेंसेक्स होता है।

### किराएदार के भाई ने मकान मालिक को मारा चाकू

**नई दिल्ली।** संगम विहार इलाके में 23 वर्षीय एक व्यक्ति को उसके किराएदार के भाई ने कथित तौर पर चाकू मार दिया। पुलिस ने बताया कि उन्हें मंगलवार रात 11 बजकर 17 मिनट पर संगम विहार के ब्लॉक-एक से पीसीआर कॉल आई।

कॉल करने वाले ने बताया कि उसके किराएदार के भाई ने उसके पेट में चाकू से वार किया है। पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और संगम विहार के निवासी सोहन को घायल अवस्था में एम्स के ट्रामा सेंटर ले गई जहां उसका उपचार किया गया। पुलिस उपायुक्त बेनिटा मैरी जयकर ने कहा कि सोहम को चाकू मारने के कारण घाव लगे थे और टांके लगाने के बाद उसे छुट्टी दे दी गई। डीसीपी ने कहा कि आरोपी की पहचान शाहरुख (20) के रूप में की गई।

# कारोबारी की शिकायत पर हुई थी जुबैर की गिरफ्तारीः पुलिस

● कारोबारी का ट्विटर अकाउंट अभी बंद, पुलिस ने जांच में शामिल होने के लिए भेजा नोटिस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

ऑल्ट न्यूज के सह-संस्थापक मोहम्मद जुबैर की गिरफ्तारी माइक्रो ब्लॉगिंग साइट ट्विटर के जिस उपयोगकर्ता (यूजर) की वजह से हुई थी, वह दिल्ली में रहता है और रियल एस्टेट कारोबारी है।

हालांकि, पुलिस अधिकारियों ने कारोबारी का नाम सार्वजनिक नहीं किया। वे हनुमान भक्त नाम से चलाए जा रहे ट्विटर हैंडल बालाजीकीजय की पहचान सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कारोबारी के एक राजनीतिक दल से जुड़े होने के बारे में कोई सबूत नहीं है। जांच से जुड़े पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि पता चला है कि अनाम ट्विटर हैंडल 36 वर्षीय एक रियल एस्टेट कारोबारी संचालित कर रहा था, जो मूल रूप से राजस्थान के अजमेर का रहने वाला है और अभी दिल्ली के द्वारका में रहता है।

अधिकारी ने कहा कि ट्विटर के जवाब के बाद एक आईपी एड्रेस का उपयोग करते हुए पुलिस ने उसका पता लगाया और उसे जांच में शामिल होने के लिए औपचारिक नोटिस भेजा।

# राजधानी में खुला देश का पहला वर्चुअल स्कूल

● नीट, जी और सीयूईटी जैसी परीक्षाओं के लिए तैयार होंगे छात्र

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली में देश का पहला वर्चुअल स्कूल बुधवार से शुरू हो गया है। देश कि किसी भी कोने में रहने वाले छात्र इस स्कूल में दाखिला लेने के लिए आवेदन दे सकते हैं। दिल्ली मॉडल वर्चुअल स्कूल में नौवीं से बारहवीं कक्षाओं तक के छात्र पढ़ाई कर सकेंगे। इसमें नीट, सीयूईटी तथा जेईई की परीक्षाओं की तैयारी कराने के साथ-साथ कौशल आधारित अन्य प्रशिक्षण भी दिए जाएंगे। वर्चुअल स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। इसमें शिक्षा सत्र 2022-23 के लिए 9वीं क्लास में दाखिले के लिए बुधवार से छात्र-छात्राएं आवेदन कर सकते हैं। इसमें सभी कक्षाएं ऑनलाइन होंगी। जो बच्चे ऑनलाइन क्लास नहीं कर पाएंगे, उनके लिए क्लास को रिकार्ड में डाल दिया जाएगा, ताकि वे जब भी उनके पास समय हो अपनी क्लास देख सकें। देश के किसी भी कोने में रहने वाला 13 से 18 साल का कोई भी छात्र, जिसने मान्यता प्राप्त स्कूल से 8वीं की पढ़ाई पूरी की है, वो वेबसाइट www.dmvs.ac.in पर जाकर आवेदन कर सकता है। हर बच्चे को एक आईडी व पासवर्ड दिया जाएगा, जिससे लॉगिन कर वो ऑनलाइन कक्षा में शामिल हो सकता है। साथ ही, रिकॉर्डेड वीडियो, सप्लीमेंट्री लर्निंग मटेरियल, ट्यूटोरियल आदि एक्सेस भी कर सकता है।



मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि गांव में स्कूल नहीं होने या बचपन में ही काम पर लग जाने के कारण बहुत सारे बच्चे स्कूल नहीं जा पाते हैं। ऐसे आखरी से आखरी बच्चे तक शिक्षा पहुंचाने के लिए उन्होंने यह वर्चुअल स्कूल शुरू किया है। मुख्यमंत्री आज दिल्ली से शिक्षा के क्षेत्र में बहुत बड़ी क्रांति की शुरुआत हुई है। इसके लिए केजरीवाल सरकार ने आज दिल्ली में देश का पहला वर्चुअल स्कूल शुरू किया है। इसकी घोषणा करते हुए सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि इसका नाम दिल्ली मॉडल वर्चुअल स्कूल रखा गया है और इसमें 9वीं से 12वीं तक पढ़ाई होगी। शिक्षा के क्षेत्र में यह बहुत बड़ा क्रांतिकारी कदम साबित होगा और आने वाले समय में देश के हर बच्चे को अच्छी से अच्छी शिक्षा मिलेगी। केजरीवाल ने बताया कि दिल्ली बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन कुछ दिन पहले बनाया था। बहुत सारे बच्चे ऐसे हैं, जो स्कूलों में नहीं जा पाते हैं। उन सब बच्चों के लिए यह स्कूल लाभदायक होगा। वर्चुअल स्कूल में बच्चों को स्किल आधारित तैयारी भी कराई जाएगी, ताकि बच्चे पार्ट टाइम प्रोफेशन भी कर सकें। अलग-अलग विषयों की अलग-अलग तैयारी करवाई जाएगी। स्किल आधारित तैयारियां भी कराई जाएगी। ताकि जो बच्चे इसके साथ-साथ कुछ व्यवसाए भी करना चाहें, तो वो पार्ट टाइम प्रोफेशन भी कर सकते हैं।


**रोटोग्राफिक्स (इंडिया) लिमिटेड**
**सीआईएन : एल74899डीएल1976पीएलसी008036**
**पंजी. कार्यालय : यूनिट नं. 8 भूतल, पॉकेट एम, सरिता विहार, नई दिल्ली 110076**
**वेबसाइट : www.rotoindia.co.in ई–मेल : info@rotoindia.co.in दूरभाष : 011–47366600**

वार्षिक सामान्य बैठक की सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि रोटोग्राफिक्स (इंडिया) लिमिटेड (''दि कम्पनी'') के सदस्यों की 47वीं वार्षिक सामान्य बैठक (''एजीएम'') का आयोजन बृहस्पतिवार, 29 सितंबर 2022 को पूर्वा. 10.30 बजे, एजीएम की सूचना में सूचीबद्ध व्यवसायों के निष्पादन हेतु, कम्पनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों और तद्धीन विरचित नियमों तथा सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के साथ पठित कार्पोरेट मंत्रालय ("एमसीए") सर्कुलर दिनांकित 8 अप्रैल, 2020 तथा 13 अप्रैल, 2020 तथा 5 मई, 2020 तथा 13 जनवरी, 2021 तथा 5 मई, 2022 (सामूहिक रूप से एमसीए सर्कुलर्स कहे गए हैं) और सेबी सर्कुलर दिनांकित 12 मई, 2020 तथा 15 जनवरी, 2021 तथा 13 मई, 2022 के अनुसार वीडियो कांफ्रेंसिंग ('वीसी')/अन्य ऑडियो–विजुअल मीन्स ('ओएवीएम') (''बैठक'') के माध्यम से किया जाएगा। कम्पनी के वित्तीय वर्ष 2021–22 के वार्षिक प्रतिवेदन ('वार्षिक प्रतिवेदन') तथा वार्षिक लेखा के साथ एजीएम की सूचना की इलेक्ट्रॉनिक प्रति सदस्यों को डिपॉजिटरीज/कम्पनी के साथ पंजीकृत मेल पतों पर इलेक्ट्रॉनिक विधि से प्रेषित कर दी गयी है। इन प्रलेखों को कम्पनी की वेबसाइट लिंक www.rotoindia.co.in तथा स्टॉक एक्सचेंज, जहां कम्पनी के शेयर सूचीबद्ध हैं, नामतः बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com से भी डाउनलोड किया जा सकता है। सदस्यगण, जो कट–ऑफ तिथि अर्थात् बृहस्पतिवार, 22 सितंबर 2022 को, भौतिक अथवा डीमैट प्रारूप में अंशों का धारण किए हुए हैं, वे www.evoting.nsdl.com पर एनएसडीएल के इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक विधि से अपना मतदान कर सकेंगे।

सदस्यों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि :

1. एजीएम की सूचना में निर्धारितानुसार व्यवसाय का कार्य–निष्पादन दूरस्थ ई–मतदान के माध्यम से अथवा एजीएम में उपलब्ध ई–मतदान प्रणाली द्वारा किया जा सकता है।
2. दूरस्थ ई–मतदान अवधि का प्रारंभ सोमवार, 26 सितंबर 2022 को पूर्वा .9.00 बजे तथा समापन बुधवार, 28 सितंबर 2022 को अप. 5.00 बजे होगा। दूरस्थ ई–मतदान प्रक्रिया हेतु कट–ऑफ तिथि बृहस्पतिवार, 22 सितंबर 2022 है।
3. कम्पनी के सदस्यों की पंजिका तथा अंश अंतरण बहियां 23 सितंबर 2022 से लेकर 29 सितंबर 2022 (दोनों दिन सम्मिलित) तक बंद रहेंगी।
4. दूरस्थ ई–मतदान प्रतिदर्श को एनएसडीएल द्वारा 28 सितंबर 2022 को अप. 5.00 बजे के उपरान्त अयोग्य कर दिया जाएगा और सदस्य द्वारा किसी संकल्प पर एक बार मतदान कर दिए जाने पर उसे बाद में इसको बदलने की अनुमति प्रदान नहीं होगी। मतदान की सुविधा एजीएम की समयावधि में भी उपलब्ध करायी जाएगी और वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से एजीएम में उपस्थित रहनेवाले सदस्यों, जिन्होंने दूरस्थ ई–मतदान के माध्यम से संकल्पों पर अपना मतदान नहीं किया है, वे एजीएम में ई–मतदान प्रणाली के माध्यम से मतदान करने हेतु ग्राह्य होंगे। सदस्यगण जिन्होंने एजीएम से पूर्व दूरस्थ ई–मतदान द्वारा अपना मतदान किया है, वे भी वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से एजीएम में उपस्थित हो सकते है, परन्तु वे पुनः अपना मतदान करने के अधिकारी नहीं होंगे। केवल वे व्यक्ति जिनका नाम कट–ऑफ तिथि के अनुसार डिपॉजिटरीज द्वारा अनुरक्षित लाभप्रद स्वामियों की पंजिका में अथवा सदस्यों की पंजिका में अभिलेखित है, वे दूरस्थ ई–मतदान अथवा एजीएम में ई–मतदान की सुविधा प्राप्त करने के अधिकारी होंगे।
5. कोई व्यक्ति, जो एजीएम की सूचना के प्रेषणोपरान्त परन्तु कट–ऑफ तिथि बृहस्पतिवार, 22 सितंबर 2022 से पूर्व अंशों का उपार्जन करता है और कम्पनीका सदस्य बनता है, वह evoting@nsdl.co.in, info@skylinerta.com अथवा info@rotoindia.co.in. एक अनुरोध भेजकर दूरस्थ ई–मतदान हेतु प्रयोक्ता आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है।
6. एजीएम से पूर्व तथा इसकी समयावधि में दूरस्थ ई–मतदान हेतु विस्तृत प्रक्रिया एजीएम की सूचना की टिप्पणियों में उपलब्ध करायी गयी है।
7. सदस्यगण जिन्हें एजीएम से पूर्व अथवा इसकी समयावधि में सहायता की आवश्यकता है, वे evoting@nsdl.co.in /1800-1020-990 तथा 1800 224 430 पर एनएसडीएल से अथवा सुश्री पल्लवी म्हात्रे, प्रंबधक अथवा सुश्री सोनी सिंह, सहायक प्रबंधक, नैशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड से evoting@nsdl.co.in अथवा pallavid@nsdl.co.in अथवा SoniS@nsdl.co.in पर सम्पर्क कर सकते हैं

निदेशक मंडल के आदेश द्वारा
कृते रोटोग्राफिक्स (इंडिया) लिमिटेड
हस्ता./–
अंकित बंसल
कम्पनी सचिव

दिनांक : 31–08–2022
स्थान : नई दिल्ली

# सामूहिक इच्छा मृत्यु के लिए किसानों ने सचिवालय को घेरा

## किसान जमीन अधिग्रहण के विरोध में मांग रहे हैं इच्छा मृत्यु

## राजीव चौक से लेकर सचिवालय तक किसानों ने किया प्रदर्शन



गुरुग्राम में सामूहिक इच्छा मृत्यु की मांग को लेकर लघु सचिवालय का घेराव करने जाते किसान।



गुरुग्राम में किसानों के प्रदर्शन के दौरान उन्हें रोकने के लिए तैनात पुलिस।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**मानेसर** क्षेत्र के कासन समेत करीब 25 गांव के किसानों ने 1810 एकड़ जमीन अधिग्रहण के विरोध में बुधवार को किसानों ने शहर में आकर विरोध प्रदर्शन किया। किसानों ने जमीन अधिग्रहण के मामले में प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति से सामूहिक इच्छा मृत्यु की गुहार लगाई।

जमीन बचाओ किसान बचाओ संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने प्रदर्शन के दौरान कहा कि सरकार किसानों की कोई भी बात सुनने को तैयार नहीं है। कई बार प्रयास किया कि सरकार किसानों से बात करे। किसानों की मांग को पूरा करें। जमीन बचाओ किसान बचाओ संघर्ष समिति के नेताओं ने कहा कि जिस जमीन को भाजपा की खट्टर सरकार हमसे छीन रही है। उस जमीन की कीमत 12 से 15 करोड़ प्रति एकड़ है, जबकि सरकार उन्हें 2010 का अधिग्रहण कानून बताकर मात्र 91 लाख रुपए प्रति एकड़ देना चाहती है। किसान बचाओ समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि मुख्यमंत्री ने किसानों के सामने जो प्रस्ताव रखा। वह हैरान करने वाला प्रस्ताव है। मुख्यमंत्री चाहते हैं कि किसान सरकार से 400 गज जमीन खरीदे जिसे सरकार 16 हजार रुपए प्रति गज के हिसाब से किसानों को देगी। सरकार यह भी कह रही है कि यही जमीन सरकार उनसे 30 हजार रुपए प्रति गज के हिसाब से वापस भी ले लेगी।

किसानों का कहना है कि मुख्यमंत्री किसानों के साथ इस तरह की डीलिंग का काम करेंगे, कभी सोचा भी नहीं था। किसानों ने मुख्यमंत्री के इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया है। अब फैसला लिया है कि किसान किसी भी हालत में अपनी जमीन पर कब्जा नहीं होने देंगे। ना ही कोई किसान सरकार द्वारा दिया जाने वाला मुआवजा उठाएगा और ना ही कोई किसान अब सरकार की कोई बात मानेगा।

### 25 गांव में भाजपा और जजपा के सभी नेताओं का करेंगे बहिष्कार

**किसान** समिति के सभी पदाधिकारियों ने निर्णय लिया है कि अब 25 गांव में भाजपा और जजपा के सभी नेताओं का बहिष्कार करेंगे। किसी भी नेता को हम अपने गांव में घुसने तक नहीं देंगे।

किसानों ने यह भी कहा कि इस तरह की नौबत ना आए, इसलिए अब हम सभी किसान प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति से इच्छा मृत्यु देने की गुहार लगा रहे हैं। प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति या तो हमें हमारी जमीन वापस दे दे या फिर हमें सामूहिक इच्छा मृत्यु का आदेश दे। इस दौरान सचिवालय का घेराव करके बैठे किसानों से बात करने उपायुक्त निशांत कुमार यादव पहुंचे। किसानों से बात की और उनसे उनका मांग पत्र लेने के बाद सरकार तक किसानों की बात पहुंचाने का पूर्ण आश्वासन दिया। इसके बाद किसान सरकार के विरोध में नारेबाजी करते हुए वापस अपने धरना स्थल पर लौट गए।

## संक्षिप्त-समाचार

### पुरानी पेंशन बहाली को शिक्षकों ने चलाया हस्ताक्षर अभियान



**गुरुग्राम।** पुरानी पेंशन बहाली व लंबे अरसे से लंबित पड़ी समस्याओं को लेकर अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने पूरे देश में आंदोलन के लिए कमर कस ली है। राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के संरक्षक व अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के राष्ट्रीय सचिव विनोद ठाकरान ने बताया कि अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ 2500000 शिक्षकों का देश में सबसे बड़ा एकमात्र संगठन है जो पुरानी पेंशन बहाली को लेकर पिछले काफी समय से देशव्यापी आंदोलन चला रहा है। श्री ठाकरान ने बताया कि एक अप्रैल 2004 के बाद नियुक्त शिक्षक व कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना से वंचित कर दिया गया है तथा एक नई पेंशन योजना लागू कर दी जो शिक्षक एवं कर्मचारियों के हित में नहीं है, जिससे पूरे देश का शिक्षक एवं कर्मचारी वर्ग आक्रोशित है। राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ हरियाणा 421 के प्रदेश महासचिव तरुण सुहाग ने बताया कि 31 अगस्त तक पूरे राज्य में पुरानी पेंशन को लागू करने के लिए 31 अगस्त तक हर स्कूल में जाकर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया।

### नॉर्थ इंडिया कराटे चैंपियनशिप में हरियाणा पहले स्थान पर



**गुरुग्राम।** 27-28 अगस्त को नॉर्थ इंडिया कराटे चैंपियनशिप का आयोजन महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी रोहतक में हुआ, जिसमें 8 राज्यों के 400 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। पहले स्थान पर हरियाणा दूसरे स्थान पर उत्तर प्रदेश और तीसरे स्थान पर राजस्थान रहा। गुरुग्राम जिले से 70 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। जिन्होंने अपने कैटेगरी और विभिन प्रकार के इवेंट में चयनित होकर आठ स्वर्ण पदक में नेहा शर्मा 12 साल, आयुष कुमार 10 साल, तूलिका यादव 13 साल, सलोनी 13 साल, अंचल सैनी 10 साल, विवान कटारिया 8 साल, आरव सिंह 11 साल, अश्विक सिंगला 6 साल में जीते। रजत पदक में प्रतीक यादव 15 साल, वंशज 10 साल, आराध्य सिंह बेनीवाल 7 साल, अदिति सैनी 10 साल, सागर 14 साल शिवम 10 साल, अविका सेठी 13 साल, पार्थ मनचंदा 11 साल, आनंदिता सशीडर 14 साल में जीते और 22 कांस्य पदक में संचित 11 साल सबनम 20 साल व्रत 15 साल, मोहित 14 साल, आशिका गोधारा 13 जीते। गुरुग्राम कराटे डू एसोसिएशन के महासचिव व स्पोर्ट्स कमीशन सेक्रेटरी ऑफ इंडिया शिहान सुनील सैनी और प्रेसिडेंट एशियन जज, खेलो इंडिया रेफरी शिहान राजकुमार ने दी। सुषेण छतरी, पवन सोनी, गौरव धवन, मान सिंह, समता, रविन्द्र पाल, कुलवंत सिंह, मनोज किडवाल, अजय, लकी मनिदास, ऑरुन नागर, प्रतिभा नागर सभी ने खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया।

# अरावली पहाड़ी में प्रतिबंध के बावजूद अवैध निर्माण धड़ल्ले से

## ठेकेदार चोर रास्तों से लाते हैं निर्माण सामग्री

एन रोहिल्ला। सोहना



सोहना से लगतीं अरावली पहाड़ी में अवैध निर्माण जारी।

**नगर** परिषद के वार्ड एक के गांव रायसीना से लगती अरावली पहाड़ी में अवैध निर्माण कार्य थमने का नाम नहीं ले रहा है। अवैध निर्माण करने वाले ठेकेदार चोरी छिपे कच्चे रास्तों से भवन निर्माण सामग्री पहुंचाने तक की जिम्मेदारी लेते हैं।

एनजीटी से हाईकोर्ट और देश की सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अरावली पहाड़ी में अवैध निर्माण पर लगाए गए प्रतिबंध के बावजूद कार्य जारी है। वर्तमान समय में रायसीना से लगती अरावली पहाड़ी में तीन से चार फार्म हाउस में पक्की चार दीवार और भवन निर्माण के कार्य चल रहे हैं। अवैध निर्माण कार्य करने वाले ठेकेदार पूरी सजगता से अवैध निर्माण को अंजाम दे रहे हैं।

ठेकेदार के गुर्गे बाइक और स्कूटी से अरावली पहाड़ी में बनी सड़कों पर पूरा दिन घूमते हुए यहां आने वाले प्रत्येक वाहन पर नजर रखते हैं। जैसे ही उन्हें प्रशासनिक अधिकारी होने का अंदेशा होता है। वे तुरन्त ठेकेदार को फोन पर सूचना देकर निर्माण कार्य रुकवा देते हैं। मजदूरों को दायें-वायें छिपा देते हैं। इतना ही नहीं मौके पर पड़ी निर्माण सामग्री को त्रिपाल डालकर ढक देते हैं।

### चोर रास्तों से आती है भवन निर्माण सामग्री

**अरावली** में भवन और चार दीवार का निर्माण करने वाले ठेकेदार जिला नूंह के गांव चहालका, सूंध, मोहम्मदपुर अहीर व अन्य गांव के निवासी हैं। जो फार्म हाउस मालिक से निर्माण करने के साथ-साथ सामग्री लेकर आने तक का ठेका लेते हैं। ताकि चोर रास्तों से रात या दिन के समय में निर्माण सामग्री ला सकें। हालांकि नगर परिषद सोहना ने अरावली पहाड़ी में जाने वाले दो मुख्य मार्गों के शुरुआत में 24 घंटे के नाके लगाए हुए हैं। जिस पर नगर परिषद हर माह एक लाख के करीब खर्च करती है।

### अवैध खनन

**अरावली** में भवन या चार दीवारी अवैध निर्माण के साथ-साथ अवैध खनन भी होता है। जिससे फार्म हाउस की चार दीवारी निर्माण में उपयोग लिया जाता है। चार दीवारी की नींव खुदाई और जमीन को समतल करने की आड़ में अवैध खनन होता है। इस कार्य को जेसीबी चलाकर अंजाम दिया जाता है।

**अदालत को दी जाती है सूचना :** नगर परिषद के एसडीओ राजनाल का कहना है कि नगर परिषद की तरफ से निर्माण कार्यों की सूचना सबूत के आधार पर प्रत्येक तारीख पर दी जा रही है। स्टे होने के कारण अवैध निर्माण पर नोटिस जारी नहीं किया जा सकता। परिषद की टीम अरावली में निरीक्षण करके अवैध निर्माण पर निगरानी करती रहती है।

## बिजली का करंट लगने से डंपर चालक की मौत

**सोहना।** जीडी गोयनका यूनिवर्सिटी में मिट्टी गिराने के दौरान डंपर में बिजली का करंट आने से 28 वर्षीय चालक की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। बुधवार को जीडी गोयनका यूनिवर्सिटी परिसर में मिट्टी से भरत करने का कार्य कर चल रहा था। बुधवार सुबह 11 बजे शौकीन निवासी मोहम्मदपुर गुर्जर थाना शहर सोहना डंपर में भरी मिट्टी को खाली कर रहा था। डंपर का हिस्सा ऊपर से जा रही बिजली की लाइन से टकरा गया। करंट लगने से शौकीन नीचे आ गिरा। शौकीन को गंभीर हालत में नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया। जहां डॉक्टरों ने शौकीन को मृत घोषित कर दिया है। शौकीन गांव सांप की नंगली निवासी महीपाल के डंपर पर नौकरी करता था।

# हर त्योहार हमें एकता व भाईचारे का देता है संदेश: नवीन गोयल



गुरुग्राम के बलदेव नगर में गणेश उत्सव में पूजा करते नवीन गोयल व अन्य।

## बलदेव नगर में गणपति जी के पंडाल में पहुंचकर की पूजा

## सभी को गणेश उत्सव की दी बधाई एवं मंगल कामनाएं

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गणपति** बप्पा मोरया...के जयकारों के साथ बुधवार से गणेश उत्सव शुरू हो गया। शहर में जगह-जगह पर पंडाल सजाकर भगवान गणेश जी की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। बलदेव नगर में गणेश उत्सव कार्यक्रम में भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापना कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल पहुंचे और गणेश जी को नमन किया। इस दौरान उन्होंने सभी को गणपति उत्सव की बधाई दी।

गणेश उत्सव कार्यक्रम में आयोजकों की ओर से नवीन गोयल का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर जेपी गुलिया, राजेश गुलिया, रोहित पन्नू, दर्पण, राजन, दिंगतो, देव, विश्वरंजन समेत अनेक लोग मौजूद रहे। गणेश जी के पूजन के बाद श्रद्धालुओं के बीच अपने संबोधन में नवीन गोयल ने कहा कि हमारा देश अलग-अलग संस्कृतियों, त्योहारों का देश है। त्योहार में एकता और भाईचारे की भावना का संदेश देते हैं। इसलिए हम सब मिलकर एक-दूसरे के त्योहार भी सेलिब्रेट करते हैं। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम में देश के लगभग सभी राज्यों के लोग रहे हैं। यहां मजदूरी से लेकर उच्च पदों पर लोग काम करते हैं। जब त्योहार मनाने की बारी आती है तो सभी एक मंच, एक स्थल पर एकत्रित नजर आते हैं। चाहे गणेश चतुर्थी या छठ पूजा या फिर किसी अन्य राज्य का कोई त्योहार हो। सभी आपसी प्रेमभाव के साथ त्योहार मनाते हैं। नवीन गोयल ने कहा कि यही हमारे देश की संस्कृति है। हम सुख-दुख में एक साथ खड़े नजर आते हैं। उन्होंने कहा कि हर क्षेत्र, हर वर्ग के व्यक्ति में एक-दूसरे के प्रति आदर की भावना होनी चाहिए।

## उधार पैसे मांगने पर सब्जी विक्रेता को पीटकर अधमरा किया

**सोहना।** गांव लाखूवास में उधार दी गई सब्जी के पैसे मांगने पर आरोपी ने दो दोस्तों के साथ मिलकर रेहड़ी पर सब्जी बेचने वाले से मारपीट कर उसे घायल कर दिया। परिजनों ने उसे नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया। पुलिस ने पीड़ित सब्जी विक्रेता की शिकायत पर एक नामजद समेत तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। शहर के वार्ड -8 की दुर्गा कॉलोनी निवासी बबली ने शहर थाना पुलिस को बताया कि वह रेहड़ी पर सब्जी बेचता है। सोमवार को सब्जी बेचता हुआ वह गांव लाखूवास पहुंच गया। वहां सुबोध उर्फ रऊआ के घर के निकट सब्जी बेच रहा था। उस समय सुबोध की पत्नी और उसका छोटा भाई दरवाजे पर खड़े थे। जिन्होंने सब्जियों के भाव पूछे। इसी दौरान उसने सुबोध को उधार दी सब्जी के पैसे मांग लिए। उन्होंने पैसे न देकर उल्टा सुबोध से उसकी शिकायत कर दी। वह कॉलोनी के बाहर रेहड़ी लगाकर खड़ा था। इसी दौरान सुबोध के साथ आए दो युवकों ने उससे मारपीट कर दी। तीनों ने उसके ऊपर लात-घूसों से इतने हमले किए कि वह अधमरा होकर जमीन पर गिर गया। शोर सुनकर आसपास से आए लोगों ने उसे बचाया। लेकिन जाते समय आरोपी जान से खत्म कर देने को धमकी देकर चला गया।

# अवैध खनन रोकने को लेकर टास्क फोर्स की बैठक करने के निर्देश

## मुख्य सचिव संजीव कौशल की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ली बैठक

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**हरियाणा** के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने बुधवार को प्रदेश में अवैध माइनिंग रोकने को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला उपायुक्तों के साथ बैठक की। इस बैठक में उन्होंने अवैध माइनिंग रोकने को लेकर जिला उपायुक्तों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए उन्हें इस दिशा में गंभीरता से कार्य करने के लिए कहा।

गुरुग्राम में इस बैठक में उपायुक्त निशान्त कुमार यादव सहित डीसीपी उपासना, माइनिंग अधिकारी अनिल कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में मुख्य सचिव ने जिला उपायुक्तों को अवैध माइनिंग रोकने के लिए समय-समय पर जिला स्तरीय टास्क फोर्स कमेटी की बैठक करने के निर्देश दिए। जिला स्तरीय इस कमेटी के चेयरमैन उपायुक्त है, जबकि अन्य सदस्यों में संबंधित जिले के एसपी, माइनिंग अधिकारी, हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी, जिला वन अधिकारी सहित आरटीओ विभाग



गुरुग्राम में अवैध माइनिंग रोकने को लेकर बैठक में मौजूद अधिकारी।

के सदस्य गण शामिल है। मुख्य सचिव ने कहा कि जिला उपायुक्त अपने अपने क्षेत्र में अवैध माइनिंग रोकने को लेकर नियमित रूप से संदिग्ध क्षेत्रों में वीडियोग्राफी तथा ड्रोन सर्वे करवाते रहे। बैठक में पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से उन्होंने स्टेट टास्क फोर्स कमेटी तथा जिला स्तर पर गठित टास्क फोर्स कमेटी की भूमिका व उत्तरदायित्व के बारे में अवगत करवाया। इसके साथ ही बैठक में स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर्स के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि अवैध माइनिंग रोकने को लेकर राज्य सरकार गंभीर है और इस पर कड़ी नजर बनाए हुए हैं इसलिए जिला उपायुक्त इस पर कड़ी निगरानी रखें। उन्होंने जिलावार अवैध माइनिंग रोकने को लेकर किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की।

बैठक उपरांत अवैध माइनिंग रोकने को लेकर जिला गुरुग्राम में किए गए कार्यों के बारे में जानकारी देते हुए माइनिंग अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि जिला गुरुग्राम कहीं भी माइनिंग की अनुमति नहीं है और यहां पर दो क्रेशर जोन नौरंगपुर तथा रायसिना में है। जिला में उप मंडल स्तर पर भी एसडीएम की अध्यक्षता में अवैध माइनिंग रोकने को लेकर कमेटी गठित की गई है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2022 में जनवरी माह से लेकर 30 अगस्त तक 35 वाहनों को सीज किया गया है। इसके अलावा इस अवधि के दौरान 23 एफआईआर तथा शिकायतें भी दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि जिला में अवैध खनन गतिविधियों में संलिप्त 35 वाहनों पर 56 लाख 89 हजार 892 रुपये की राशि का जुर्माना लगाया गया है।

# पढ़ाई के साथ धाकड़ बनकर नशा भी रोकेंगे शिक्षक

## शिक्षकों को धाकड़, सीनियर धाकड़ नोडल अधिकारी का दिया नाम

## गुरुग्राम में ड्रग्स की तस्करी व बिक्री पर रोक लगाने को चलेगी मुहिम

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम



**नशा** रोकने के लिए अब शिक्षण संस्थानों के शिक्षकों का सहारा लिया जाएगा। इसके लिए उन्हें धाकड़ और सीनियर धाकड़ नोडल अधिकारी का नाम दिया गया है। जिला प्रशासन नशे की बुराई को नियंत्रित करने व जिला में नशीले पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए मुहिम चलाएगा।

जिला में स्कूलों के आस-पास तंबाकू तथा गुटके की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया जाएगा। स्कूलों के 100 मीटर दायरे में तंबाकू तथा गुटका बेचने वाली दुकानें नहीं होगी। इसके लिए स्कूल के प्राचार्य की जिम्मेदारी निर्धारित करते हुए उसे धाकड़ नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा और विद्यालय के किसी एक अध्यापक को सीनियर धाकड़ तथा विद्यार्थियों में से कुछ विद्यार्थियों को धाकड़ नियुक्त किया जाएगा। ये धाकड़ नोडल, सीनियर धाकड़ तथा विद्यार्थी धाकड़ यह निगरानी रखेंगे कि अपने स्कूल परिसर के 100 मीटर दायरे में तंबाकु उत्पाद तथा गुटके आदि बिक्री की दुकानें ना हों और यदि कोई दुकान खोली जाती है तो उसके बारे में प्रशासन को तत्काल सूचित करेंगे ताकि उस पर कार्रवाई की जा सके। इसके लिए जिला स्तर, उपमण्डल स्तर तथा ग्राम स्तर पर मिशन टीमें गठित की जाएंगी।

उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने चिन्हित अपराध से संबंधित बैठक में कहा कि इस मुहिम में सभी सरकारी तथा निजी स्कूल शामिल होंगे। ग्राम स्तर से जिला स्तर तक बनाई जाने वाली मिशन टीमें अपने-अपने कार्य क्षेत्र में लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करेंगी और नशीले पदार्थों की तस्करी या बिक्री करने वाले व्यक्तियों के बारे में जिला प्रशासन को सूचित करेंगी।

### शहरी क्षेत्रों में हर वार्ड के स्तर पर बनेगी टीम

**उन्होंने** कहा कि जिला में ड्रग्स अर्थात नशीले पदार्थों की तस्करी, बिक्री व प्रयोग आदि पर निगरानी रखने के लिए जिला स्तर, उपमण्डल स्तर व ग्राम स्तर पर मिशन टीमों का गठन किया जाएगा। शहरी क्षेत्रों में हर वार्ड के स्तर पर एक टीम होगी। जिला मिशन टीम में कम से कम 9 सदस्य होंगे और इसमें पुलिस के अधिकारियों को भी शामिल किया जाएगा। पुलिस के नारकोटिक्स सैल के डीएसपी को भी सदस्य बनाया जाएगा। इसके अलावा, सिविल सर्जन, जिला न्यायवादी, जिला ड्रग्स नियंत्रक, जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सदस्य सचिव व चीफज्यूडिशियल मैजिस्ट्रेट, जिला शिक्षा अधिकारी और जिला समाज कल्याण अधिकारी को शामिल किया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि मिशन टीमों को गठन करके इन्हें ट्रेनिंग भी दी जाएगी, ताकि उन्हें पता हो कि उन्हें क्या काम करना है। उन्होंने कहा कि जो इस बुराई के शिकार हो गए हैं, उनका ईलाज व पुनर्वास करवाना है।

### ग्राम से राज्य स्तर पर 5 स्तरों पर बनेंगी टीमें

एक्शन प्लान के अंतर्गत ग्राम स्तर से लेकर राज्य स्तर तक 5 स्तरों पर मिशन टीमें गठित होंगी। इनमें ग्राम मिशन टीम, क्लस्टर मिशन टीम, सब डिवीजन मिशन टीम, डिस्ट्रिक्ट मिशन टीम और स्टेट मिशन टीम शामिल हैं। बैठक में अपराध से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया गया, जिसमें मुख्य रूप से पोक्सो एक्ट, महिलाओं तथा समाज के कमजोर तबके के खिलाफ अपराध की मॉनिटरिंग, अनुसूचित जाति व जनजाति अधिनियम के तहत चल रहे मामले शामिल थे।

## महिलाओं को सशक्त बनाने को ट्रस्ट प्रयासरत

**फरीदाबाद।** महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए श्रीजा वेलफेयर सोसायटी लगातार प्रयासरसत है और यही कारण है कि कई जगह छात्राओं व महिलाओं को सोसायटी द्वारा प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। यह बात श्रीजा वेलफेयर सोसायटी की अध्यक्ष निधि अग्रवाल ने व्यक्त किए।

वे साईं धाम में संस्था द्वारा शहर के विभिन्न कॉलेजों व साईं धाम की छात्राओं के लिए आयोजित ब्राइडल वर्कशॉप के दौरान संबोधित कर रही थीं। इस मौके पर प्रसिद्ध मेकअप आर्टिस्ट सोनम रात्रा ने छात्राओं को प्रशिक्षण दिया। प्रमुख रूप से साईं धाम की ओर से प्रिंसीपल वीनू शर्मा के अलावा माधवी येडला, डिंपल, सुनीता, दिव्यांशी आदि मौजूद रहे। निधि अग्रवाल ने कहा कि श्रीजा वेलफेयर सोसायटी द्वारा कई महिलाओं के उत्थान के लिए कार्य किए जा रहे हैं क्योंकि आज भी युवतियों का एक बड़ा वर्ग ऐसा है जिन्हें सहयोग की जरूरत है और हमारा यही प्रयास है कि उन्हें प्रशिक्षित कर मुख्य धारा में जोड़ सकें।

# श्मशान भूमि पर कब्जाधारियों के खिलाफ केस, रजिस्ट्री रद्द करने के आदेश

## मेयर के नेतृत्व में उपायुक्त से मिले लोगों की शिकायत पर लिया संज्ञान

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम




गुरुग्राम में श्मशान घाट पर कब्जे के केस में उपायुक्त निशांत कुमार यादव से लोगों के साथ मुलाकात करतीं मेयर मधु आजाद।

**गुरुग्राम** के शक्ति नगर स्थित श्मशान भूमि की 2000 वर्ग गज भूमि केयर टेकर द्वारा अपने पुत्रों के नाम करने के मामले को लेकर दलित समाज के लोग मेयर मधु आजाद के नेतृत्व में बुधवार को उपायुक्त निशांत कुमार यादव से मिले। उनकी शिकायत की उपायुक्त ने तुरंत निर्णय लेते हुए रजिस्टरी रद्द करवाने तथा शमशान भूमि को खुर्द-बुर्द करने के आरोपी के खिलाफ पुलिस में एफआईआर दर्ज करवाकर कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस पर दलित समाज के लोगों ने खुशी व्यक्त करते हुए उपायुक्त का आभार जताया।

उपायुक्त निशात कुमार यादव को मिलने आए दलित समाज के प्रतिनिधिमण्डल से उन्होंने कहा कि मेयर मधु आजाद ने यह मामला उनके संज्ञान में ला दिया था, जिसके बाद जिला राजस्व अधिकारी मनबीर सिंह से रिपोर्ट मांगी गई। रिपोर्ट में उनकी शिकायत सही पाई गई है। उन्होंने कहा कि दलित समाज के लोगों की शिकायत तथा जिला राजस्व अधिकारी की रिपोर्ट के आधार पर उन्होंने रजिस्टरी रद्द करवाने और आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाने का निर्णय लिया है। इस मामले में प्रतिनिधि मण्डल के सदस्यों ने बताया कि वे बरगीयान (धानक समाज), चमारान (जाटव), खाकराबान (वाल्मीकि) तीनों समाज की जमीन पर अवैध कब्जा करके उसकी रजिस्टरी अपने परिजनों के नाम करवाने की शिकायत लेकर उपायुक्त के पास आए थे। राजस्व रिकॉर्ड के अनुसार यह जमीन तीनों समाज के श्मशान घाट के लिए दान स्वरूप मिली हुई है। इस जमीन पर डॉक्टर अंबेडकर भवन व बरगीयान चौपाल भी बने हुए हैं। श्मशान भूमि व बिल्डिंग की देखरेख के लिए संस्था ने खेमचंद डावला को अस्थाई तौर पर रखा था।

# जानलेवा हो रहे हैं शहर की मुख्य सड़कों के स्पीड ब्रेकर

## रेडलाइटों पर बने स्पीड ब्रेकर हैं काफी खतरनाक, हो रही दुर्घटनाएं

कविता। फरीदाबाद





एसीपी मुजेसर की ओर जाने वाले मोड पर सड़क का हाल बेहाल। सेक्टर 23 मोड रेड लाइट पर टूटा पड़ा स्पीड ब्रेकर।

**शहर** की सड़क हो या फिर गली हर जगह छोटे-बड़े स्पीड ब्रेकर बने हुए हैं, लेकिन यह स्पीड ब्रेकर दो दिनों में हुई बरसात में खतरनाक साबित हो रहे हैं। जिससे शहर में दुर्घटनाएं बढ़ गई हैं। ऐसे में दो दिनों से एक ही स्थान पर करीब दस बाइक सवार गिरकर घायल हो गए। स्पीड ब्रेकर इतने खतरनाक हैं कि गाड़ी यदि स्पीड़ में उसे पार कर जाए तो तुरंत ही पलट जाएगी।

वाहनों की गति कम करने के लिए बने स्पीड ब्रेकरों की भरमार है। इससे यातायात प्रभावित होता है तो दुर्घटनाएं हो रही हैं। जबकि कायदे से कहीं भी स्पीड ब्रेकर बनाने-बनवाने का नियम नहीं है, लेकिन वर्तमान में जहां भी सड़कें बनती हैं, वहां कुछ लोग जबरन स्पीड ब्रेकर बनवा लेते हैं, जो कि जानलेवा साबित हो रहे हैं। लोग मनमानी से बेतरतीब स्पीड ब्रेकर बनवा लेते हैं। जो दूर से नजर ही नहीं आते। रात के अंधेरे में तो बिल्कुल भी नहीं दिखते। ब्रेकर की हाइट भी इतनी खराब है कि गाड़ी गुजरते उछल जाती है। स्पीड ब्रेकरों पर मोटरसाइकिल सवार संतुलन खोकर दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। तीन पहिया और चार पहिया वाहनों का भी संतुलन बिगड़ता है।

**यहां है खतरनाक ब्रेकर :** जिले में मुख्य सड़कों से लेकर गलियों में खतरनाक स्पीड ब्रेकर और गहरे गड्ढे हैं। जिनमें गिरकर लोग घायल हो रहे हैं। नेशनल हाइवे पर मौजूद गुडियर कम्पनी के निकट मारूती मोटर्स के पास मौजूद स्पीड ब्रेकर इतना खतरनाक है कि वाहनों के पलटने का खतरा बना रहता। वहीं हार्डवेयर से सोहना रोड पर दर्जनों स्पीड ब्रेकर और गड्ढे है, जोकि काफी खतरनाक हैं। जिसमें सेक्टर-22 और सेक्टर-23 चौक और अन्य चौराहे शामिल हैं। यहां एक गटर का ढक्कन नीचा है, वहीं सड़क भी टूटने से गड्ढे हो गए हैं, जोकि मुजेसर थाने की तरफ से आने वालों के लिए खतरनाक है। वहीं उससे आगे सड़क ऊंची नीची है। जिससे यहां से सोहना की तरफ जाना खतरनाक है। सेक्टर-23 बिजली दफ्तर के सामने भी सड़क पर गड्ढे हैं। सरिया मिल के सामने और सेक्टर-23-24 की तरफ लखानी के निकट स्पीड ब्रेकर टूटा हुआ है, जिससे निकलना मुश्किल हो जाता है। दो दिनों के अंदर यहां करीब दस बाइक सवार घायल हुए हैं। वहीं इसके निकट जहां सड़क ठीक है, वहां सीवरेज के पाइप सड़क पर पड़े हैं।

## 698 ग्राम गांजे के संग तस्कर गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर-56 प्रभारी की टीम ने गांजा तस्करी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आरोपी अजय कुमार फरीदाबाद में प्रेस कॉलोनी में रहता है। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी को थाना मुजेसर के एरिया से गांजा बेचते हुए काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर 698 ग्राम गांजा पत्ती बरामद हुई है। आरोपी के खिलाफ थाना मुजेसर में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी होडल किसी अनजान व्यक्ति से 5000 रुपये में गांजा खरीद कर लाया था। आरोपी अवैध नशा तस्करी के मामले में पहले भी जेल जा चुका है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# अवैध खनन के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करें अधिकारी : डीसी

## जिला स्तरीय टास्क फोर्स (खनन) की मीटिंग में दिए दिशा-निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



सेक्टर 12 में आयोजित बैठक को संबोधित करते डीसी विक्रम।

**उपायुक्त** विक्रम ने कहा कि जिला में अवैध खनन के खिलाफ सख्ती से पेश आएं। इसके लिए पुलिस, खनन विभाग, आरटीए व अन्य सभी विभाग तालमेल के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि इस कार्य की नियमित तौर पर समीक्षा करें और रिपोर्ट भी प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि जिले में अवैध खनन किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उपायुक्त विक्रम बुधवार को लघु सचिवालय में जिला स्तरीय टास्क फोर्स (खनन) की मीटिंग में दिशा-निर्देश दे रहे थे।

मीटिंग में जिला खनन अधिकारी बलराम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि यमुना क्षेत्र में एनजीटी के आदेशानुसार खनन कार्य पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा यमुना क्षेत्र व बंद पड़े पहाड़ों का समय-समय पर मौके पर निरीक्षण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि फरीदाबाद जिला में 182 स्टोन क्रैशर हं जो पाली, महोबताबाद व धौज में हैं।

उन्होंने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार दिल्ली सीमा से पांच किलोमीटर के दायरे में खनन कार्य पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगा होने के कारण 95 स्टोन क्रैशर बंद हो चुके हैं। मौजूदा समय में जिला में 87 स्टोन क्रैशर चालु हालत में हैं। इन स्टोन क्रैशरों पर राजस्थान व हरियाणा के नारनौल व भिवानी से पत्थर लाकर क्रैशरों को चलाते हैं। उन्होंने बताया कि जिला फरीदाबाद में 31 अगस्त 2019 से 30 अगस्त 2022 तक विभिन्न थानों, चौकियों में 33 मुकदमे दर्ज करवाए गए हैं और 549 वाहनों को अवैध खनन परिवहन करते हुए पकड़ा व 360 वाहनों से पर्यावरण क्षति-पूर्ति राशि व खनिज की रॉयल्टी व जुर्माना राशि के रूप में उनसे आठ करोड़ 13 लाख 36 हजार 648 रुपये जुर्मान की वसूली की गई है।

इस पर उपायुक्त ने निर्देश दिए कि जिला में खनन गतिविधियों को लेकर पूर्णत: सतर्कता बरती जाए। इसके साथ ही अवैध रूप से ओवरलोडिंग को लेकर भी दिशा-निर्देश दिए। मीटिंग में डीएफओ राजकुमार, डीसीपी नरेंद्र कादियान, एसडीएम परमजीत सिंह चहल, सीटीएम नसीब कुमार, डीटीओ जितेंद्र गहलावत, जिला खनन अधिकारी बलराम सिंह, आरओ प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सुमिता कनौडिया सहित कई विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# एमसीएफ ओल्ड फरीदाबाद का क्लर्क 50 हजार लेते गिरफ्तार



कन्हैया लाल।





रिश्वत के आरोप में गिरफ्तार कन्हैया लाल घेरे में।

## आरोपी ट्यूबवेल हेल्पर आठ साल से कर रहा था क्लर्क का काम

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जहां** एक तरफ नगर निगम में नए निगमायुक्त ने अपना पदभार ग्रहण किया है। वहीं दूसरी तरफ बुधवार को नगर निगम ओल्ड फरीदाबाद जोन की शाखा में तैनात एक क्लर्क को स्टेट विजिलेंस ने 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। आरोपी एक व्यक्ति से टैक्स की रकम कम करवाने की एवज में एक लाख रुपये की डिमांड कर रहा था। जिसमें 50 हजार में सौदा तय होने पर विजिलेंस ने क्लर्क को गिरफ्तार कर लिया।

सूत्रों की मानें तो आरोपी क्लर्क आठ साल पहले निगम में ट्यूबवेल हेल्पर था, क्लर्क बनाने के आदेश आने के बाद से यहां पिछले आठ सालों से क्लर्की कर रहा था।

### ये है पूरा मामला

**नगर** निगम ओल्ड फरीदाबाद जोन में क्लर्क के पद पर पिछले आठ साल से काम कर रहे एक ट्यूबवेल हेल्पर को स्टेट विजिलेंस ने 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। एक व्यक्ति ने स्टेट बिजिलेंस को शिकायत दी थी कि ओल्ड फरीदाबाद की निगम की शाखा में तैनात क्लर्क एक लाख की रिश्वत उसके टैक्स की रकम को कम करने के लिए मांग रहा है। जिस पर स्टेट विजिलेंस ने जाल बिछाया और बातचीत के बाद क्लर्क कन्हैया लाल को 50 हजार रुपये में तैयार करवा लिया। जिस पर आरोपी क्लर्क के पास नोट भेज दिए। जहां क्लर्क ने रिश्वत ली, उसी दौरान सूचना मिलने पर स्टेट विजिलेंस ने तुरंत रंगे हाथों आरोपी क्लर्क को पकड़ लिया। विजिलेंस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# 12 राज्यों में पठन कार्यक्रम रीड-ए-थॉन आयोजित

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**रूम** टू रीड इंडिया ने अपने इंडिया गेट्स रीडिंग फ्लैगशिप रीडिंग कैंपेन के तहत, बुधवार को 'रीड-ए-थॉन' कार्यक्रम के आयोजन और संचालन की शुरुआत की है। आयोजन का उद्देश्य सभी हितधारकों की बड़ी संख्या में भागीदारी के साथ देश भर के कोने-कोने तक पहुंचना है, जिनमें बच्चे, उनके माता-पिता, समुदाय के लोग, सरकार, अनुदान देने वाले तथा यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट जैसे बहुपक्षीय सहयोगी और अन्य समर्थक शामिल हैं। रूम टू रीड इंडिया ने इस साल के रीड-ए-थॉन कार्यक्रम के माध्यम से एक नया कीर्तिमान स्थापित करने का महत्वाकांक्षी प्रयास किया है, जिसमें इस संस्थान ने व्यक्तिगत रूप बैठकर पढ़ने की व्यवस्था वाले परिवेश में रिकॉर्ड संख्या में प्रतिभागियों को सम्मिलित करने का लक्ष्य रखा है। देशभर के विभिन्न स्थानों पर प्रतिभागियों के पढ़ने के लिए व्यवस्था की जाएगी, जिनमें 12 राज्य शामिल हैं जहां यह संगठन सक्रिय रूप से कार्यरत है।

यह रीड-ए-थॉन कार्यक्रम, विभिन्न भागीदारों को स्कूलों के परिसर, सामुदायिक भवन, सरकारी कार्यालय, अनुदानकर्ताओं के कार्यालय जैसे अलग-अलग स्थानों पर एक साथ आने तथा बच्चों के पढ़ने और सीखने में अपना सहयोग प्रदान करने हेतु संकल्प लेने का अवसर उपलब्ध कराएगा। मौके पर सुश्री पूर्णिमा गर्ग, डिप्टी कंट्री डायरेक्टर, रूम टू रीड, कहती हैं, इस साल का रीडिंग कैंपेन पढ़ाई में बराबरी की थीम पर आधारित है। यह सभी





हितधारकों के लिए एक सुनहरा अवसर है कि वे अन्य सभी गतिविधियों को छोड़कर एक साथ आएं और पहले से निर्धारित समय पर लगातार 30 मिनट के लिए पढ़ें। नया कीर्तिमान बनाने वाले इस कार्यक्रम के जरिए हम अपनी प्रतिबद्धता को दोहराना चाहते हैं और यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि बच्चे हर जगह पढ़ें, सीखें और आगे बढ़ें।

रूम टू रीड इंडिया ने इस रीड-ए-थॉन कार्यक्रम के माध्यम से पढ़ने की आदतों को बढ़ावा देने के लिए ज्यादा-से-ज्यादा लोगों को एकजुट करने का लक्ष्य रखा है। इसके अलावा, इस आयोजन के माध्यम से एक ही समय में अलग-अलग साहित्यिक रचनाओं को पढ़ने वाले प्रतिभागियों की संख्या के संदर्भ में आधिकारिक तौर पर एक रिकॉर्ड स्थापित करने की उम्मीद है। इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स और एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स द्वारा एक नया कीर्तिमान बनाने वाले इस सम्मेलन में अपनी पुस्तकों को शामिल किया जाएगा।

# बुजुर्ग मरीज की रीढ़ की हड्डी का किया सफल इलाज

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**फोर्टिस** हॉस्पीटल नोएडा के डॉक्टरों ने सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए अलीगढ़ (उत्तर प्रदेश) के एक 72 वर्षीय मरीज की रीढ़ की हड्डी (स्पाइन सर्वाइकल) में लगी चोटों का सफल इलाज किया है। स्पाइन में सर्वाइकल जंक्शन काफी नाजुक भाग होता है और इसे क्षति पहुंचने पर इलाज में देरी होने से पूरा शरीर स्थायी रूप से लकवाग्रस्त हो सकता है। पूर्वी उत्तर प्रदेश तथा नोएडा के अधिकांश अस्पतालों में स्पाइन के जटिल भाग की एडवांस सर्जरी की सुविधाएं आमतौर पर उपलब्ध नहीं होने के कारण इस मरीज को तत्काल अलीगढ़ से फोर्टिस नोएडा लाया गया।

मरीज की गर्दन में काफी दर्द था और हाथ एवं पैरों में जकड़न तथा कमजोरी भी महसूस हो रही है। वह बैठने या खड़े होने अथवा अपनी गर्दन को हिलाने-डुलाने की स्थिति में भी नहीं थे। सीटी स्कैन तथा एमआरआई से सर्वाइकल में कम्प्रेशन के साथ काफी गंभीर फ्रैक्चर का पता चला।



मरीज़ की गर्दन में हार्ड-सर्वाइकल कॉलर लगाकर उसे तत्काल स्थिर (इममोबीलाइज) करने और सर्जरी के लिए फिट बनाने की आवश्यकता थी। मरीज की पूरी जांच और पुराने रोगों आदि की जानकारी लेने के बाद पता चला कि वह डायबिटीज, हाइपरटेंशन, कोरोनरी आर्टरी रोग के साथ-साथ एंकिलोसिंग स्पॉन्डलाइटिस (Ankylosing Spondylitis में स्पाइन की अलग-अलग हड्डियां आपस में बांस की शाखाओं की तरह जुड़ जाती हैं जिससे शरीर में काफी जकड़न पैदा होती है)। डॉ राहुल गुप्ता, डायरेक्टर-न्यूरोसर्जरी, फोर्टिस हॉस्पीटल नोएडा ने मरीज को न्यूरो एनेस्थीसिया टीम द्वारा स्थिर करने के बाद जटिल सर्जरी को अंजाम दिया।

सर्जरी के बारे में डॉ. राहुल गुप्ता, डायरेक्टर-न्यूरोसर्जरी, फोर्टिस हॉस्पीटल नोएडा ने बताया, सर्जरी करीब 5 घंटे चली और एंकिलोसंग स्पॉन्डलाइटिस तथा स्पाइन के नाजुक भाग में फ्रैक्चर की वजह से मरीज की पॉजिशनिंग संबंधी चुनौतियों के कारण यह काफी चुनौतीपूर्ण थी। लेकिन हमने स्पेशल गैजेट्स तथा ऑपरेशन थियेटर में एक आधुनिक ऑपरेटिंग टेबल की मदद से इस जटिल सर्जरी को संभव बनाया। मरीज का सर्वाइकल डीकम्प्रेशन और फ्रैक्चर्ड स्पाइन के फिक्सेशन के लिए इंट्राऑपरेटिव इमेजिंग की मदद से अनेक स्क्रू और रॉड्स लगाकर सर्जरी की गई। इस दौरान न्यूरो एनेस्थीसिया टीम द्वारा लगातार मरीज की स्थिति पर नजर रखी गई। सर्जरी के बाद मरीज के शरीर में सावधानीपूर्वक ट्यूब डाली गई और निरंतर निगरानी के लिए उन्हें न्यूरो आईसीयू में शिफ्ट किया गया। सर्जरी के बाद पहले 24 घंटे काफी नाजुक थे क्योंकि मरीज़ को सांस लेने में कठिनाई हो सकती थी।

# ढोल ताशे के साथ निकाली गणेश प्रतिमा की शोभायात्रा

## मंडल चार सितम्बर तक विभिन्न तरह के कार्यक्रम का आयोजन होगा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



गांधी कॉलोनी स्थित समुदाय भवन में गणेश उत्सव के अवसर पर गणेश जी की प्रतिमा की स्थापना कर पूजा करते महाराष्ट्र मित्र मडल के सदस्य।

**महाराष्ट्र** मित्र मंडल आयोजित सार्वजनिक गणेश उत्सव गांधी कॉलोनी स्थित समुदाय भवन में बड़े धूमधाम से 30 अगस्त से 4 सितम्बर मनाया जा रहा है। महाराष्ट्र मित्र मंडल ने 30 अगस्त को गणेश प्रतिमा की शोभायात्रा 5बी-81 से गांधी कॉलोनी स्थित उत्सव स्थल तक निकाली। यात्रा बप्पा के जय घोष से शुरू हुई, जिसमें भक्तों ने गणपति बप्पा मोरया, मंगलमूर्ति मोरया नारे लगाये एवं नाचते गाते हुए बप्पा का स्वागत किया। यात्रा में सभी वर्ग के व्यक्ति, महिलाए एवं बच्चे शामिल थे सभी ने खूब नाचा गाया।

रास्ते में गणेश प्रतिमा लोगों ने बप्पा का आशीर्वाद लिया। सुधाकर पांचाल ने बताया कि गणेश उत्सव का आयोजन बाल गंगाधर तिलक ने सभी जाति धर्म के लोगों को इकट्ठा करने के लिए सार्वजनिक गणेश उत्सव का आयोजन किया जिसकी आज के समय में एकजुटता होने के लिए अधिक आवश्कता है। 31 अगस्त को गणेश प्रतिमा की स्थापना पूर्ण वैदिक, मंत्रोचार एवं विधि विधान से की गई। गणपति स्थापना चंद्रशेखर पांचाल एवं भावना पांचाल द्वारा की गई एवं स्थापना पूजा के बाद गणपति प्रतिमा की आरती की गई। मंडल द्वारा 31 अगस्त रात्री 8 बजे से भजन संध्या का आयोजन किया। एक सितम्बर को मंडल द्वारा सांय 8 बजे सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। दो सितम्बर प्रात: 10 बजे चिकित्सा शिविर एवं सायं चार बजे चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। तीन सितम्बर को सायं चार बजे सत्यनारायण महापूजा एवं रात्री 7 बजे भंडारा होगा। चार सितम्बर को दो बजे से विसर्जन शोभायात्रा निकाली जाएगी। राजेन्द्र पांचाल, चिंतामणि, रवि कांत गोसावी, रविन्द्र पांचाल, संतराम, अनिल, निखिल, विनय, अक्षय, रमाकांत, तेजस, ओजस, किरण, पल्लवी, करन शर्मा, ओजस एवं मंडल के आदि उपस्थित रहे।

## एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 6 खिलाड़ी करेंगे जिले का प्रतिनिधित्व

**फरीदाबाद।** जिला एथलेटिक संघ कार्यकारी अध्यक्ष एवं एथलेटिक्स हरियाणा के मीडिया प्रभारी सत्यवीर ने बताया कि दो से चार सितंबर तक करण स्टेडियम करनाल में आयोजित हो रही तीन दिवसीय 33वीं नार्थ जोन जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हरियाणा के 110 लड़के और 97 लड़कियों सहित 207 एथलीट खिलाड़ियों का दल भाग लेगा।

एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव राजकुमार मिटान ने बताया कि नार्थ जोन जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए हरियाणा टीम का मैनेजर सत्यवीर धनखड़ फरीदाबाद और टीम कोच ऋषि कुमार करनाल को बनाया गया है और चैंपियनशिप में हरियाणा के 207 लड़का और लड़की भाग लेकर पदक विजेता बनकर हरियाणा राज्य का नाम रौशन करेंगे। नार्थ जोन जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में लद्दाख, जम्मू कश्मीर, हिमाचल, पंजाब, चंडीगढ़, उत्तराखंड, दिल्ली और उत्तरप्रदेश राज्य की टीम भी भाग ले रहीं हैं।

# 5.50 लाख रुपये की लूटपाट के चार आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर-30 प्रभारी की टीम ने कार्रवाई करते हुए लूट के मुख्य आरोपी के साथ 4 आरोपियों के गिरफ्तार किया है।



एसीपी क्राइम सुरेन्द्र स्योराण ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में जितेन्द्र उर्फ जीतू (ड्राइवर), संजय, अंकित और सुमित का नाम शामिल है। आरोपी जितेन्द्र और संजय गांव तिगांव के, आरोपी अंकित सेक्टर-88 का तथा आरोपी सुमित उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्धनगर का व वर्तमान में गांव भूपानी का रहने वाला है। आरोपी जितेन्द्र उर्फ जीतू ने योजना के तहत अपने साथियों के साथ मिलकर 28 अगस्त को शाम करीब 6 बजे लूट की वारदात को अंजाम दिलवाया था। आरोपी जितेन्द्र और शोरुम के अकाउंटेंट राजकिशोर 5.50 लाख रुपये लेकर मालिक के घर जा रहे थे। तभी तीन लड़के बाइक से आए। सेक्टर-16 सब्जी मंडी के पास बाइक गाड़ी के आगे लगा दी और एक लड़के ने डंडे से गाड़ी वैगनाआर के शीशे को तोड़ दिया दूसरे ने देसी पिस्टल को दिखाकर बैग को छिन लिया और मौके से फरार हो गए। वारदात की सूचना पुलिस को 112 पर दी गई। जिसके कुछ समय बाद ही मौके पर पुलिस पहूंची। शोरुम के सहायक राजकिशोर की शिकायत पर थाना सेक्टर-17 में मुकदमा दर्ज कर आरोपियो की तलाश शुरु कर दी।

मामले की कार्रवाई क्राइम ब्रांच सेक्टर-30 को मिली। मामले में क्राइम ब्रांच ने तफ्तीश करते हुए ड्राइवर जितेन्द्र उर्फ जीतू से वारदात से संबंध में पूछताछ की तो जितेन्द्र पर शक हुआ। जिसकी के लिए क्राइम ब्रांच टीम ने अपने सूत्र छोडे जिससे वारदात के होने में आरोपी जीतू का संबंध पाया गया। आरोपी जितेन्द्र को गांव तिगांव से गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ में मामले का खुलासा हुआ

# संक्षिप्त समाचार

## ब्राह्मण सभा ने की गणेश स्थापना



सेक्टर 12 में गणेश चतुर्थी के अवसर पर गणेशजी की प्रतिमा की स्थापना कर पूजा करते अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के राट्रीय अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा और अन्य।

**फरीदाबाद।** सेक्टर-12 स्थित अपने कार्यालय परिसर में अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा ने गणेश चतुर्थी पावन पर्व पर गणेश जी की स्थापना कर पूजन वन्दन किया। सुरेन्द्र शर्मा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भगवान गणपति सर्व व्यापक देव है। किसी भी शुभ कार्य करने से पहले गणेश जी का पूजन किया जाता है। हरीश पाराशर एडवोकेट, कृष्ण पाराशर एडवोकेट, कर्ण पाराशर इंजिनियर, राजू दादा, कैलाश दादा, रवि दत्त, सूरज प्रकाश, संजय पाराशर, राजेन्द्र मिश्र, श्रवण, रामजीलाल, रामानुजन, अभिषेक, शंकर, रोहित आदि उपस्थित रहे।

## नौकरी दिलाने के नाम पर ठगे 3.80 लाख, दो गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी सेन्ट्रल मुकेश मल्होत्रा के द्वारा अपराधिक गतिविधियो में शामिल आरोपियों की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले दो आरोपियों को थाना पल्ला प्रबंधक की टीम ने गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियो में मनू और शिवा का नाम शामिल है। आरोपी मनू बिहार के भोजपुर जिले का तथा वर्तमान में बदरपुर बॉर्डर दिल्ली का तथा आरोपी शिवा दिल्ली के प्रहलादपुर का रहने वाला है। आरोपी शिवा की बदरपुर बॉर्डर पर जूतों की दुकान है। आरोपी मनू करीब एक महिने पहले जूते लेने आया था। जिससे दोनों की आपस में जान पहंचान हो गई। आरोपी मनू ने सीपीडब्लूडी का फर्जी आई कार्ड बनाकर लोगों से नौकरी और सीपीडब्लूडी में टैंडर दिलाने के नाम पर ठगी करते हैं। इसी प्रकार आरोपियों ने सेक्टर-91 फरीदाबाद में रहने वाले राम सरन के साथ नौकरी दिलाने के नाम पर तीन लाख 80 हजार रुपये ठग लिए थे। पीड़ित की शिकायत पर 25 अगस्त को मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरु की। थाना पुलिस ने मनू को 27 अगस्त को गिरफ्तार कर अदालत में पेश कर 5 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया। आरोपी के दूसरे साथी शिवा को 30 अगस्त को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। पीड़ित द्वारा पुलिस को दी गई आई-कार्ड की फोटोकॉफी की सीपीडब्लूडी विभाग से जांच कराई जो फर्जी पाया गया। दोनों आरोपियों को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

## वुमेन्स पावर ने की गणेश जी की स्थापना



**फरीदाबाद।** वुमंस पावर संस्था लगातार कई सालों से गणेश चतुर्थी पर गणेश जी की स्थापना करते हैं और 2 दिन बाद उनका विसर्जन होगा। इस विषय में जानकारी देते हुए वुमेंस पावर की फाउंडर चांदनी आजाद अली बताती हैं कि वो हर साल गणेशजी की स्थापना करके और दो दिन बाद उनका विसर्जन करती हैं। इस बार वुमेंस पावर संस्था के वाइस प्रेजिडेंट डौली कपूर और उनके पति करन कपूर के द्वारा गणेश जी की स्थापना की गई। साथ ही रिदिमा पराशर और मिली शर्मा ने गणेश स्थापना दिवस को बहुत ही अच्छे से बनाने के लिए पूरी तैयारी की है। वुमंस पावर संस्था चाहे धार्मिक कार्यक्रम हों या फिर किसी जरूरतमंद की मदद करना हो चाहे पौधे लगाने हों चाहे ब्लड डोनेशन कैंप हो, हेल्थ चेकअप कैंप हो या फिर पशु और पक्षियों की देखभाल हर तरीके से अपने समाज में अच्छाई फैलाने का कार्य करती है।

## निगमायुक्त का बुके देकर किया स्वागत

**फरीदाबाद।** कांट्रेक्टर वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान चन्द्रभान त्यागी के नेतृत्व में सभी पदाकारी और मेम्बरों ने मिलकर नवनियुक्त निगम आयुक्त जितेंद्र दहिया का उनके कार्यालय में जाकर बुके देकर स्वागत किया। निगम आयुक्त के कार्यालय में कांट्रेक्टर वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान चन्द्रभान त्यागी ने ठेकेदारों की समस्याओं से निगमायुक्त को अवगत कराया। जिस पर निगमायुक्त ने निगम में कार्यरत सभी ठेकेदारों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और उन्हें जल्द हल करने का आश्वासन दिया। मौके पर यूनियन के प्रधान चन्दर भान त्यागी, उपप्रधान रामबीर सिंह रावत, जनरल सेक्रेटरी गुरबचन सिंह, जॉइंट सेक्टरी उमेश कुमार, केशियर बिशन कुमार तथा सुभाष सांगवान, रमेश कुंडू, पवन जून, दीपक जुलका, विकास, टेक चंद, मुन्ना लाल, राजेंद्र, जावेद, प्रेम कपूर, महेश नलवा, दीपक भारद्वाज, राजेश बंसल, अमर सिंह, जितेंद्र, हुक्म सिंह, शाबूदिन, ओमबीर खटाना, अनिल दाढ़वाल, गिर्राज मुदगईल, राजपाल, रवि कुमार, अजयपाल, राजेंद्र आदि ने भी निगमायुक्त का बुके देकर स्वागत किया।

## जिला जेल नीमका का सीजेएम ने किया दौरा



नीमका जेल का निरीक्षण करतीं सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फरीदाबाद की सचिव सुकीर्ति गोयल।

**फरीदाबाद।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं चेयरमैन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण यशवीर सिंह राठौर के दिशा निर्देश अनुसार सुकीर्ति गोयल मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फरीदाबाद ने जिला जेल नीमका फरीदाबाद का निरीक्षण किया। उनके साथ पैनल एडवोकेट रविंद्र गुप्ता, राजेंद्र गौतम, रेनू सिंह उपस्थित रहे। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ने वहां रह रहे विचाराधीन बंदियों से रूबरू होते हुए उनकी समस्याओं का समाधान किया। हर एक से अपील की कि यदि आपका कोई वकील नहीं है तो वह प्राधिकरण फरीदाबाद से मुफ्त कानूनी सहायता ले सकता है। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान जिला जेल नीमका में स्थित अस्पताल का वह लंगर का भी निरीक्षण किया तथा देखा कि खाना बनाते समय साफ सफाई का ध्यान रखा जा रहा है या नहीं। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ने कहा कि यदि आपको किसी भी प्रकार की कोई कानूनी समस्या है या कोई अलग में अपनी शिकायत या समस्या बताना चाहता है तो वह भी कर सकता है लेकिन किसी की कोई शिकायत मौके पर ना पाई गई।

## पांच घरों में स्थापित की जाएंगी पोषण वाटिकाएं : डीसी

**फरीदाबाद।** उपायुक्त विक्रम ने बताया कि महिलाओं से लेकर बच्चों के पोषण में बढ़ोतरी को लेकर देशभर में चल रहे जन आंदोलन में फरीदाबाद अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा। इसके लिए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सितंबर को पोषण माह के तौर पर मनाया जाएगा, जिसमें जिला, तहसील और आंगनबाड़ी केंद्र पर पूरा महीना कार्यक्रमों की श्रृंखला का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को फरीदाबाद जिला में भी गंभीरता से लागू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस बार प्रदेश में प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र के दायरे में पांच घरों में पोषण वाटिका स्थापित करते हुए सवा लाख घरों को कवर किया जाएगा। उपायुक्त विक्रम बुधवार को लघु सचिवालय में पोषण माह की तैयारियों को लेकर समीक्षा मीटिंग आयोजित कर रहे थे। उपायुक्त विक्रम ने बताया कि महिला एवं बाल विकास मंत्री कमलेश ढांडा ने विभाग की आयुक्त व सचिव अमनीत पी कुमार व निदेशक हेमा शर्मा के साथ चर्चा उपरांत पोषण माह का शेड्यूल जारी किया है। उन्होंने कहा कि कहा कि बीते सालों में महिलाओं और बच्चों में कुपोषण के स्तर की खाई को पाटने में गंभीरता से काम किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्रीय पोषण मिशन के माध्यम से महिला और बच्चों में पोषण स्तर बेहतर करने का जो संकल्प लिया गया था, उसमें हरियाणा की भूमिका बेहतर है।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 1 सितंबर, 2022



# एनसीआरबी आंकड़े

## महिला-विरोधी अपराध

**राष्ट्रीय** अपराध अभिलेख ब्यूरो-एनसीआरबी के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार 2021 में दिल्ली में महिला-विरोधी अपराधों में 40 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। दिल्ली में 2021 में महिला-विरोधी अपराधों में 40 प्रतिशत से अधिक वार्षिक वृद्धि से कानून-व्यवस्था की स्थिति के बारे में विभिन्न अधिकारियों द्वारा किए गए दावों पर सवालिया निशान लगते हैं। तथ्य यह है कि ये आंकड़े किसी डींग हांकने वाले एनजीओ के न हो कर राष्ट्रीय अपराध अभिलेख ब्यूरो-एनसीआरबी के हैं। इसका अर्थ है कि इनको आसानी से अनदेखा या खारिज नहीं किया जा सकता है। वैसे भी सभी दृष्टिकोण से तथ्य और आंकड़े भय पैदा करने वाले हैं। 2021 में दिल्ली में रोज दो लड़कियों से बलात्कार किया गया जिसका अर्थ है कि यह देश में महिलाओं के लिए सर्वाधिक असुरक्षित महानगर है। इसके साथ ही एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी में महानगरीय शहरों में से लड़कियों के खिलाफ बलात्कार के 833 मामले दर्ज किए गए। इसके अलावा शीलभंग करने के इरादे से महिलाओं पर हमले के 2,022 मामले सामने आए। 2021 में राष्ट्रीय राजधानी में महिला-विरोधी अपराधों के 13,892 मामले सामने आए, जबकि 2020 में ऐसे मामलों की संख्या 9,782 थी। इसका अर्थ है कि शहरों में महिला-विरोधी कुल अपराधों में पिछले साल 43,414 दिल्ली में हुए। विपक्षी दल एनसीआरबी डेटा के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी से राजनीतिक बदला नहीं ले सकते हैं क्योंकि दिल्ली में भले ही पुलिस केन्द्र सरकार के अंतर्गत हो, पर यह महिला-विरोधी अपराधों में वृद्धि वाला एकमात्र राज्य नहीं है। वास्तव में बलात्कार के अधिकतम मामले 2020 व 2021 में राजस्थान से



सामने आए जिनकी संख्या क्रमश: 5,310 व 6,337 थी।

बलात्कार के मामलों में दूसरे स्थान पर रहने वाले मध्य प्रदेश में 2020 व 2021 में इनकी संख्या क्रमश: 2,339 व 2,947 थी। वास्तव में 2020 व 2021 में बलात्कार के अधिकतम मामलों वाले पांच राज्यों में राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश व असम हैं। इनमें से दो-राजस्थान व महाराष्ट्र में गैर-भाजपा दलों का शासन था। दूसरे शब्दों में सभी राजनीतिक पार्टियां सामान्य रूप से महिला-विरोधी अपराध रोकने में अक्षम हैं। महिलाओं के खिलाफ अपराध बढ़ने के दो प्रमुख कारण हैं। पहला, न्याय व पुलिस व्यवस्थाओं की विकृतियां हैं। इन व्यवस्थाओं में सुधार के लिए कुछ खास नहीं किया जा रहा है। दूसरा, अक्सर महिला-विरोधी अपराधों के मामले सैद्धान्तिक बहसों के जाल में खो जाते हैं। एक ओर नारीवादी एक्टिविस्टों में अधिकांश वाम-उदारवादी झुकाव वाली हैं। महिला-विरोधी अपराधों व उनके समाधान की उनकी व्याख्यात भ्रामक व काल्पनिक लगती है। उनके कथनों में 'पितृसत्ता', 'महिलाद्वेषी' व 'अन्य' जैसे मसालेदार फैशनेबल शब्दों का प्रयोग होता है। इससे असली मुद्दे शब्दजाल में फंस जाते हैं। दूसरी ओर संस्कारी लोग हैं जो सभी खराब चीजों की जिम्मेदारी पतनशील पाश्चात्य संस्कृति पर डाल देते हैं। इस कारण सार्वजनिक क्षेत्र में सार्थक विमर्श विरले ही हो पाता है। इसके परिणामस्वरूप कानून, नियम व विनियम घटनाओं के दबाव में बनाए जाते हैं जिसका उदाहरण 2012 का दिल हिला देने वाला निर्भया कांड था। किसी जीवन्त लोकतंत्र में कानून और नियम इस प्रकार नहीं बनते हैं, लेकिन विडंबना है कि ऐसा हो रहा है।

# वैश्विक शांति के लिए एकात्म मानववाद

पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा प्रतिपादित एकात्म मानववाद नई विश्व व्यवस्था बनाने के लिए सर्वाधिक प्रासांगिक विचारधारा है।



**राज कुमार अग्रवाल**
(लेखक, एकात्म मानव दर्शन अध्ययन संस्थान के निदेशक हैं।)



पिछले कुछ साल में दुनिया का भौगोलिक-राजनीतिक परिदृश्य धीरे-धीरे बदला है। इस परिवर्तन की पृष्ठभूमि में अनेक असंबद्ध घटनायें भी सामने आई हैं। दुनिया के विभिन्न भागों, जैसे यूगोस्लाविया, सीरिया, अफगानिस्तान, श्रीलंका में होने वाली घटनाओं तथा वर्तमान समय में जारी रूस-यूक्रेन युद्ध ने धीरे-धीरे लोगों को यह अनुभव कराया है कि वर्तमान विश्व व्यवस्था ऐसा ढांचा प्रदान करने में सक्षम नहीं है जो पूरे विश्व को टिकाऊ शांति व समृद्धि दे सके। द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद नई विश्व व्यवस्था के रूप में अनेक संस्थान बनाए गए थे, पर आज वे अपना महत्व खो रहे हैं तथा अपनी पूर्वनिर्धारित केन्द्रीय भूमिका निभाने में अक्षम हैं। शीतयुद्ध युग समाप्त होने के बाद सोचा गया था कि टकराव व संघर्ष का माहौल कमजोर पड़ेगा तथा यूरोप में लागू तथा अमेरिका के नेतृत्व वाला पश्चिमी राजनीतिक व विकास माडल आवश्यक नेतृत्व एवं दिशा प्रदान करेगा। लेकिन यह धारणा भ्रामक सिद्ध हुई है। दुनिया के सामने आज विकल्प वर्तमान वैश्विक सत्ता समीकरणों के स्थान पर नए प्रकार की गतिशीलता लाना है क्योंकि वह अपना शोषणकारी व वर्चस्ववादी चरित्र बनाए रखना चाहती है। हमें पैराडाइम परिवर्तन कर एक नई विश्व व्यवस्था बनानी होगी जो दुनिया के संचालन के लिए नई व मूलभूत रूप से अलग वैचारिक अवधारणायें पेश करे। ऐसी व्यवस्था बनाना समय की आवश्यकता है जो मनुष्यों के जन्मसिद्ध अधिकार के रूप में प्रकृति के दोहन को खारिज करे तथा उसके साथ समन्वय से जीना सिखाए। हमें ऐसी व्यवस्था चाहिए जो प्रकृति से समग्र तथा चरित्र से मानववादी हो।

इस उद्देश्य से 'एकात्म मानववाद' या समग्र मानववाद महत्वपूर्ण है जिसे भारत के प्रमुख स्वतंत्र विचारक स्वर्गीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने अपनी एक महत्वपूर्ण त्रयी से स्थापित किया था। पं. दीनदयाल जी ने यह विचार प्राचीन भारतीय संस्कृति, परंपराओं, ज्ञान, व्यवस्थाओं तथा अपनी असाधारण विद्वता से विकसित किया था। उन्होंने ऐसे विचारों व अवधारणाओं का विकास किया जो वर्तमान समय में आधुनिक भारत के लिए अत्यधिक व्यावहारिक हैं। इन पर चर्च कर इनके आधार पर वर्तमान भारत की समस्याओं का समाधान खोजा जाना चाहिए तथा इसे टिकाऊ व समावेशी विकास की ओर ले जाना चाहिए। एकात्म मानववाद न केवल संस्कृति के क्षेत्र पर लागू होता है, बल्कि ज्यादा महत्वपूर्ण रूप से यह देश के सामाजिक, राजनीतिक व आर्थिक प्रबंधन से जुड़ा है जो भारत की आत्मा की संगति में है तथा यह आंख बंद कर पश्चिमी माडल का अनुसरण भी नहीं करता है। राजनीतिक, सामाजिक व आर्थिक नीतियों व प्रबंधन में नए पैराडाइम विकसित करने में एकात्म मानववाद का अध्ययन करते हुए उन्होंने अपने राजनीतिक जुड़ावों से अलग हट कर भी सोचा। उन्होंने इस तथ्य पर गौर किया कि विचारक के रूप में ऐसे नए व प्रासांगिक दृष्टिकोण विकसित किए जाएं जो वर्तमान समय की अनेकानेक समस्याओं का समाधान तलाश सकें। भारत की समृद्ध विरासत न केवल संस्कृति, दर्शन, विज्ञान, आदि के क्षेत्र में है, बल्कि इसका संबंध महान आर्थिक उपलब्धि से भी है। ओईसीडी द्वारा प्रायोजित एक अध्ययन 'द वर्ड इकोनोमी-अ मिलीनियल पर्सपेक्टिव' में चोटी के एक आर्थिक इतिहासकार आंगुस मैडिसन ने दिखाया है

> **एकात्म मानववाद न केवल संस्कृति के क्षेत्र पर लागू होता है, बल्कि ज्यादा महत्वपूर्ण रूप से यह देश के सामाजिक, राजनीतिक व आर्थिक प्रबंधन से जुड़ा है जो भारत की आत्मा की संगति में है। यह आंख बंद कर पश्चिमी विकास माडल का अनुसरण भी नहीं करता है।**

कि 18वीं शताब्दी के प्रारम्भ में विश्व जीडीपी में भारत का हिस्सा लगभग 24.5 प्रतिशत था। ऐसा तभी संभव था जब उस समय के सामाजिक, राजनीतिक व आर्थिक माडल अत्यधिक उत्कृष्ट रहे हों। कौटिल्य ने ईसापूर्व तीसरी शताब्दी में रचित त्रयी 'अर्थशास्त्र' में राजनय के सभी आयामों का विस्तृत वर्णन व विश्लेषण किया है। यह पूंजीवाद के पूर्ववर्ती आडम स्मिथ की 'वेल्थ आफ नेशन्स' से लगभग 2000 साल पहले आई थी। राज्य संचालन के सिद्धान्तों तथा सर्वोत्तम व्यवहारों के बारे में अमूल्य ज्ञान व अंतर्दृष्टि देने वाले अनेक अन्य प्राचीन ग्रंथ भारत में रहे हैं। दुर्भाग्य से औपनिवेशिक गुलामी के समय इनको खो दिया और औपनिवेशिक शासकों द्वारा थोपी गई उन नीतियों के गुलाम हो गए जो मुख्यत: उनके हितों की पूर्ति करने वाली थीं। स्वतंत्रता के पश्चात देश के भविष्य के लिए अपनी नीतियां व रणनीतियां परिभाषित करते समय हमारे पास अवसर था, लेकिन हमने अपने पूर्व विवेक, व्यवहारों व व्यवस्थाओं के बारे में विचार नहीं किया जो अत्यधिक सफल सिद्ध हुई थीं। इसके उलट हमने उस ढांचे की आंख बंद कर नकल की जिसका प्रयोग दूसरे स्थानों पर हो रहा था। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने कहा था कि हमें आंख बंद कर अतीत में वापस नहीं जाना और उसका अनुसरण नहीं करना था क्योंकि हम एक गतिशील व परिवर्तनशील विश्व में रहते थे जहां बदलते समय के साथ अनेक अच्छी चीजें सामने आई थीं। इसके साथ ही हमें पश्चिम में विकसित सभी चीजों को खारिज भी नहीं करना था।

हमें ऐसा माडल विकसित करना चाहिए था जो हमारी विशिष्ट संस्कृति, परंपराओं, विश्वासों, परिस्थितियों व अतीत के विवेक पर आधारित हो, पर टकराव के बजाय उसका समन्वय अन्य व्यवस्थाओं के सर्वोत्तम व्यवहारों व ज्ञान से करना चाहिए था। हमारी संस्कृति का चरित्र समग्र रहा है। हमने मानव जीवन का एक समग्र दृष्टिकोण विकसित किया था जो केवल शरीर तक सीमित न होकर उसमें शरीर, मन, बुद्धि व आत्मा का भी समावेश था।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय केवल ऐसी व्यवस्था से ही प्रसन्न व संतुष्ट रह सकते थे जिसमें इन सभी आयामों पर समुचित ध्यान दिया गया होता। दुर्भाग्य से अधिकांश नीतियां शरीर की आवश्यकतायें पूरी करने के लिए बनाई गईं जो प्राथमिकता होनी चाहिए थी, लेकिन यह अपने आप में काफी नहीं है। इस दृष्टिकोण के कारण समाज में अनेक विकृतियां बढ़ रही हैं। भ्रष्टाचार, खराब कामकाज, टकराव व संवेदनहीनता बढ़ने के रूप में ये विकृतियां हमारे सामने आ रही हैं। समग्र दृष्टिकोण में मनुष्यों व प्रकृति को एक दूसरे से अंतर्निहित रूप से जुड़ा माना जाता है। इससे नदियों, जंगलों, जानवरों तथा प्रकृति के अन्य तत्वों से व्यवहार की हमारी परंपरायें सामने आई थीं। लेकिन हमने इन सबकी अनदेखी की जिसमें सूर्य, पवन, जल, पेड़ व जानवर शामिल हैं। पूंजीवादी दृष्टिकोण में मनुष्यों का जाग्रत आत्महित दर्शन के केन्द्र में है। इस प्रकार प्रकृति ऐसी चीज बन जाती है जिसका शोषण मनुष्यों के हित में किया जा सकता है। वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण की सभी नीतियां एक प्रकार से प्रतिक्रियावादी हैं क्योंकि जलवायु परिवर्तन ने बहुत खतरनाक रूप धारण कर लिया है।

हमारी संस्कृति ने हमेशा 'धर्म' को सर्वोच्च स्थान पर रखा। यह परांपरागत अर्थ में 'रिलीजन' नहीं है। इसका संबंध मूलत: उन अंतर्निहित नियमों से है जिसमें व्यवहार अथवा किसी व्यक्ति या संस्थान से उम्मीद किए जाने वाले व्यवहार को केन्द्रीय स्थान मिला है। हमारे देश में व्यक्तियों व संस्थानों के कार्यों का आंकलन 'धर्म' के मानकों पर होता था। यह हमारे देश का मूल चरित्र या उसकी मूल आत्मा है। शासक को भी इस धर्म का पालन करना होता था क्योंकि पश्चिमी अवधारणाओं के अनुसार उसे शासन करने का कोई 'दैवी' अधिकार नहीं प्राप्त था। जब इस मूल चरित्र का पालन नहीं होता है तो विकृतियां व समस्यायें पैदा होना अवश्यंभावी है। राज्य का शासन केवल दंडात्मक प्राविधानों की सहायता से नहीं हो सकता है। ऐसे में स्पष्ट है कि केवल लोकतंत्र ही काफी नहीं है। बहुसंख्य जनता यह तय कर सकती है कि शासन कौन करेगा, लेकिन शासक को यह तय करना होगा कि शासन के विभिन्न अंग-कार्यपालिका, विधायिका व न्यायपालिका 'धर्म' के आधार पर काम करें और उनका आंकलन भी इसी आधार पर किया जाए।

# भारत में फलता-फूलता लोकतंत्र

**प्रफुल्ल गोराडिया**
(लेखक, लोकप्रिय स्तंभकार हैं)



कुछ खास व्यक्तियों द्वारा बनाई जा रही लोकप्रिय धारणा के विपरीत, देश में लोकतंत्र फल-फूल रहा है। पिछले कई महीनों से यात्रा करते समय, व्यक्ति को अखबार पढ़ने या टेलीविजन चैनल को याद करने के लिए कठिन दबाव डाला जाएगा, जिसमें किसी ने शिकायत नहीं की है कि भारत में लोकतंत्र को दरकिनार किया जा रहा है, या 'लोकतंत्र खतरे में है'। या, अधिक राजनीतिक रूप से फैशनेबल आरोप है कि हम 'फासीवादी ताकतों' द्वारा शासित हैं जो लोकतंत्र को निगल लेने पर आमादा हैं। जो लोग ऐसा कहते हैं, वे फासीवाद के बारे में अस्पष्ट विचार नहीं रखते हैं, उन ऐतिहासिक परिस्थितियों को छोड़ दें जिन्होंने इस विचारधारा को जन्म दिया।

यदि कोई, तर्क के लिए, इस आरोप का मंथन करता है कि लोकतंत्र वास्तव में खतरे में है कि नहीं, तो इस तरह के आरोप का स्वाभाविक परिणाम होगा कि यह 'लोकतंत्र के लिए खतरा' कहाँ से उत्पन्न होता है? यदि सत्ताधारी सरकार के कारण लोकतंत्र को खतरा माना जाता है, तो विपक्षी दल जब भी और जहां भी चुनाव होते हैं, एकजुट होकर चुनाव जीतने की कोशिश क्यों नहीं करते? महागठबंधन बनाने के लिए कई बैठकें और सम्मेलन हुए हैं, लेकिन शायद ही कभी कोई गठबंधन सामने आता है।

बीते वर्षों में, मैं संसद में मौजूद रहा हूं और इसकी कार्यवाही में सक्रिय रूप से भाग लिया है। जिस समय मैं सदस्य था, उस दौरान हम एक बार भी वॉक आउट नहीं किए थे। न ही कांग्रेस विपक्ष ने वॉक आउट किया। मार्क्सवादियों की भी बड़ी संख्या थी। मैंने जो सीखा है, वह यह है कि विपक्ष के लिए, संसद प्रदर्शन करने का सबसे अच्छा मंच है। इसके दो मुख्य चेहरे हैं: सरकार की नीतियों में खामियों को इंगित करके विरोध करना और सत्ता में आने पर अपने कार्यक्रमों को पेश करने के अवसरों को समान रूप से उपयोग करना।

पिछले कई संसद सत्रों के दौरान, मुझे याद नहीं आता है कि कोई भी विपक्षी सदस्य किन्हीं नीतियों का प्रस्ताव करते हैं जिनका कि वे सत्ता में आने पर पालन करेंगे। विपक्ष के लिए यह कितना शानदार अवसर है कि वह अपने घोषणापत्र को संसद के पटल पर टीवी चैनलों के साथ प्रचारित करे। लेकिन हाल ही में, और विशेष रूप से 2004 के बाद से,



विपक्षी सदस्यों के लिए सदन के वेल में भागना और सदन को स्थगित करने के लिए मजबूर करने का काम अक्सर होता रहा है। सत्र का समय ज्यादातर विपक्ष के लिए एक नुकसान है, जिसके पास राष्ट्रीय स्तर पर व्यक्त करने के लिए कुछ अन्य टेलीविजन प्लेटफॉर्म हैं। सरकार के लिए, जब तक वह अपना कानून पारित कर पाती है, उसका कार्यकाल पूरा हो जाता है। लेकिन विपक्ष को क्या फायदा? इसके विपरीत, वाकआउट का तमाशा देखने वाले लोगों का काफी बड़ा वर्ग यह महसूस करता है कि सांसद अपना वेतन और लाभ लेते हैं लेकिन बहुत कम या कोई काम नहीं करते हैं।

विरोध करने के और भी अधिक प्रभावी तरीके हैं, जैसे कि काला कपड़ा पहनना, अन्य रंगों से चेहरों को ढंकना, और सीढ़ियों पर बैठना, न कि उनकी सीटों पर। टेलीविजन देखने वाले लोगों को यह बताने के लिए कि वे कुछ पोस्टर ले जा सकते हैं। विपक्षी दल अन्य शांतिपूर्ण तरीकों के बारे में सोच सकते हैं जिससे जनता विरोध के बारे में जान सकती है, फिर भी संसद के सदन चल सकते हैं। लोकतंत्र तब भी जीवित और प्रहार करता प्रतीत होगा। विधायिका कार्य करती हुई प्रतीत होती है, कार्यपालिका को समय-समय पर कार्य के लिए लिया जाता है और निम्न पर विचार करना चाहिए कि उन्हें कैसे सक्रिय और सधा हुआ देखा जा सकता है।

सार्वजनिक संस्थानों को काम करने से रोकने के लिए जो कुछ भी किया गया, वह अंतत: अल्पसंख्यकों, विपक्ष और कम सदस्यों वाले किसी भी समूह के हितों को नुकसान पहुंचाएगा। यह उल्लेखनीय है कि शिक्षा में पिछड़ने वाले कई लोगों सहित अपनी सभी विविधताओं के बावजूद लोकतंत्र ने हमारे देश में कितनी गहरी जड़ें खोद ली हैं। दशकों में राजवंशों का सफ्लतापूर्वक विकास हुआ है क्योंकि नेताओं ने विचारधाराओं, कार्यक्रमों और घोषणापत्रों को संक्षिप्त रूप देना पसंद किया है। दुर्भाग्य से, पार्टी के सदस्यों और मतदाताओं ने नेताओं को अवसर दिया है कि वे नेताओं, अपने पसंदीदा व रिश्तेदारों के लाभ से परे हट जाएं। वैसे भी, विविधता और विभिन्न भाषाओं के देश में, संचार मुश्किल है, यही कारण है कि मतदाताओं को कार्यक्रमों के बजाय व्यक्तित्व के साथ पहचानना आसान लगता है।

मतदाता और सरकार के बीच की स्थायी कड़ी वो विश्वास है जिसे सरकार मतदाता में विकसित करती है। एक उम्मीदवार का चुनाव संपूर्ण अर्थ में नहीं होता बल्कि वह मतदाता के निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के बीच उसकी पसंद होता है। आम तौर पर, मतदाता उस उम्मीदवार को चुनता है जो उसके हितों के लिए बेहतर प्रतीत होता है। कोई उसकी पसंद से सहमत हो या न हो लेकिन फिर भी यह उसकी पसंद होता है। कुल मिलाकर, चुनाव के पीछे आम समझ होती है। मैं चीनी आक्रमण के बाद 1962 की बात करूं तो तार्किक रूप से तत्कालीन सत्ताधारी दल यानी कांग्रेस का सफाया हो जाना चाहिए था। परन्तु ऐसा नहीं हुआ। देश भर में विपक्षी उम्मीदवारों की गुणवत्ता क्या थी? और क्या वे इतने संगठित थे कि देश पर शासन करने के लिए उन पर भरोसा किया जा सके? आज स्थिति उससे कैसे बेहतर है?

एकविचारशील नागरिक के लिए, भीड़ या बड़े समूहों में फ्लोर पार करने को, विधायकों के अब तक के अति सामान्य नाटक के साथ लपेटा जा रहा है, उन्हें पांच सितारा होटलों में बंदी बना लिया जाता है, यह मानते हुए कि अन्य पार्टियों द्वारा उनके अवैध शिकार को रोका जा सके, तो क्या यह सब हास्यास्पद नहीं है। व्यवस्था में मतदाता के विश्वास को कम करने में कई खामियां योगदान करती हैं। आखिरकार, जो लोग नियमित रूप से लोकतंत्र और उसके भविष्य के बारे में आशंका व्यक्त करते हैं, ये वही लोग हैं, जो आसानी से विधानसभा के फ्लोर को पार कर जाते हैं।

## आप की बात

### अधिकारियों की भूमिका

**हाल** में वर्ष 2020 बैच के 175 भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू से भेंट की। राष्ट्रपति ने कहा कि वे विकास योजनाओं को समाज के वंचित लोगों तक पहुचाने के लिये कार्य करें। कल्याण योजनायें तभी सफल होंगी जब उनका लाभ गरीबों और समाज के सबसे निचले पायदान पर बैठे व्यक्ति तक आसानी से पहुंचे। इसके लिये लोकसेवकों को पूरे उत्साह के साथ अपने क्षेत्र के विकास के लिये मॉनव सूचकांक के मामले में नंबर वन बनने का प्रयास करना चाहिये। देश के लचर प्रशासन तन्त्र के कारण कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के सबसे गरीबों तक नही पहुंच पाता। जबकि सरकार द्वारा गरीबों के लिये खाद्यान्न योजना, वृद्धों को पेंशन आदि अनेकों लाभकारी योजनायें चला रही है। यदि इसके बावजूद देश में भुखमरी की बातें हो तो यह चिन्ताजनक है। जिम्मेदार अधिकारियों को आम जनता के बीच जाना होगा और विकास योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने और उसे भ्रष्टाचार मुक्त करने के लिये सरकार को अधिकारियों की जवाबदेही तय करना चाहिये। तभी भारत देश विकसित बन पायेगा।

-**कुलदीप मोहन त्रिवेदी,** उन्नाव

### भ्रष्टाचार पर प्रहार

**जाहिर** है कि देश में पहली बार 500 करोड़ से भी अधिक लागत के ट्विन टावर को सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर ध्वस्त कर दिया गया। यद्यपि सुपरटेक बिल्डर ने बिल्डिंग को बचाने के काफी प्रयास किए, किंतु कानून ने अपना काम पूरा कर याचिकाकर्ता को राहत प्रदान की। 2011 में उपभोक्ताओं ने कोर्ट की शरण लेकर ट्विन टावर्स को भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिया। सरकार और नेता दोनों की संदेहास्पद भूमिका होने से ही इतनी बड़ी बिल्डिंग बगीचे की जमीन पर बन सकी अन्यथा इतना इस तरह की हिमाकत केवल बिल्डर्स की नहीं हो सकती। अच्छा हुआ जिस इमारत को गिराने के बाद किसी तरह का जनहानि नहीं हुई। भारतीय इंजीनियरों की यह बड़ी सफलता है, यद्यपि पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव गिरेगा जिसे लोग खुशी से सहन कर लेंगे, क्योंकि उनको न्याय से बहुत बड़ी भी राहत मिली है। इससे सभी बिल्डरों को सबक लेना होगा कि किसी शासकीय या कृषि उपयोगी जमीन पर बिना परमिशन के कोई निर्माण कार्य नहीं करें। इस प्रकरण में जो बिल्डर्स या जो भी लोग दोषी हों, उन्हें दंडित करना चाहिए।

-**बी एल शर्मा,** उज्जैन

### पाकिस्तान पर संकट

**पाकिस्तान** के कुछ प्रांतों में भीषण बाढ़ आई हुई है और पाकिस्तान विश्व भर के देशों से मदद की गुहार लगा रहा है। भारत से भी उसने मदद देने की मांग की है। हमारा देश हमेशा ही एक दरिया दिल देश रहा है, वह अपने आस-पड़ोस के देशों की मदद करना अपना फर्ज समझता है। भले पाकिस्तान भारत का कट्टर दुश्मन रहा हो, चाहे 70 साल से वह भारत से दुश्मनी का भाव रखता हो, भारत आज भी उससे अपने संबंध सुधार सकता है। भारत ने हमेशा प्राकृतिक आपदा के समय उसकी मदद की है। लेकिन मदद के बाद भी वह भारत का भला कभी नहीं सोचता है। अत: हमारा तो यही कहना है कि अगर वह भारत से एक सच्चे दोस्त की तरह दोस्ती चाहता है तो उसे भारत की बदनामी और भारत में आतंकवाद फैलाना बंद करना होगा। अगर वह ऐसा करता है तो भारत भी अपनी तरफ से उसे हर तरह की मदद पहुंचाने के लिए हमेशा तैयार रहेगा। मगर सोचने वाली बात विशेष यही है कि क्या पाकिस्तान आज आतंकवादियों को कश्मीर में भेजना बंद कर देगा यह आज सबसे बड़ा प्रश्न चिन्ह है।

**मनमोहन राजावत राज**, शाजापुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**कुपोषण** के खिलाफ पूरे देश में अनेक रचनात्मक व विविधतापूर्ण प्रयास हो रहे हैं।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

**राजग** सरकार में केन्द्रीय एजेंसियां अपनी विश्वसनीयता खो चुकी हैं।

– **शिवाकांत तिवारी**
राजद नेता





**पाकिस्तान** की जनता हमारी प्राथमिकता है। हम उसकी सहायता में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

– **जन. कमर जावेद बाजवा**
पाकिस्तानी सेना प्रमुख

# आधारभूत ढांचा विकसित कर रही योगी सरकार

## कानपुर और वाराणसी में बनाये जा रहे मल्टी स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश के खिलाड़ी देश और दुनिया सभी जगह अपनी छाप छोड़ रहे हैं। आने वाले समय में इनकी संख्या में और इजाफा होने जा रहा है। प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार के प्रयासों से खेलों की ढांचागत संरचना में आमूलचूल बदलाव किए जा रहे हैं। जहां खेल निदेशालय की तरफ से राज्य के कई जिलों में नए खेलों का इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया जा रहा है तो प्रदेश सरकार की अपील पर कानपुर और वाराणसी जैसे शहरों में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत अत्याधुनिक स्टेडियम का निर्माण हो रहा है। इसका फायदा प्रदेश के खिलाड़ियों और खेलों को मिलेगा और वो अंतर्राष्ट्रीय फलक पर देश और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।



खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश के निदेशक आरपी सिंह के मुताबिक, राज्य में बड़े स्तर पर खेलों का इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलप किया जा रहा है। इसके तहत, सिर्फ लखनऊ में ही स्विमिंग पूल और वेलोड्रम का निर्माण हो रहा है। इसके अलावा अन्य जिलों में भी अलग-अलग खेलों से जुड़े कोर्ट व स्टेडियम का निर्माण हो रहा है। मिर्जापुर, अलीगढ़, बस्ती, देवीपाटन और मुरादाबाद जैसे शहरों में 50-50 खिलाड़ियों की क्षमता वाले स्पोर्ट्स हॉस्टल का निर्माण हो रहा है तो शामली और हापुड़ जैसे शहरों में स्टेडियम बनाया जा रहा है। वाराणसी में भी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण हो रहा है। इसका फायदा सीधे तौर पर खिलाड़ियों को मिलेगा। साथ ही, अंशकालिक कोच भी बढ़ाए जाएंगे, जिससे रोजगार सृजन भी होगा। पीएम मोदी के महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट स्मार्ट सिटी के तहत कानपुर और वाराणसी में दो अत्याधुनिक मल्टी स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स बनाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस प्रोजेक्ट के लिए राज्य में भूमि उपलब्ध कराई है। डबल इंजन की सरकार के फैसले के फलस्वरूप इन मल्टी स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में बैडमिंटन, स्क्वाश, स्विमिंग पूल, हॉकी, बॉक्सिंग समेत 22 से ज्यादा खेलों का इंफ्रास्ट्रक्चर मौजूद होगा। कानपुर में पालिका स्टेडियम में बनाए जा रहे इस मल्टी स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में जिम, जकूजी जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी।

## जन सुविधाओं को बेहतर बनाएगी योगी सरकार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**योगी** सरकार ईज ऑफ लिविंग के अनुसार सुविधाएं और बेहतर करने जा रही है। इसकी गारंटी दी जाएगी कि उनकी सुविधाएं बेहतर होंगी। इसीलिए निकाय द्वारा दी जाने वाली सभी सुविधाएं ऑनलाइन की जाएंगी। इससे लोग घर बैठे जान सकेंगे उनको कौन.कौन सी सुविधाएं मिल रही हैं। स्थानीय निकाय निदेशक नेहा शर्मा ने इसके लिए निकायों से सुविधाओं संबंधी सभी जानकारियां निकायवार मांगी हैं। ईज ऑफ लिविंग में तय मानक के अनुसार सुविधाएं दी जाएंगी। स्थानीय निकाय निदेशालय अब यह पता लगाना चाहता है कि जो मानक तय किए गए हैं उसके अनुसार सुविधाएं दी जा रही हैं या नहीं। अगर इसमें कोई खामी रह गई है तो उसे अभियान चलाकर दूर किया जाए।

निकायों से पूछा गया है कि उनके यहां कुल कितने भवन हैं। इनमें कुल कितने परिवार रहते हैं। नलकूपों की संख्या कितनी है। कितने भवनों में पानी का कनेक्शन है और पानी की गुणवत्ता की जांचने के लिए कितने लैब हैं। मौजूदा समय कितने घंटे पानी की आपूर्ति की जा रही है और कितना लीकेज हो रहा है। इसमें सुधार की दिशा में क्या कदम उठाए जा रहे हैं। इसके आधार पर जो भी खामियां हैं उनमें सुधार किया जाएगा जिससे लोगों को और बेहतर सुविधाएं दी जाएं। शहरी क्षेत्रों में निकाय ने कितने क्षेत्र और किलो मीटर सड़क बनवाई है। इसमें पक्की, अर्द्धपक्की और कच्ची सड़कों की कितनी संख्या है। जिला मुख्यालय से निकाय तक संपर्क मार्गों की क्या स्थिति है। इसमें सुधार की दिशा में क्या काम अब तक गए हैं। इसके साथ ही किस मद में कितने किलो मीटर सड़क बनवाई जा रही है और कितना बनवाने की जरूरत है।

## मदरसों में कार्यरत महिला कार्मिकों को मिलेगा मातृत्व अवकाश व बाल्य देखभाल

**लखनऊ।** मदरसों में कार्यरत महिला कार्मिकों को माध्यमिक शिक्षा विभाग व बेसिक शिक्षा विभाग में लागू नियमों के आलोक में मातृत्व अवकाश व बाल्य देखभाल अवकाश दिये जाने का कार्यकारी आदेश जारी किया गया है। अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने बुधवार को यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि विवादित प्रबंध समिति की दशा में किसी सहायता प्राप्त मदरसे में किसी कार्मिक की मृत्यु की दशा में मृतक आश्रित कोटे में मदरसे के प्रधानाचार्य व जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी द्वारा नियुक्ति होने तथा वैध प्रबन्ध समिति के अस्तित्व में आने पर कार्योत्तर अनुमोद प्राप्त किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मदरसों में कार्यरत महिला कार्मिकों को माध्यमिक शिक्षा विभाग व बेसिक शिक्षा विभाग में लागू नियमों के आलोक में मातृत्व अवकाश व बाल्य देखभाल अवकाश दिये जाने का कार्यकारी आदेश जारी किया गया है।

# ग्रामीण क्षेत्रों में पीएम स्वनिधि योजना चलाने के लिए प्रस्ताव बनाएंः केशव

## 75 नए विकास खंडों के गठन के बारे में ज्वाइंट कमिश्नर की अध्यक्षता में बनाई जाए कमेटी सभी बिंदुओं पर किया जाए अध्ययन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उपमुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि शहरी क्षेत्रों की तरह ग्रामीण क्षेत्रों में पीएम स्वनिधि योजना चलाए जाने से ग्रामीण क्षेत्रों में रेहड़ी, पटरी दुकानदारों को अपना उद्यम/व्यवसाय करने में आसानी और सुगमता होगी। उन्होंने इस सम्बन्ध में ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह इसके लिए प्रस्ताव तैयार कर इसके निमित्त निर्धारित प्लेटफार्म पर रखें।

उन्होंने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह मनरेगा में 100 दिन काम करने वाले श्रमिकों का श्रम विभाग के पोर्टल पर अनिवार्य रूप से पंजीकरण कराया



जाना सुनिश्चित करें, ताकि श्रम विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं का लाभ श्रमिक उठा सकें, उन्होंने कहा कि मजदूरों के रजिस्ट्रेशन में उनका भरपूर सहयोग किया जायए इस हेतु उन्हें व उनके परिवार को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी देते हुए उन्हें पंजीकरण के लिए प्रोत्साहित किया जाए। पंचायतो में कार्यरत रोजगार सेवकोंध्पंचायत सहायकों को प्रतिदिन कम से कम 05 मजदूरो का रजिस्ट्रेशन कराने हेतु लक्ष्य निर्धारित किया जाय। कहा कि बीओसी बोर्ड को श्रमिकों का आधार नम्बर व मोबाइल नम्बर दिया जाय। कहा कि जिलों के अधिकारी फील्ड का लगातार भ्रमण करें। केशव प्रसाद मौर्य आज विधान भवन के कार्यालय में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में ग्राम्य विकास विभाग के कार्यों के क्रियान्वयन व उनकी प्रगति की समीक्षा कर रहे थे।

# बंदियों के हाथ से तैयार उत्पाद बनेंगे एमएसएमई का हिस्साः धर्मवीर प्रजापति

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कारागार** मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने कहा कि कैदियों द्वारा बहुमूल्य व उपयोगी उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी मंशा है कि यह उत्पाद जनता तक पहुंचे। उन्होंने बताया कि जेलों के बाहर आउटलेट लगाने के साथ ही एमएसएमई से भी वार्ता चल रही है। मेरा प्रयास है कि बंदियों के उत्पादों को एमएसएमई के माध्यम से जोड़ा जाए एवं इसका व्यापक प्रचार प्रसार किया जाय। कारागार मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने यह बात बुधवार को अपने सरकारी आवास पर आयोजित पत्रकार वार्ता में कही।

उन्होंने कहा कि बंदियों द्वारा बनाये गये उत्पादों का बेहतर मूल्य उनको प्राप्त हो सके इस दिशा में सकारात्मक प्रयास किया जा रहा है। धर्मवीर प्रजापति ने बताया कि आगरा जेल में एक महिला कैदी ने गाय के गोबर से लकड़ी बनाया है जिसका इस्तेमाल अन्त्येष्ठि क्रिया में की जा रही है। इसके अलावा गोबर से पॉट भी बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कैदियों ने जलकुम्भी के इस्तेमाल से विभिन्न उपयोगी उत्पाद बनाये हैं, जिसको बेहतर मार्केट मिल जाय तो उनको बढ़िया स्वरोजगार मिल जायेगा। उन्होंने बताया कि कौशल विकास योजना के द्वारा कैदियों को हुनरमंद बनाया जा रहा है। इसी प्रकार पीलीभीत के जिलाधिकारी ने उन्नयन योजना से भी कैदियों को जोड़ा है। श्री प्रजापति ने बताया कि कार्यभार ग्रहण करने के बाद से प्रदेश की लगभग 32 जेलों का दौरा कर चुका है। इस दौरान बंदियों से सीधा संवाद भी किया। उन्होंने कहा कि दौरे के दौरान जानकारी मिली कि बहुत से ऐसे बंदी हैं जो छोटे-2 अपराधों में बंद है, जिनकी आयु बहुत कम है तथा जिनकी आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण उनकी प्रभावी ढंग से पैरवी नहीं हो पा रही है। जनप्रतिनिधियों, जिलाधिकारी एवं पुलिस कप्तान से वार्ता कर आग्रह किया कि ऐसा प्रयास किया जाय जिससे कि कानून को दृष्टिगत रखते हुए इनका सुलह समझौता कराया जाय। जिससे कि कम आयु वाले बाहर आकर घर.परिवार की जिम्मेदारी निभा सके। प्रजापति ने बताया कि कैदियों से संवाद के दौरान अनुभव हुआ कि उनमें अपने किये अपराधों को लेकर पछतावा है।

# जल सुरक्षा की दिशा में मिशन मोड पर काम कर रही सरकारः स्वतंत्र देव सिंह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**जल** शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि मां गंगा और अन्य नदियों के पानी को प्रदूषण मुक्त करने के लिए आज देश और प्रदेश एक स्पष्ट रणनीति के साथ आगे बढ़ रहा है। देश में प्रधानमंत्री मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में चल रही सरकार जल सुरक्षा की दिशा में मिशन मोड पर काम कर रही है। यह बातें जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने बुधवार को उदयगंज स्थित सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के सभागार में एक दिवसीय 'नदी समग्र चिंतन' कार्यक्रम में कहीं। उन्होंने कहा कि उनको पूर्ण विश्वास है कि नदियों के समग्र विकास पर शुरू हुए चिंतन से निकले सुझाव आने वाले समय में नदियों के पूनर्जागरण में लाभकारी साबित होंगे।



जल शक्ति मंत्री ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहा कि नदी समग्र चिंतन का मूल उद्देश्य नदियों के हर एक पहलू को विस्तार से समझाने और उसपर कार्य करने की एक प्रभावी योजना तैयार करना है। उन्होंने कहा कि आज समय की मांग है कि हम नदियों को पुनर्जागृत करके उन्हें जीवन के केन्द्र में पुनरू वापस लाएं जो उस क्षेत्र के विकास को गति प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि जन-जन के मन में इस भावना को लाना होगा कि नदियां हमारी माता समान हैं तो इनकी रक्षा करना भी हमारा कर्तव्य है। जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने नदियों का पुनर्जागरण पहले की सरकार के प्रमुख एजेंडे में है। केन्द्र व प्रदेश सरकार का इस दिशा में विशेष फोकस देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि देश की नदियों के जल का सदुपयोग हो, किसानों के खेत तक पर्याप्त पानी पहुंचे। ये सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। नदी समग्र चिंतन में विशेष रूप से नदियों में पानी की कमी, प्रदूषण, अतिक्रमण जैसी तीन प्रमुख समस्याओं को दूर करने के लिए देश भर से पहुंचे विशेषज्ञों ने अपने विचार रखे। जलशक्ति मंत्री ने नदी समग्र चिंतन में पधारे स्वामी चिदानन्द सरस्वती का स्वागत भी किया। स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने कहा कि नदियां जीवनदायिनी हैं। नदियों के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती।

## लखनऊ समेत कई शहरों में आयकर विभाग का छापा

**लखनऊ।** प्रदेश की राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश के कई शहरों में इनकम टैक्स ने छापे की कार्रवाई की है। इस सम्बन्ध में अभी फिलहाल इनकम टैक्स विभाग की तरफ से कोई अधिकारिक बयान नही आया है। माना जा रहा है आयकर विभाग की इस कार्रवाई में कई अफसरों व ठेकेदारों को टारगेट पर रखा गया है। उत्तर प्रदेश में 12 से अधिक भ्रष्ट और घूसखोर अफसरों के खिलाफ इनकम टैक्स विभाग ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए एक साथ 22 ठिकानों पर छापेमारी की है। मिल रही जानकारी के मुताबिक लखनऊ और कानपुर समेत 22 जगहों पर इनकम टैक्स की टीम ने एक साथ छापेमारी की है। बताया जा रहा है कि आयकर विभाग की इस कार्रवाई में उद्धयमिता प्रशिक्षण संस्थान संस्था, उद्योग विभाग, उद्यम विभाग के साथ कुछ प्राइवेट इंडस्ट्रियलिस्ट के यहां छापेमारी चल रही है। आयकर विभाग कि गुपचुप तरीके से शुरू हुई इस छापेमारी के बाद हड़कंप मचा हुआ है। लखनऊ के विपुल खंड में रहने वाले डीपी सिंह के यहां इनकम टैक्स की टीम सुबह-सुबह पहुंची। वह प्रॉपर्टी डीलर और ठेकेदार हैं। जानकारी के मुताबिक कानपुर में थाना पनकी और रावतपुर में प्रॉपर्टी डीलर और गेस्ट हाउस संचालक के ठिकानों पर आयकर का छापा पड़ा है। करीब 6 गाड़ियों से आए अधिकारियों ने एक साथ कई ठिकानों पर छापा मारा है। आयाकर विभाग की यह कार्रवाई अभी जारी है।

## दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति को लेकर संशोधित समय सारणी जारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**शैक्षिक** सत्र 2022-23 हेतु प्रदेश के अंदर तथा वाह्य प्रदेश में अध्ययनरत उत्तर प्रदेश के मूल निवासी छात्रों हेतु दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति कक्षा 11,12 एवं दशमोत्तर कक्षाओं सहित से संबंधित पाठ्यक्रमों का मास्टर डेटाबेस तैयार करने हेतु प्रस्तावित संशोधित समय सारणी निर्गत की गई है। इस संबंध में निदेशक समाज कल्याण राकेश कुमार ने बताया कि प्रदेश में स्थित मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों द्वारा मास्टर डाटा बेस में सम्मिलित होने के लिए 13 सितंबर 2022 तक आवेदन किए जा सकेंगे।

उन्होंने बताया कि प्रदेश के बाहर की नवीन शासकीय अशासकीय सहायता प्राप्त संस्थाएं योजना अधिकारी निदेशालय लखनऊ से 13 सितंबर तक पासवर्ड प्राप्त करने हेतु ऑनलाइन एवं हार्ड कॉपी स्पीड पोस्ट किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि 16 सितंबर 2022 तक योजना अधिकारी से पासवर्ड प्राप्त करके मास्टर डाटा में संपूर्ण सूचनाएं भरकर अपलोड करके डिजिटल हस्ताक्षर से प्रमाणित किया जाएगा। कुमार ने बताया कि 14 सितंबर 2022 से 17 अक्टूबर 2022 तक प्रदेश के अंदर संबंधित विश्वविद्यालय एवं अन्य एफिलिएटिंग एजेंसी के नोडल अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक कक्षा 11,12 हेतु तथा जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा शिक्षण संस्थाए, पाठ्यक्रम, पाठ्यक्रम का प्रकार, सीटों की संख्या एवं फीस आदि को अंकित कर उसकी प्रामाणिकता को डिजिटल हस्ताक्षर से ऑनलाइन सत्यापित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 17 सितंबर 2022 से 17 अक्टूबर 2022 तक सभी संस्थानों के प्रकार पाठ्यक्रम, पाठ्यक्रम का प्रकार, सीटों की संख्या एवं फीस का विवरण प्राप्त अभिलेखों के आधार पर ऑनलाइन लॉक किया जाएगा। 18 अक्टूबर 2022 से 22 नवंबर 2022 तक प्रमाणिकता को संबंधित शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष द्वारा ऑनलाइन सत्यापित किया जाएगा।

## कम बारिश के बाद भी किसानों को नहीं होने देंगे परेशानः कृषि मंत्री

**लखनऊ।** कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने आश्वासन दिया है कि कम बारिश से उत्पन्न स्थिति से निपटने के लिए कृषि विभाग किसानों को हर संभव मदद करेगा। उन्होंने प्राकृतिक खेती प्रोत्साहन रणनीति, आगामी मिलेट्स वर्ष की तैयारी, तोरिया बीज के दो लाख फ्री किट बांटने और आगामी समय में सब्जियों तथा दालों के बीजों के मिनी किट बांटने की तैयारी की समीक्षा की। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बुधवार को कृषि भवन में आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक में बताया कि कृषि विभाग वर्ष 2023 को मिलेट्स वर्ष के रूप में मनाने तथा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए योजनाबद्ध रणनीति तैयार कर रहा है। उन्होंने तोरिया बीज के दो लाख फ्री किट किसानों तक शीघ्र पहुंचाने की रणनीति की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि आगामी समय में सब्जियों तथा दालों के बीजों के मिनी किट भी कृषि विभाग द्वारा किसानों को बांटे जाने की तैयारी है। शाही ने बताया कि इस वर्ष 30 हजार नए सोलर पंप वितरित करने का लक्ष्य है। इसके तहत 10 हजार सोलर पंप के लिए प्रचार प्रसार किया जा चुका है। इसके सापेक्ष अभी तक कुल 19 हजार ऑनलाइन आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। उपयुक्त पाए गए आवेदनों के प्रति सोलर पंप स्थापित करने की प्रक्रिया तेजी से गतिमान है।

## हास्यास्पद बयानों की वजह से साख खो चुके हैं अखिलेशः गिरीश चन्द

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** में सामाजिक भेदभाव को लेकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव के बयान पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीश चंद्र यादव ने तंज कसा है। उन्होंने कहा है कि सपा प्रमुख विधानसभा चुनावों में मिली करारी हार के बाद बहक गए हैं। उनका दिमागी संतुलन बिगड़ गया है और इसका असर उनके बयानों में नजर आ रहा है। यादव ने कहा कि जिस तरह कांग्रेस नेता राहुल गांधी को उनके बयानों की वजह से देश की जनता गंभीरता से नहीं लेती उसी तरह अखिलेश यादव भी अपने हास्यास्पद बयानों की वजह से साख खो चुके हैं।

गिरीश चंद्र यादव ने कहा कि उनकी समस्या ये है कि वो अब तक खुद को प्रदेश का मुख्यमंत्री ही समझते हैं। उन्हें समझना चाहिए कि उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ के सुरक्षित हाथों में है। उत्तर प्रदेश के वोटरों ने लगातार दूसरी बार उनकी विचारधारा, उनके बयानों और उनकी छवि को नापसंद कर दिया है। उन्हें जनादेश का सम्मान करते हुए झूठ बोलने की आदत पर विराम लगाना चाहिए। क्योंकि उनके झूठ से अब जनता पर कोई फर्क नहीं पड़ने वाला और न ही उनका कुछ भला होने वाला है। गिरीश चंद्र यादव ने कहा कि प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार लगातार दलितों और वंचितों के हितों के लिए काम कर रही हैं। प्रदेश में जितनी भी योजनाएं चलाई जा रही हैं, उनके केंद्र बिंदु में दलित, पिछड़े और वंचित समाज ही है और उन्हें न सिर्फ पूरे सम्मान के साथ इसका फायदा मिला है बल्कि उनके जीवन स्तर में पहले की तुलना में काफी बदलाव आया है।

## सत्ता के अहंकार में डूबी है भाजपा सरकारः अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार सत्ता के अहंकार में पूरी तरह डूबी है। विपक्ष के प्रति उसकी असहिष्णुता अब बदले की भावना की कार्यवाही में बदल गई है। भाजपा सरकार का विकास से कोई सरोकार नहीं है। समाजवादी सरकार में जनहित में हुए विकास कार्यों को भाजपा सरकार प्राथमिकता से बर्बाद करती जा रही है। भाजपा सरकार की उपलब्धियों में झूठे दावे और जनता को बहकाने के अलावा और कुछ नहीं है।

अखिलेश ने कहा कि समाजवादी सरकार में लखनऊ में जनेश्वर मिश्र पार्क, गोमती रिवरफ्रंट, 1090 वूमेन पावर लाइन, जयप्रकाश नारायण इंटरनेशनल सेंटर, कैंसर हॉस्पिटल, कन्नौज में इत्र पार्क, उमर्दा



में काऊ मिल्क प्लांट जैसी लोक कल्याणकारी योजनाएं कार्यान्वित की गई थी। इनमें अधिकांश बर्बादी के कगार पर पहुंच गई हैं। यूपी डायल 100 नम्बर अपराध नियंत्रण के लिए एक कारगर योजना थी। ऐसे ही 102 नम्बर एम्बूलेंस सेवा प्रसूताओं के लिए तथा सड़क दुर्घटना में सहायतार्थ 108 नम्बर एम्बूलेंस सेवा समाजवादी सरकार में प्रभावी ढंग से प्रारम्भ की गई थी, जिसे भाजपा सरकार ने पूरी तरह से चौपट कर दिया है। उन्होंने कहा कि 2017 में भाजपा सरकार के आते ही इत्र पार्क का निर्माण बंद हो गया। कन्नौज का इत्र भाजपा को पसंद नहीं आया।

## विश्वकर्मा जयंती पर लखनऊ में टूलकिट एवं ऋण वितरण मेले का होगा आयोजन

**लखनऊ।** विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत 17 सितंबर को विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर लखनऊ में वृहद टूलकिट एवं ऋण वितरण मेले का आयोजन किया जायेगा। मौके पर लगभग दो हजार पारंपरिक कारीगरों को टूलकिट एवं ऋण स्वीकृत पत्र प्रदान किया जायेगा। यह जानकारी अपर मुख्य सचिवए सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम नवनीत सहगल ने बुधवार को निर्यात प्रोत्साहन भवन में करते हुए अधिकारियों को सभी तैयारियां समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत विगत पांच वर्षों में 143412 पारंपरिक कारीगरों को प्रशिक्षण एवं उन्नत किस्म के टूलकिट देकर लाभान्वित किया गया है। प्रशिक्षण प्राप्त लाभार्थियों को व्यवसाय के विस्तार हेतु प्रधानमंत्री मुद्रा योजना से जोड़कर उनकी पूंजीगत जरूरतों को पूरा कराया गया है।

## यूपी की सड़के आखिर कब होंगी गड्ढा मुक्तः कांग्रेस

लखनऊ। प्रवक्ता पंकज तिवारी कांग्रेस ने कहा कि प्रदेश में सडकों की हालत दिन प्रतिदिन बद्तर होती जा रही है। खराब सड़कों के चलते आये दिन हादसे में लोगों को अपनी जान गवानी पड़ती है। परन्तु सरकार इस पर कोई भी संज्ञान लेने को तैयार नहीं है। भारतीय जनता पार्टी ने अपने चुनावी काल में बड़े-बड़े लोक लुभावने दावों में एक दावा यह भी किया था कि वह प्रदेश को गड्ढा मुक्त बनायेगी। लेकिन वह इस पर खरी नहीं उतर पायी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सड़कों की हालत अत्यंत खराब है। बरसात के मौसम में सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे होने के कारण उन में जलभराव हो जाता है जिससे चलने वाले नागरिकों को तमाम समस्याओं का सामना करना पड़ता है। कभी-कभी तो उन्हें अपनी जान ही गवानी पड़ जाती है। परन्तु सरकार इसके लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है। सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में लगातार सड़कों की हालत खराब होती जा रही है। वर्तमान भारतीय जनता पार्टी प्रदेश को गड्ढा मुक्त बनाने की बात करती है, लेकिन आज उन्हीं गड्ढों की वजह से लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ रही है।

# मथुरा से गोकुल बैराज तक क्रूज सेवा जल्द शुरू की जायेगीःपर्यटन मंत्री




पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पर्यटन** एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि यमुना नदी में मथुरा से गोकुल बैराज के 22 किमी दूरी तक पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं के सुलभ आवागमन हेतु वाराणसी की तरह क्रूज/फेरी सेवा का संचालन किया जायेगा। इससे मथुरा में आने वाले देशी विदेशी सैलानियों को सुविधा होगी और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इस परियोजना के लिए इनलैण्ड वॉटरवे अथारिटी ऑफ इंडिया द्वारा रीवर क्रूज और फेरी सेवा के संचालन के लिए विस्तार से प्रस्तुतीकरण किया गया। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री सिंह बुधवार को पर्यटन भवन में मथुरा जनपद के यमुना में क्रूज सेवा संचालन के मुद्दे पर यूपी व्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा दिये गये प्रस्तुतीकरण का अवलोकन कर रहे थे।

इस बैठक में क्रूज सेवा के लिए घाटों के निर्माण के अलावा अन्य स्थापना सुविधाओं के विकास के प्रकरण पर विस्तार से चर्चा की गयी। मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि क्रूज सेवा के संचालन के लिए आगे की कार्यवाही को शीघ्रता से पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के सहयोग से शुरू की जाने वाली यह सेवा पर्यटकों के साथ ही किसानों एवं आमजनमानस के लिए उपयोगी सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि क्रूज के माध्यम से दोनों ओर के किसान अपने उत्पादों को बाजार तथा विक्रय स्थल तक तेजी से पहुंचाकर उसका वाजिब मूल्य प्राप्त कर सकेंगे। दूर-दूर से लोग इनका दर्शन एवं भ्रमण करने आते हैं, इससे पर्यटन की गतिविधियां बढ़ेगी। मथुरा में वृन्दावन, बरसाना, गोवर्धन सहित अन्य दर्शनीय स्थलों पर लाखों पर्यटक प्रति वर्ष आते हैं। उन्होंने बताया कि यमुना के किनारे क्रूज संचालन के मार्ग पर केसी घाट, कंस किला घाट, विश्राम घाट के अलावा जुगल किशोर घाट, स्वामी घाट, गऊ घाट, अखरूर घाट आदि स्थित हैं।

## प्रदेश में 2 जनजातीय संग्रहालयों का होगा निर्माणः जयवीर सिंह

**लखनऊ।** पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह एवं समाज कल्याण मंत्री असीम अरूण की संयुक्त बैठक में प्रदेश में दो स्थानों पर जनजातीय संग्रहालय स्थापित किये जाने पर विस्तार से विचार विमर्श किया गया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि जनजातीय संग्रहालय स्थापित करने के लिए भूमि चिन्हित कर अग्रिम कार्यवाही शुरू कराई जाए।

पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि प्रदेश में दो जनजातीय संग्रहालयों को निर्माण किया जाएगा। एक जनजातीय संग्रहालय संस्कृति विभाग द्वारा राजधानी अथवा किसी जनपद में उपयुक्त स्थान पर बनाया जायेगा और दूसरा संग्रहालय समाज कल्याण विभाग द्वारा स्थापित कराया जायेगा। इस संग्रहालय के निर्माण का मुख्य उद्देश्य जनजातीय समाज की प्राचीन परम्पराओं, मान्यताओं एवं संस्कृति को संरक्षित करके उसका संरक्षण, संवर्धन एवं परिवर्धन करना है। इन संग्रहालयों में जनजातीय समाज के रीति रिवाज, वेश भूषा, व्यंजन को प्रदर्शित करने के साथ उनके गौरवशाली इतिहास एवं समृद्ध परम्पराओं के प्रतीकों को भी प्रदर्शित किया जायेगा।

जनजातीय समुदाय अपनी गौरवशाली परम्परायें हैं एवं अतीत की थाती समेटे हुए है, इनके लोककला एवं संस्कृति से जुड़े विषयों को भी संरक्षित किया जायेगा।

# कारपोरेट की तर्ज पर होगी व्यवसायिक संपत्तियों की नीलामी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**एलडीए** अपनी बड़ी व्यावसायिक सम्पत्तियों को कॉरपोरेट कंपनियों की तर्ज पर बेचने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए विभिन्न योजनाओं में अनिस्तारित व्यवसायिक सम्पत्तियों को पूरी ब्रॉडिंग के साथ नये सिरे से लांच किया जा रहा है। व्यावसायिक सम्पत्तियों के निस्तारण में सहभागिता बढ़ाने के लिए प्राधिकरण की अध्यक्ष एवं मण्डलायुक्त द्वारा 1 सितंबर को प्रदेश व देश के प्रमुख निवेशकों, उद्यमियों और बिल्डरों के साथ प्राधिकरण भवन में बैठक की जाएगी।

बुधवार को एलडीए अपनी बेशकीमती व्यवसायिक संपत्तियों को कारपोरेट कंपनियों की तरही बेचेगा, जिसकी सहभागिता बढ़ानो के लिए प्राधिकरण की अध्यक्ष मंडलायुक्त रौशन जैकब निवेशकों के साथ बैठक करेंगी। एलडीए उपाध्यक्ष डॉ इन्द्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि प्राधिकरण के इतिहास में इस तरह का प्रयास पहली बार किया जा रहा है, जिसमें नीलामी में सहभागिता बढ़ाने के लिए उद्यमियों, बिल्डरों व निवेशकों के साथ सीधा संवाद स्थापित किया जाएगा। इसमें निवेशकों के समक्ष प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं में रिक्त ग्रुप हाउंसिंग, शॉपिंग मॉल एवं मल्टीप्लेक्स, होटल, सिटी क्लब, पेट्रोल पम्प, स्कूल, टेक्निकल एजुकेशन भूखण्ड, नर्सिंग होम, फैसेल्टीज, कन्वीनिएंट शॉप एवं मिश्रित भू.उपयोग की सम्पत्तियों का प्रेजेन्टेशन दिया जाएगा। इसके साथ ही सम्पत्ति खरीदने के इच्छुक निवेशकों को साइट विजिट भी कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि व्यावसायिक सम्पत्तियों के निस्तारण के लिए बेहतर मार्केटिंग नीति के तहत कार्य करते हुए सम्पत्तियों का व्यापक प्रचार.प्रसार भी कराया जा रहा है। प्राधिकरण के सचिव पवन कुमार गंगवार ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि व्यावसायिक भूखण्डों की ई.नीलामी 17 अक्टूबर 2022 को की जाएगी।

खैराबाद व इंटौजा टोल टैक्स पर आज से बढ़ी दरें

# रात 12 बजे से 5 से 50 रुपये तक ज्यादा टैक्स का करना होगा भुगतान

● बढ़ी दरों पर अस्टिेंट मैनेजर मंयक महावर ने दी जानकारी

●नेशनल हाइवे 24 खैराबाद टोल बढ़ोत्तरी पर बोले वाहन स्वामी/चालक

संवाददाता। सीतापुर



**लखनऊ-सीतापुर** नेशनल हाइवे पर आज रात 12 बजे से टोल प्लाज़ा की बढ़ी दरे लागू हो जाएंगी। जिससे अब लोगो की जेब पर बोझ पड़ जाना स्वाभाविक है। टोल प्लाजा पर बढ़ी वृद्धि में 5 रूपये से 50 रूपया अब ज्यादा टोल टैक्स चुकाना होगा। टोल टैक्स की बढ़ी दरों को लेकर अस्टिेंट मैनेजर मंयक महावर ने कहा कि लिस्ट चस्पा करवा दी है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआइ) ने सीतापुर और इटौंजा नेशनल हाइवे 24 पर स्थित टोल टैक्स पर जहां कार, जीप और वेन का एक तरफ़का फास्टैग लगी कार का 45 रुपये था वहां आज रात से बढ़ी दरों के बाद 50 रुपये हो जाएगा, वहीं खैराबाद और इटौंजा का आने-जाने का 65 रुपये शुल्क अदा करना पड़ता था जिसका टोल बढ़कर अब 75 रुपये हो गया है। इसके साथ-साथ लाइट कामर्शियल वाहन (एलसीवी) और मिनी बस का एक तरफका जाने का अभी तक 75 रुपये शुल्क था उसे बढ़ाकर 85 रुपये कर दिया गया है, वहीं आने जाने पर 115 रुपये के बजाय उसे बढ़ाकर अब 130 रुपये कर दिया है। इसी कड़ी में मल्टी एक्सल वाहन (एमएवी) दो एक्सल वाहन का जो टोल दर एक तरफ का 245 रुपये का था उस पर 35 रुपये की बढ़ोत्तरी हुई है, यानि अब 280 रुपये अदा करने होंगे, जबकि दोनो तरफ का जो शुल्क 370 रुपये पड़ रहा था उसकी जगह पर 420 रुपये देने होंगे। बढ़ती टोल टैक्स की दरों को लेकर वाहन मालिक व चालक से बात की तो उन्होंने कहा कि महंगाई बढ़ रही है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से ग्रामीण की मौत

**बरेली।** सड़क पार कर रहे एक ग्रामीण को तेजी से आ रहे किसी वाहन ने टक्कर मार दी उसकी मौके पर ही मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा फ्तेहगंज पूर्वी थाना क्षेत्र के नई बस्ती निवासी 50 वर्षीय महमूद शाह पुत्र महबूब शाह की आज सुबह गांव के पास स्थित पेट्रोल पंप के सामने हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई मृतक के घर वालों ने बताया कि महमूद साहब मजदूरी करता था और आज सुबह रोजाना की तरह सो कर उठने के बाद जंगल में जाने के लिए घर से निकला था लेकिन जब वह पेट्रोल पंप के सामने से सड़क पार कर रहा था तभी किसी अज्ञात वाहन ने उसको टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाला वाहन फ्रार हो गया मौके पर पहुंचे लोगों ने उसके घरवालों को सूचना दी लेकिन जब तक घरवाले मौके पर पहुंचे महमूद शाह की मौत हो चुकी थी घटना की जानकारी मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा उसकी पत्नी का नाम नन्ही बेगम है वह 7 बच्चों का पिता था।

# सावधान! बच्चा चोर की आशंका में पिटाई करने वाले 11 गिरफ्तार

● बच्चा चोर की अफवाह पर एसपी की अपील के बाद पुलिस आई एक्शन मोड में

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर के** वह लोग सावधान हो जाए जो कानून को अपने हाथ में ले ले रहे है। बच्चा चोर की आशंका में किसी की भी पिटाई कर दे रहे है, ऐसे लोगो को अब सीतापुर पुलिस समझाएगी नहीं बल्कि उनके खिलाफ एक्शन लेगी। जिसकी शुरूआत भी कर दी है। पिछले दिनों बच्चा चोरी की आशंका में सीतापुर के कई थाना इलाको में अराजक लोगो ने मानसिक विक्षिप्तो और बाबा तक की पिटाई कर दी थी। जिसके बाद पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चन्द्रभान को सीतापुरवासियों से यह अपील करनी पड़ी थी कि बच्चा चोरी जैसी कोई भी घटना नहीं हुई है, लिहाजा वह कानून को कतई अपने हाथ में न लें। बावजूद इसके बच्चा चोरी की आशंका में निर्दोशों को पीटने की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है, लेकिन अब पुलिस ने कानून को हाथ में लेने वालों के खिलाफकार्रवाई शुरू कर दी है। मंगलवार को शहर कोतवाली इलाके के शिवपुरी मोहल्ले में एक कबाड़ा को पकड़ लिया, तपती धूप में खम्भे से बांध दिया, जिसका वीडियो वायरल होने के बाद हरकत में आयी शहर कोतवाली पुलिस ने आनन-फानन कबाड़ी को खम्भे से बांधने वालों की पहचान की और फिर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी की। बच्चा चोरी की आशंका में कबाड़ी को खम्भे से बांधकर पीटने वालों मनीष पुत्र गयाप्रसाद, दीपक पुत्र प्रेमशंकर, शीर्ष द्विवेदी पुत्र ब्रम्हाप्रकाश, रामपाल पुत्र छोटेलाल और अनुज कुमार पुत्र प्रेमशंकर निवासीगण शिवपुरी को धारा 342, 323, 504, 506 के तहत गिरफ्तार कर लिया। इसी क्रम में रविवार की रात थाना रामकोट के रामनगर मिश्रिख के रहने वाले राकेश के मानसिक विक्षप्ति बेटे को चोर समझकर खम्भे से बांधकर पिटाई करने वाले 6 अभियुक्तों को रामकोट पुलिस ने गिरफ्तार किया है, इनमें सुशील और अंशू के खिलाफ नामजद मुकदर्मा दर्ज हुआ, जबकि चार अन्य लोग प्रकाश में आए सभी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

पांचवे निकाह के दौरान जमकर हुई मारपीट

# सात बच्चों का पिता करने पहुंच गया पांचवा निकाह, बच्चों ने जमकर पीटा

संवाददाता। सीतापुर

**शोरगुल चीख**-पुकार और एक दूसरे से हाथापाई, एक ही परिवार मे हो रही है, वह भी पिता के साथ उसकी पत्नी और बच्चे कर रहे है। यह पिता कोई साधारण नहीं है, यह 7 बच्चों का बाप है, फिर भी पांचवां निकाह करने जा रहा था, जिसकी खबर बच्चों और पत्नी को लगते ही वह सभी निकाह स्थल पर जा पहुंचे और फिर मारपीट शुरू हो गई। यह मामला है सीतापुर के कोतवाली देहात इलाके के सिटी स्टेशन का। यहां के पटिया मोहल्ले के रहने वाले रंगीन मिजाज 45 वर्षीय सफी अहमद कोतवाली देहात के नगरा गांव में पांचवी शादी करने जा रहे थे, तभी वहां बच्चे और दूसरी बीबी भी पहुंच गई। विवाद शुरू हुआ बात हाथापाई तक पहुंच गई जिसमें दूसरी बीबी और बच्चे चोटिल हो गया। जिनका इलाज जिला अस्पताल में कराया गया। विवाद के दौरान पांचवी दुल्हन बनने वाली मौके से फरार हो गई। फरार हुई महिला तीसरी शादी करने जा रही थी। आपको जानकर हैरानी होगी, 7 बच्चों का पिता शमी अहमद शादी करके अपनी बीबियों को तलाक दे देता था। पहली बीबी को तलाक देने के बाद दूसरी शादी जिससे की उसके 7 बच्चे हुए, जिससे तीसरी और चाथी शादी की उनको हज करने के लिए भेज दिया। और अब पांचवी शादी करने जा रहा था। पांचवी शादी करने वाले शफी की बेटी ने बताया कि उसके पिता ने बच्चों को खर्चा देना बंद कर दिया था और पांचवा निकाह करने जा रहे थे, जब विरोध किया तो महिला के परिजनों ने उसके साथ मारपीट की, पुलिस ने रंगीन मिजाज दूल्हें को गिरफ्तार कर लिया है।

## टोल टैक्स के बढ़े दामों पर राकेश राठौर का बड़ा बयान!

संवाददाता। सीतापुर

**आगामी नगर** पालिका व लोकसभा चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी सीतापुर के कार्यकर्ताओं में जोश भरने लगी है, चुनाव को मजबूती से लड़ने को लेकर सपा का सदस्यता अभियान भी जोरो पर है। बुधवार को सपा के जिला कार्यालय पर सदस्यता अभियान के प्रभारी पूर्व एमएलसी शंशाक यादव ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि पार्टी में ज्यादा से ज्यादा कार्यकर्ता जोड़े जिससे आगे सपा मजबूती के साथ चुनाव लड़े। कार्यक्रम पूर्व नगर विधायक राकेश राठौर ने कहा कि हम सभी को मजबूती के साथ चुनाव लड़कर सपा की लोगो नीतियां बताना है। टोल टैक्स बढ़ने पर राकेश राठौर ने बताया कि भाजपा सरकार से लोग त्रस्त है, इसीलिए जनता अब सपा की ओर भरी निगाहो से देख रही है। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष क्षत्रपाल सिंह यादव, महेन्द्र यादव, जयसिंह यादव, आकाश राजवंशी, शेखर यादव, मदन कनौजिया सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे। पूर्व नगर विधायक राकेश राठौर ने क्या कहा कि महंगाई से हर वर्ग त्रस्त है।

# विज्ञान प्रदर्शनी चल कर पहुंची छात्रों के पास

● विद्यार्थियों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं साइबर सुरक्षा के जटिल सिद्धांतों को रुचिपूर्वक समझा




**अकबरपुर।** भारत सरकार की संस्था राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद तथा इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड एडवांस्ड स्टडीज लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में चल रही कार्यशाला के अंतिम दिन विद्यार्थियों ने विज्ञान प्रदर्शनी एवं विज्ञान फिल्मों के माध्यम से दैनिक जीवन में विज्ञान की उपयोगिता को आसानी से समझा। जनता इंटर कॉलेज बाढ़ापुर तथा ब्राइट एंजेल्स एजुकेशन सेंटर अकबरपुर में मोबाइल साइंस एग्जीबिशन एवं विज्ञान फिल्मों का प्रदर्शन किया गया। प्रतिभागियों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सुरक्षा एवं विज्ञान के जटिल सिद्धांतों को सरलता पूर्वक समझाने के लिए आंचलिक विज्ञान नगरी लखनऊ से आई मोबाइल साइंस एग्जीबिशन बस का भ्रमण कराया। आंचलिक विज्ञान नगरी लखनऊ के शिक्षा अधिकारी रामकुमार व उनकी टीम ने विज्ञान प्रदर्शनी में लगे उपकरणों के संबंध में प्रतिभागियों को जानकारी प्रदान की। प्रतिभागियों ने प्रश्नोत्तरी, डिजिटल युग में मशीनें, मोबाइल फोन स्मार्ट मशीन, घरेलू उपकरण और ऊर्जा बचत, ट्रांसफार्मर, मोटर, जनरेटर, हाइड्रोलिक मशीन, घड़ी समय गणना यंत्र, रैक और पीनियन, बुनियादी विकास में मशीनें, कृषि यंत्र, कृषि यांत्रिकी, सौर ऊर्जा, सरल मशीनें आदि से संबंधित प्रयोगों को विशेषज्ञों के निर्देशन में स्वयं करके सीखा। तत्पश्चात विद्यार्थियों ने विज्ञान फिल्मों के माध्यम से तारों की सैर, ब्रह्मांड की उत्पत्ति आदि को देखकर ज्ञानार्जन किया तथा फिल्म के पश्चात फिल्म की विषय वस्तु से संबंधित क्विज द्वारा अपने ज्ञान को परखा। आईएमएएस लखनऊ के कार्यकारी सचिव डॉ. वीपी सिंह, कार्यक्रम संयोजक एवं विज्ञान संचारक डॉ. विकास मिश्रा, ब्राइट एंजेल्स एजुकेशन सेंटर के निदेशक बलवीर सिंह, प्रधानाचार्य पुष्पांजलि महाकुड, जनता इंटर कॉलेज ज्वालापुर के प्रधानाचार्य डॉ. योगेश मिश्रा, कानपुर देहात साइबर सेल के देवेन्द्र कुमार, जनता इंटर कॉलेज बाढ़ापुर के शिक्षक अतुल श्रीवास्तव एवं संतलाल के निर्देशन में उक्त तीन दिवस में कानपुर देहात जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए लगभग 700 विद्यार्थियों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तथा साइबर सुरक्षा के संबंध में व्यापक प्रशिक्षण प्राप्त किया एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में जिला विद्यालय निरीक्षक अरविंद कुमार द्विवेदी, जिला विज्ञान क्लब समन्वयक धर्मेश द्विवेदी, चंद्रा सत्यार्थी, स्वाति, प्रियंका, शशिकला, दुर्गेश नारायण, विशाल सिंह चौहान, दलजीत एवं बलराम का सराहनीय योगदान रहा।

# डीएम-एसपी ने किया जिला कारागार का औचक निरीक्षण

●निरीक्षण में ऑल इज वेल मिला जिला कारागार

संवाददाता । लखीमपुर खीरी



**बुधवार को** डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी संजीव सुमन ने मय टीम के साथ जिला कारागार की महिला एवं पुरुष बंदी ग्रह का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की पड़ताल की।

डीएम.एसपी ने बंदियों का हालचाल जानाए खाने.पीने के बारे में जानकारी प्राप्त कीए जेल प्रशासन को जरूरी दिशा निर्देश दिए। दोनों अधिकारियों ने स्वयं भोजन की गुणवत्ता देखी। उन्होंने विभिन्न बैरिकों में जाकर बंदियों से मूलभूत सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कारागार में साफसफाई व्यवस्था मिलने पर संतोष व्यक्त किया। निर्देश दिए कि इसी प्रकार प्रतिदिन जेल में साफसफाई बनाए रखी जाए। दोनों अधिकारियों ने टीम संग बैरिको में तलाशी अभियान चलाया किसी के पास भी कोई भी संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई। सबकुछ चाक चौबंद मिला।

इस दौरान दोनों अधिकारियों ने जेल के बैरक, पाकशाला, अस्पतालए, आदि का निरीक्षण किया। पुरुष एवं महिला बंदियों से वार्ता कर स्थिति का जायजा लिया। उनकी समस्याओं की जानकारी लेकर उनके निस्तारण के लिए जेल अधिकारियों को निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी जेल अधीक्षक/जेलर पंकज सिंह डिप्टी जेलर सुनील कुमार अजय कुमार सिंह व राजेंद्र कुमारी व चिकित्सक डा. दीपांकर रावत, डा. सुनील मौजूद रहे।

## बस से उतरते वक्त गई छात्रा की जान

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** गोला लखीमपुर मार्ग पर भल्लिया बुजुर्ग के पास का है। जहा गोला के सरस्वती विद्या मंदिर से पढकर वापस जा रही छात्रा कीर्ति पान्डेय निवासी भल्लिया बुजुर्ग कोतवाली गोला खीरी कक्षा 8 की बस से उतरते वक्त ही बस चालक द्वारा बस चला दी गई जिससे छात्रा बस की चपेट मे आ गयी छात्रा के सिर में चोट आई जिससे उसकी सांसें थम गइ। घटना के बाद छात्रा को सामुदायिक स्वास्थ्य गोला गोकर्ण नाथ लाया गया जहा डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव पंचायतनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया तथा बस को अपने कब्जे मे लेकर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है। छात्रा की मौत के बाद परिवारीजनों में मातम मचा हुआ है। पुलिस से आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# गन्ने के खेत में मिला नवजात, दम्पति ने लिया गोद

● ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पहुंचाया सीएचसी

●एक दंपति ने बच्चे को गोद लेने की जताई इच्छा, कागजी कार्रवाई हो रही पूरी

●संदना थाना क्षेत्र के गढ़ी खेरवा गणेषपुर गांव का मामला

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर के** संदना थाना क्षेत्र में एक नवजात गन्ने के खेत से बरामद होते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया। जहां पर भारी संख्या में ग्रामीणों का जमावड़ा लग गया, ग्रामीणों ने इसकी सूचना जब पुलिस को दी तो मौके पर पहुंची पुलिस ने नवजात को सिधौली सीएचसी भेज दिया। इलाज के बाद पुलिस ने उसे अपने संरक्षण में ले लिया तभी पास के ही एक गांव के रहने वाले दंपति ने बच्चे को गोद लेने की इच्छा जाहिर की जिस पर उन्हें कागजी कार्रवाई के लिए जिला कार्यालय के ऑफिस भेज दिया। आपको बता दें कि ग्राम खाले गढ़ी तथा गणेशपुर के बीच थाना संदना में एक नवजात गन्ने के खेत में पड़ा पाया गया था, जिसकी सूचना पुलिस को ग्रामीणों ने दी थी। पुलिस नवजात को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिधौली पहुंची जहां पर उसे प्राथमिक उपचार दिया गया, इसके बाद गणेशपुर निवासी प्रतिमा देवी पत्नी सर्वेश कुमार ने नवजात को गोद लेने की इच्छा जताई जिसपर पुलिस ने उनको बधाई देते हुए कागजी कार्रवाई के लिए जिला कार्यालय भेज दिया है।

## चोरों से सुरक्षा को लेकर अब ग्रामीण खुद कर रहे रतजगा

● चोरी की घटनाएं रोकने के लिए रात में गश्त कर रहे व्यापारी

●कमलापुर कस्बे में हो रही थी चोरियों को लेकर अब जाग रहे व्यापारी

●पुलिस के साथ खुद व्यापारी करते है कस्बे में गश्त

संवाददाता। कमलापुर सीतापुर

**आपने पुलिस** को तो रात में गश्त करते सुना होगा लेकिन सीतापुर के कमलापुर क्षेत्र में इस समय चोरों के आतंक से व्यापारी व ग्रामीण रात में गश्त करते नजर आ रहे है, कारण है कि कमलापुर कस्बे में हो रही दिन पर दिन चोरियों से आहत व्यापारी चोंरो के मंसूबों पर पानी फेरने के लिए रात में गश्त करने को मजबूर है, इनके साथ ही कस्बे में आरक्षी भी गश्त करते नजर आ रहे है। व्यापारियों की इस सतर्कता से चोरी की घटनाओं पर शायद अब रोंक लग सके। व्यापारियों के रतजगा किए जाने के बाद से पिछले 29 अगस्त से कमलापुर कस्बे मे चोरी की कोई घटना नही हुयी है। इस कार्य मे आरक्षी आकाश बाबू, ब्यापार मंडल कोषाध्यक्ष कमलापुर अनुराग जयसवाल, ब्यापारी इरफान अली, सद्दीक अली,उमंग जयसवाल आदि शामिल है। यह हाल उस कमलापुर कस्बे का है, जहां थाना भी स्थित है और कस्बे से होकर सीतापुर-लखनऊ जाने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग भी गुजरा है। लेकिन सीतापुर में चोरों के हौंसले इस कदर बुलंद हो चुके है कि थाना हों या फिर सीओ का आफिस आसपास चोरी करने में वह जरा भी नहीं डर रहे है। चोरों से सुरक्षा मिलने की पुलिस से आस छोड़ चुके लोग अब खुद अपनी सुरक्षा करने को मजबूर हो रहे है।

# पेज एक का शेष

## विपक्षी एकता...

मोर्चा बनाने की कोशिश कर रहे हैं। इसके लिए ममता बनर्जी, एमके स्टालिन, अरविंद केजरीवाल, उद्धव ठाकरे, शरद पवार तथा अखिलेश यादव से बातचीत कर रहे हैं। वहीं बताया जाता है कि नीतीश कांग्रेस समेत पूरे विपक्ष को एक मंच पर लाने के पक्ष में हैं। जब रिपोर्टरों ने केसीआर पर तीसरे मोर्चे की योजना को लेकर सवालों की बौछार शुरू की तो नीतीश ने दखल देते हुए कहा, 'यह मुख्य मोर्चा होगा।' दूसरी ओर भाजपा नेता सुशील कुमार मोदी ने अपने पूर्व मुखिया नीतीश कुमार और केसीआर पर तंज कसते हुए कहा कि यह दो दिवास्वप्न देखने वालों का मिलन था। उन्होंने कहा कि यह उन दो नेताओं की मुलाकात थी जो अपने अपने राज्यों में जमीन खो रहे हैं और आकांक्षा देश का प्रधानमंत्री बनने की है। राव ने प्रेसवार्ता के दौरान नीतीश कुमार को बड़े भाई कहकर संबोधित किया। भाजपा के खिलाफ मुखर रहे राव ने प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार और इसमें कांग्रेस की भूमिका से जुड़े सवाल के जवाब में कहा, इन चीजों पर समय आने पर फैसला किया जाएगा। हमें कोई जल्दी नहीं है। राव ने आरोप लगाया कि केंद्र की गलत नीतियों के कारण व्यवसायी देश से अपना पैसा निकाल रहे हैं। उन्होंने सशस्त्र बलों में भर्ती की अग्निपथ योजना को किसी भी विपक्षी दल से परामर्श किए बिना लाने के लिए मोदी सरकार की आलोचना की।

## उप्र में...

के दौरान, 24 जून, 2019 को योगी आदित्यनाथ की अगुवाई वाली सरकार ने इसी मुद्दे पर एक अन्य अधिसूचना जारी की और इस अधिसूचना को भी चुनौती दी गई और इस मामले में भी अंतरिम आदेश पारित किया गया। बुधवार को संबंधित पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने कहा कि केंद्र सरकार ही एक जाति को अनुसूचित जाति की सूची में शामिल करने के लिए अधिकृत है और राज्य सरकार के पास इस संबंध में कोई अधिकार नहीं है। उच्च न्यायालय के निर्णय को लेकर भाजपा पर हमला बोलते हुए समाजवादी पार्टी ने कहा कि 18 अति पिछड़े समुदायों को आरक्षण भाजपा सरकार की निष्क्रिय कार्रवाई की वजह से निरस्त किया गया। पार्टी ने ट्वीट किया, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने 18 अति पिछड़ी जातियों को अनुसूचित जाति में शामिल करने का अपना वादा पूरा किया था जिसे भाजपा की केंद्र सरकार द्वारा खारिज किया गया। तत्कालीन सपा सरकार और योगी सरकार ने मझवार, कहार, कश्यप, केवट, मल्लाह, निषाद, कुम्हार, प्रजापति, धीवर, बिंद, भर, राजभर, धीमान, बाथम, तुरहा, गोदिया, मांझी और मछुआ जातियों को अनुसूचित जाति वर्ग में शामिल करने का प्रयास किया था।

## यमुना एक्सप्रेस...

कंपनी ने जानकारी दी है कि आईआईटी दिल्ली के सड़क सुरक्षा ऑडिट में दिए गए सुझावों पर काम किया गया है। सड़क सुरक्षा के लिए यमुना एक्सप्रेस-वे पर 22 सुधार किए गए हैं। जिन पर कंपनी ने 130.54 करोड़ रुपए खर्च किए हैं। उन्होंने कहा कि इसे आधार बनाते हुए नई दरें प्रस्तावित की गई थीं।

## चिनूक हेलीकॉप्टरों...

पहला बैच 2019 में वायुसेना में शामिल किया गया था और इसकी निर्माता कंपनी बोइंग ने सभी हेलीकॉप्टरों की डिलीवरी 2020 तक पूरी कर दी थी। भारत ने सितंबर 2015 में 15 चिनूक और 22 अपाचे लड़ाकू हेलीकॉप्टरों के लिए 3.1 अरब डॉलर का सौदा किया था। इस समय ये सभी हेलीकॉप्टर भारतीय वायुसेना में परिचालन में हैं। बताया जा रहा है बोइंग इंडिया ने भारतीय वायुसेना को सूचित किया है कि वायुसेना द्वारा संचालित किए जा रहे चिनूक सीएच-47एफ (आई) हेलीकॉप्टर अमेरिकी सेना के बेड़े में आई समस्या से बिल्कुल भी प्रभावित नहीं हुए हैं। इस बीच, वाशिंगटन की रिपोर्टों में कहा गया है कि इंजन में आग लगने के खतरे के चलते अमेरिकी सेना ने चिनूक हेलीकॉप्टरों के अपने पूरे बेड़े को उड़ाने पर पाबंदी लगा दी है। यह हेलीकॉप्टर 1960 के दशक से युद्ध के मैदान में अमेरिका की ताकत बना हुआ था। यह खबर देने वाले अखबार वॉल स्ट्रीट जर्नल ने कहा कि इस तरह का कदम सावधानी के तहत उठाया गया। अधिकारियों ने वॉल स्ट्रीट जर्नल को बताया कि अमेरिकी सेना को हेलीकॉप्टरों में इंजन में आग लगने की छोटी घटनाओं के बारे में पता था। यह घटनाएं हाल के दिनों में हुईं।

## राजनीति का...

काफी बढ़ गई। पल-पल की खबरों के लिए जहां रिजॉर्ट के बाहर पत्रकारों का जमावड़ा है। वहीं कौतुहल के कारण आए नागरिकों की भीड़ ने भी सड़क का सूनापन दूर कर दिया है। कांग्रेस शासित छत्तीसगढ़ पिछले डेढ़ वर्ष से पर्यटन की राजनीति का केंद्र बन गया है। इस छोटी अवधि में यह तीसरी बार है, जब विधायकों की कथित खरीद-फरोख्त से बचने के लिए कांग्रेस या उसके सहयोगी दल के विधायकों को यहां ठहराया गया है। इसी श्रृंखला में एक कड़ी मंगलवार शाम को तब जुड़ गई, जब पड़ोसी राज्य झारखंड में सत्तारूढ़ संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) ने अपने 32 विधायकों को रायपुर के इस प्रसिद्ध रिजॉर्ट में भेज दिया। गठबंधन का मानना है कि भारतीय जनता पार्टी झारखंड में चल रहे राजनीतिक संकट का फायदा उठाकर कथित तौर पर उनके विधायकों की खरीद-फरोख्त की कोशिश कर सकती है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के सूत्रों के मुताबिक, मंगलवार शाम को विधायकों के रिजॉर्ट पहुंचने से पहले इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई तथा अगले कुछ दिनों के लिए झारखंड से आए मेहमानों के लिए लगभग सभी 40 कमरे बुक कर लिए गए थे। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि जब विधायक रायपुर के स्वामी विवेकानंद विमानतल पहुंचे तब छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं रामगोपाल अग्रवाल और गिरीश देवांगन के साथ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के 15 और कांग्रेस के 17 विधायक पुलिस के एक काफिले के साथ तीन बसों में सवार होकर रिजॉर्ट तक पहुंचे। उन्होंने बताया कि विधायकों के साथ कांग्रेस के झारखंड प्रभारी अविनाश पांडेय और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर भी रायपुर पहुंचे हैं।

## सोवियत संघ...

से मुक्त हुए और दशकों से जारी पूर्व-पश्चिम परमाणु टकराव का अंत हुआ। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने गोर्बाचेव को उल्लेखनीय दृष्टिकोण वाला व्यक्ति और एक दुर्लभ नेता करार दिया, जिनके पास यह देखने की कल्पनाशक्ति थी कि एक अलग भविष्य संभव है और जिनके पास उसे हासिल करने के लिए अपना पूरा करियर दांव पर लगा देने का साहस था। बाइडन ने एक बयान में कहा, इसके परिणामस्वरूप दुनिया पहले से अधिक सुरक्षित हुई तथा लाखों लोगों को और स्वतंत्रता मिली। एक राजनीतिक विश्लेषक एवं मॉस्को में अमेरिका के पूर्व राजदूत माइकल मैक्फॉल ने ट्वीट किया कि गोर्बाचेव ने इतिहास को जिस तरह से एक सकारात्मक दिशा दी है, वैसा करने वाला कोई अन्य व्यक्ति बमुश्किल ही नजर आता है। गोर्बाचेव के वर्चस्व का पतन अपमानजनक था। उनके खिलाफ अगस्त 1991 में तख्तापलट के प्रयास से उनकी शक्ति निराशाजनक रूप से समाप्त हो गई। उनके कार्यकाल के आखिरी दिनों में एक के बाद एक गणतंत्रों ने स्वयं को स्वतंत्र घोषित किया। उन्होंने 25 दिसंबर, 1991 में इस्तीफा दे दिया। इसके एक दिन बाद सोवियत संघ का विघटन हो गया। इसके करीब 25 साल बाद गोर्बाचेव ने एसोसिएटेड प्रेस (एपी) से कहा था कि उन्होंने सोवियत संघ को एक साथ रखने की कोशिश के लिए व्यापक स्तर पर बल प्रयोग करने का विचार इसलिए नहीं किया, क्योंकि उन्हें परमाणु सम्पन्न देश में अराजकता फैसले की आशंका थी। उनके शासन के अंत में उनके पास इतनी शक्ति नहीं थी कि वे उस बवंडर को रोक पाएं, जिसकी शुरुआत उन्होंने की थी। इसके बावजूद गोर्बाचेव 20वीं सदी के उत्तरार्ध में सर्वाधिक प्रभावशाली राजनीतिक हस्ती थे।

# आतंकवाद से संबंध पाए जाने पर असम में मदरसे पर चला बुलडोजर

एजेंसी। गुवाहाटी

**असम के** बोंगाइगांव जिले में अधिकारियों ने बुधवार को एक मदरसे को ढहा दिया जिसके परिसर में कथित तौर पर जिहादी गतिविधियां चल रही थीं। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।अधिकारी ने बताया कि अल-कायदा भारतीय उपमहाद्वीप और अंसार-उल-बांग्ला टीम से संबंध होने के संदेह में पिछले सप्ताह मदरसे के एक शिक्षक को गिरफ्तार किया था। अधिकारी ने कहा कि जिले के जोगीघोपा इलाके में स्थित दो मंजिला कबायतारी मा आरिफ मदरसे को तोड़ने के लिए बुलडोजर तैनात किए गए थे। मदरसे के परिसर में बने अन्य ढांचों को भी ढहा दिया गया।यह इस सप्ताह इस तरह की कार्वाई का दूसरा मामला है। इससे पहले सोमवार को बारपेटा जिले में एक मदरसे को ढहा दिया गया था, जिसमें कथित रूप से अंसार-उल-बांग्ला टीम के दो बांग्लादेशी सदस्य चार वर्ष से रह रहे थे।बारपेटा पुलिस ने इस मामले में मदरसे के प्रिंसिपल, एक शिक्षक और एक अन्य व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया था। बोंगाईगांव के पुलिस अधिकारी ने कहा कि मंगलवार रात गोलपाड़ा पुलिस को एक अभियान के दौरान कबायतारी मा आरिफ मदरसे की कैंटीन से जिहादी तत्वों से संबंधित दस्तावेज मिले थे, जिसके बाद इसे ढहाया जा रहा है। गोलपाड़ा पुलिस ने पिछले हफ्ते मदरसे के एक शिक्षक को गिरफ्तार किया था और उसके द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर छापेमारी की गई थी। पुलिस अधिकारी ने कहा, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारियों ने मदरसे को भवन मानदंडों के उल्लंघन के लिए नोटिस जारी किया था और घोषित किया था कि यह रिहाइश के लिए उपयुक्त नहीं है। अधिकारी ने कहा, मदरसे में 224 छात्र थे, और अधिकारियों ने उन्हें 30 अगस्त की रात तक परिसर खाली करने के लिए कहा था। जिला प्रशासन ने घर जाने में उनकी मदद की। ज्यादातर बच्चों के अभिभावक आए और उन्हें ले गए।



## 'असम सरकार को अल्पसंख्यकों के विकास में तेजी लाने को कहा गया'

गुवाहाटी, भाषा

**राष्ट्रीय अल्पसंख्यक** आयोग (एनसीएम) की एक सदस्य ने बुधवार को यहां कहा कि असम सरकार को राज्य में अल्पसंख्यक समुदायों के विकास के लिए बनाई गई योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने को कहा गया है। आयोग की सदस्य सैयद शहजादी ने कहा कि हाल में राज्य स्तर पर अल्पसंख्यक वित्त निगम और अल्पसंख्यक विकास आयोग के गठन पर विशेष जोर दिया गया है क्योंकि संस्थाएं सभी पात्र लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए महत्वपूर्ण हैं। राज्य की तीन दिवसीय यात्रा के अंत में यहां प्रेसवार्ता में शहजादी ने कहा, मैंने अपने दौरे पर अधिकारियों, आध्यात्मिक नेताओं और राज्य अल्पसंख्यक विकास बोर्ड के साथ कई बैठकें कीं। उन्होंने कहा, कल मुख्यमंत्री के साथ हुई बैठक में मैंने उनसे कहा कि राज्य में अल्पसंख्यकों के लिए किए जा रहे कार्य संतोषजनक हैं। इसे और गति प्रदान किए जाने की आवश्यकता है। आयोग की सदस्य ने कहा कि राज्य का अल्पसंख्यक वित्त निगम 10 साल से निष्क्रिय पड़ा हुआ है जबकि अल्पसंख्यक विकास आयोग का भी कुछ समय से गठन नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि लक्षित लाभार्थियों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने में इस तरह की संस्थाओं की अहम भूमिका है।

● **आयोग की सदस्य सैयद शहजादी ने कहा कि हाल में राज्य स्तर पर अल्पसंख्यक वित्त निगम और अल्पसंख्यक विकास आयोग के गठन पर विशेष जोर दिया गया है**

## दलितों को पीटने, मकान तोड़ने में अल्पसंख्यक समुदाय के तीन आरोपी गिरफ्तार

भाषा। मेदिनीनगर

**झारखंड में** पलामू जिले के मुस्मातु में अति दलित मुहसर जाति के कई लोगों के साथ मारपीट करने, उन्हें जबरन खदेड़ने और उनके मकान ध्वस्त करने के मामले में पुलिस ने नामजद तीन आरोपियों को बुधवार को गिरफ्तार कर किया। अदालत ने आरोपियों को जेल भेज दिया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि फिलहाल इस मामले में जिन आरोपियों को जेल भेजा गया है, उनमें एक पंचायत प्रतिनिधि इसराए अंसारी, मुस्लिम समाज के सदर मुमताज अंसारी और सेवानिवृत्त स्वास्थ्यकर्मी स्ूल अंसारी शामिल हैं। सूत्रों ने बताया कि उपायुक्त ए. दोड्डे घटनास्थल पर मामले की स्वयं छानबीन कर रहे हैं। विश्रामपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुरजीत कुमार ने बताया कि तनाव को देखते हुए उक्त गांव के आसपास निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि पहाड़ी से खदेड़े गए परिवारों को पुराने थाना भवन में रखा गया है।इस बीच, उपायुक्त दोड्डे ने संवाददाताओं को बताया कि पूरा मामला भूमि विवाद को लेकर है। उन्होंने कहा कि दलित परिवार के पास कोई दस्तावेज नहीं हैं और इन्हें अलग जगह पर सरकारी योजनाओं के तहत आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में पहल होगी। उपायुक्त ने बताया कि मुस्लिम समुदाय ने कुछ कागजात प्रशासन को उपलब्ध कराए हैं, जिनके परीक्षण के बाद ही तय होगा कि जमीन की प्रकृति क्या है? एक सवाल के जवाब में दोड्डे ने बताया कि यह किसी भी दृष्टिकोण से सांप्रदायिक मामला नहीं है। दोड्डे ने बताया कि तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है और बाकी को गिरफ्तार करने की कोशिश की जा रही है।

# पिछले वर्ष देश में प्रतिदिन औसतन 82 लोगों की हत्या

नई दिल्ली, भाषा

**पूरे देश में** 2021 में प्रतिदिन औसतन 82 लोगों की हत्या की गई, जबकि वर्ष के दौरान हर एक घंटे में अपहरण के 11 से अधिक मामले सामने आए। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की नई रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।एनसीआरबी की क्राइम इन इंडिया 2021 रिपोर्ट के अनुसार प्रति एक लाख की आबादी पर हत्या की दर झारखंड में सबसे अधिक है, जबकि दिल्ली में अपहरण की दर सबसे ज्यादा है। गृह मंत्रालय के तहत कार्य कर रहे एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार 2021 के दौरान हत्या के कुल 29,272 मामले दर्ज किए गए जिनमें 30,132 पीड़ित शामिल थे जबकि 2020 में 29,193 मामले सामने आए थे। पिछले वर्ष मामलों में 2020 की तुलना में 0.3 प्रतिशत की मामूली वृद्धि हुई है।आंकड़ों के अनुसार 2021 के दौरान अपहरण के।,01,707 मामले दर्ज किए गए

**सरकारी आंकड़े**

**हर घंटे 11 लोगों का अपहरण**

जबकि 2020 में यह संख्या 84,805 थी और इस तरह ऐसे मामलों में 19.9 प्रतिशत वृद्धि हुई। जिन पांच राज्यों में हत्या के सबसे अधिक मामले सामने आए हैं, उनमें उत्तर प्रदेश (3,717 मामले), बिहार (2,799 मामले), महाराष्ट्र (2,330 मामले) , मध्य प्रदेश (2,034 मामले) और पश्चिम बंगाल (1,884 मामले) शामिल हैं।एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में 459 मामले दर्ज किए गए जो 478 लोगों की हत्या से संबंधित थे।वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार 2021 के दौरान हत्या के 9,765 मामलों में कारण विवाद था। इसके बाद 3,782 मामलों का कारण व्यक्तिगत प्रतिशोध या दुश्मनी थी और।,692 मामलों में हत्या का कारण आर्थिक लाभ उठाना था। आंकड़ों के अनुसार हालांकि हत्या की दर (प्रति लाख जनसंख्या) झारखंड में सबसे अधिक 4.1 (1,573 मामले) थी, इसके बाद अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में चार (16 मामले) थी। दिल्ली में हत्या के लिए अपराध दर 2.2 थी। देश में 2021 में अपहरण के।,01,707 मामले दर्ज किए और 2020 की तुलना में इनमें 19.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।आंकड़ों के अनुसार 2021 में जिन पांच राज्यों में अपहरण के सबसे अधिक मामले सामने आए उनमें उत्तर प्रदेश (14,554 मामले), बिहार (10,198 मामले), महाराष्ट्र (10,198 मामले), मध्य प्रदेश (2,034 मामले) और पश्चिम बंगाल (1,884 मामले) शामिल हैं। एनसीआरबी के अनुसार, दिल्ली में 26.7 की दर से अपहरण 5,527 मामले दर्ज किए गए, जो देश में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में सबसे अधिक दर है।

# एक देश-एक चुनाव समय की मांग, सभी दलों को इस दिशा में आगे बढ़ना चाहिए: नकवी

भाषा। रामपुर

**पूर्व केंद्रीय मंत्री** और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने बुधवार को कहा कि एक देश-एक चुनाव आज वक्त की जरूरत है और सभी राजनीतिक दलों को इस दिशा में "राजनीतिक पूर्वाग्रहें छोड़कर सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना चाहिए।

उत्तर प्रदेश के रामपुर में पत्रकारों से बातचीत में नकवी ने यह भी कहा कि देश को इस महत्वपूर्ण चुनाव सुधार की दिशा में खुली सोच के साथ राजनीतिक हितों से ऊपर, राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देनी होगी।

नकवी ने कहा, देश में हर छह महीने में कहीं न कहीं कोई चुनाव होते हैं और राजनीतिक पार्टियां हर समय में चुनाव मशीन बन जाती हैं। इससे जहां एक तरफ जन धन की बर्बादी होती है, वहीं दूसरी तरफ विकास कार्यों में बाधा पहुंचती है। साथ ही इससे लोगों में चुनावों के प्रति बढ़ती उदासीनता के चलते यह"लोकतंत्र के पर्वों को फीका बना रहा है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक देश-एक चुनाव के लिए कई बार आह्वान कर चुके हैं, लेकिन कुछ राजनीतिक दलों का रवैया इस विषय पर उदासीन और नकारात्मक रहा है। जनता चाहती है कि लगातार चुनावी चक्रव्यूह के चक्कर से बाहर निकले और एक देश-एक चुनाव की व्यवस्था लागू हो।

नकवी के अनुसार, लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराए जाने से ना केवल बेतहाशा जन धन की बर्बादी रुकेगी, वहीं बार-बार चुनावी प्रक्रिया और बंदिशों से विभिन्न विकास कार्यों में जो बाधा होती है वह भी खत्म हो सकेगी।



पटना में गणेश चतुर्थी के अवसर पर गणेश प्रतिमा के समक्ष पूजन करते भक्त

**क्विक न्यूज**

### पंजाब के फगवाड़ा में गुटका साहिब के पन्ने बिखरे हुए मिले, मामला दर्ज

**फगवाड़ा।** पंजाब के फगवाड़ा मे बुधवार को पुराने सरकारी अस्पताल के पास सिखो की धार्मिक पुस्तक के पन्ने बिखरे हुए पाए गए जिसके बाद पुलिस ने एक मामला दर्ज किया। पुलिस ने कहा कि कुछ सफाई कर्मचारियों ने अस्पताल के पास पेड़ के नीचे गुटका साहिब के पन्ने बिखरे हुए पाए। पुलिस ने कहा कि इस संबंध मे भारतीय दंड संहिता की धारा 295-ए तथा अन्य धाराओं में अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, कुछ सफाई कर्मचारियो को पुराने अस्पताल की परित्यक्त इमारत के पास एक पेड़ के नीचे गुटका साहिब के पन्ने बिखरे हुए मिले। इलाके मे एक दुकान चलाने वाले बलजीत सिंह ने कहा कि कुछ पन्ने फटे हुए थे। थाना प्रभारी (शहर) अमनदीप नाहर ने कहा कि वह सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रहे है ताकि बेअदबी करने वाले का पता लगाया जा सके। उन्होने कहा कि दोषियो को जल्द ही पकड़ लिया जाएगा। इस बीच गैर सरकारी संगठन सिख्स फॉर जस्टिस के समन्वयक सुखदेव सिंह खालसा ने अधिकारियो से दोषियो को पकड़ने को कहा है।

### पंजाब की आबकारी नीति घोटाले की सीबीआई, ईडी करे जांच : शिअद

**चंडीगढ़।** शिरोमणि अकाली दल (शिअद) ने बुधवार को पंजाब के राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित को ज्ञापन देकर राज्य की आबकारी नीति मे हुए 500 करोड़ रुपए के घोटाले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से कराने की मांग की। शिअद प्रमुख सुखविंदर सिंह बादल ने राज्यपाल को ज्ञापन सौंपने के बाद कहा कि पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार ने दिल्ली की आबकारी नीति की तर्ज पर अपनी जरूरत के अनुरूप नीति बना ली है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की आबकारी नीति को गैरकानूनी पाया गया और उसकी सीबीआई जांच चल रही है। गौरतलब है कि दिल्ली के उप राज्यपाल वी.के.सक्सेना ने आबकारी नीति 2021-2022 को लागू करने में कथित अनियमितताओं की जांच सीबीआई से कराने की अनुशंसा जुलाई में की थी। इसके बाद दिल्ली की आप नीत सरकार ने यह नीति वापस ले ली थी। इस मामले में सीबीआई ने दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के आवास सहित 31 ठिकानो पर 19 अगस्त को छापे मारे थे। बादल ने आरोप लाया, दिल्ली की तरह पंजाब मे भी घोटाला हुआ है। यह घोटाला 500 करोड़ रुपए का है। उन्होंने कहा, हमने राज्यपाल से पंजाब मे लागू आबकारी नीति की सीबीआई और ईडी से जांच के आदेश देने का अनुरोध किया है। उन्होंने दावा किया कि पंजाब की आप सरकार ने राज्य की आबकारी नीति बनाने मे दिल्ली मॉडल का अनुसरण किया है और पंजाब के कुछ वरिष्ठ अधिकारियो ने नीति बनाने के लिए सिसोदिया के साथ बैठक भी की थी।

### विवादों में घिरे विधि मंत्री कार्तिक कुमार का बदला गया विभाग

**पटना।** बिहार मे नवगठित महागठबंधन सरकार मे मंत्री पद की शपथ लेने के बाद से ही विवादो मे घिरे विधि मंत्री कार्तिक कुमार का विभाग बदल दिया गया है। बिहार के मुख्य सचिव आमिर सुबहानी द्वारा जारी एक अधिसूचना के अनुसार, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सलाह पर राज्यपाल सचिवालय द्वारा 30 अगस्त के एक आदेश के आलोक मे कार्तिक कुमार को विधि विभाग के स्थान पर गन्ना उद्योग विभाग और शमीम अहमद को गन्ना उद्योग विभाग के स्थान पर विधि विभाग का प्रभार अगले आदेश तक सौपा गया है। कार्तिक कुमार को अपहरण के एक मामले में 16 अगस्त को पटना जिला के दानापुर की एक अदालत में आत्मसमर्पण करना था। उसी दिन ही उन्होंने बिहार मे नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार मे राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के कोटे से मंत्री के रूप मे शपथ ली थी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता सुशील कुमार मोदी ने आरोप लगाया था कि अपहरण के एक मामले में सम्मन जारी होने के बावजूद पेश नही होने पर कार्तिक के खिलाफ वारंट जारी किया गया था और उन्होंने उसी दिन ही शपथ ग्रहण कर ली, जिस दिन उन्हें एक अदालत में पेश होना था। कार्तिक पर लगाए गए आरोपो के बारे में 17 अगस्त को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने कहा था कि उन्हें इस मामले की कोई जानकारी नही है। बिहार के उपमुख्यमंत्री एवं राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने 18 अगस्त को कहा था, वारंट के बाद अदालत ने गिरफ्तारी के खिलाफ अंतरिम सुरक्षा प्रदान की है। उनको अभी तक अदालत ने दोषी नही ठहराया है। हम अदालत के निर्देशों का पालन करेंगे। कार्तिक के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट लंबित होने के आरोपो के बारे में पूछे जाने पर राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद ने सुशील के बारे में कहा था, यह सब गलत है। बिहार में नवगठित महागठबंधन सरकार का बाहर से समर्थन कर रही भाकपा-माले ने 17 अगस्त को कहा था कि कानून मंत्री को बनाए रखने से सरकार की छवि खराब होगी। वर्तमान महागठबंधन में जनता दल (यूनाइटेड), राजद, कांग्रेस, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) और हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा शामिल है।

# तिवारी, थरूर, कार्ति ने कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया में पारदर्शिता की मांग की

भाषा। नई दिल्ली,







**कांग्रेस सांसदों** मनीष तिवारी, शशि थरूर और कार्ति चिदंबरम ने पार्टी अध्यक्ष के चुनाव से जुड़ी निर्वाचक मंडल (डेलीगेट) की सूची सार्वजनिक नहीं किए जाने पर वस्तुत: सवाल खड़े करते हुए बुधवार को कहा कि चुनाव से संबंधित पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी होनी चाहिए। तिवारी ने कहा कि निर्वाचक मंडल की सूची पार्टी की वेबसाइट पर डाली जाए। दूसरी तरफ, कांग्रेस के केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण के प्रमुख मधुसूदन मिस्त्री ने कहा कि पार्टी के अध्यक्ष पद के चुनाव से जुड़ी पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी और कांग्रेस के संविधान के मुताबिक है तथा निर्वाचक मंडल की सूची को सार्वजनिक नहीं किया जा सकता, लेकिन उम्मीदवारों को यह उपलब्ध करा दी जाएगी। लोकसभा सदस्य तिवारी ने ट्वीट किया, "मधुसूदन मिस्त्री जी से पूरे सम्मान से पूछना चाहता हूं कि निर्वाचन सूची के सार्वजनिक रूप से उपलब्ध हुए, बिना निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव कैसे हो सकता है? निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव का आधार यही है कि प्रतिनिधियों के नाम और पते कांग्रेस पार्टी की वेबसाइट पर पारदर्शी तरीके से प्रकाशित होने चाहिए कांग्रेस के जी 23 समूह में शामिल रहे तिवारी ने कहा, यह 28 प्रदेश कांग्रेस कमेटी और आठ क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटी का चुनाव नहीं है। कोई क्यों पीसीसी के कार्यालय जाकर पता करे कि प्रतिनिधि कौन हैं? सम्मान के साथ कहना चाहता हूं कि ऐसा क्लब के चुनाव में भी नहीं होता।

उन्होंने कहा, "मैं आपसे (मिस्त्री से) आग्रह करता हूं कि निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सूची प्रकाशित की जाए। तिवारी ने कहा कि अगर कोई चुनाव लड़ना चाहता है और यह नहीं जानता कि प्रतिनिधि कौन हैं तो वह नामांकन कैसे करेगा क्योंकि उसे 10 कांग्रेस प्रतिनिधियों की बतौर प्रस्तावक जरूरत होगी। उन्होंने कहा कि 10 प्रस्तावक नहीं होंगे तो नामांकन खारिज हो जाएगा। उधर, कांग्रेस अध्यक्ष का चुनाव लड़ने के बारे में विचार कर रहे पार्टी सांसद शशि थरूर ने तिवारी से सहमति जताते हुए कहा कि हर किसी को पता होना चाहिए कि कौन मतदान कर सकता है। उन्होंने तिरुवनंतपुरम में संवाददाताओं से कहा, मुझे लगता है कि यह महत्वपूर्ण है कि निर्वाचन सूची को लेकर पारदर्शिता होनी चाहिए। अगर मनीष ने इसके लिए पूछा है तो मुझे भरोसा है कि हर कोई इससे सहमत होगा। हर किसी को जानना चाहिए कि कौन नामित कर सकता है और कौन मतदान कर सकता है। कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने भी तिवारी की राय का समर्थन किया और कहा कि हर चुनाव के लिए अच्छी तरह से परिभाषित निर्वाचक मंडल होना चाहिए। उन्होंने ट्वीट किया, हर चुनाव में सही ढंग से परिभाषित और स्पष्ट निर्वाचक मंडल होना चाहिए। निर्वाचक मंडल तय करने की प्रक्रिया भी स्पष्ट, सही ढंग से परिभाषित और पारदर्शी होनी चाहिए। अनौपचारिक निर्वाचक मंडल कोई निर्वाचक मंडल नहीं होता।

कार्ति चिदंबरम ने कहा, हर क्षेत्र में प्राइमरी होनी चाहिए, लेकिन इसके लिए परिभाषित और पारदर्शी सदस्य सूची जरूरी है। आज हम सदस्यों की संख्या का दावा करते हैं, लेकिन किसी ने इसे सत्यापित नहीं किया है। तिवारी और कुछ अन्य नेताओं की टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर मिस्त्री ने कहा, मैं नहीं समझ पा रहा कि सार्वजनिक करने से इन लोगों का क्या मतलब है? सभी लोग तो कांग्रेस के संगठन चुनाव में मतदाता नहीं हैं। कांग्रेस के वोटर तो वे हैं जो प्रतिनिधि (डेलीगेट) हैं...हर पीसीसी के पास इनके नाम हैं। वे फोन करके ले सकते हैं। उन्होंने कहा, इस सूची को सार्वजनिक करने का कोई मतलब नहीं है। यह जनता से जुड़ा विषय नहीं है। यह कांग्रेस का विषय है। अगर हमारा कोई नेता सवाल उठाता है तो उसे फोन पर बता देता हूं कि क्या स्थिति है। कांग्रेस की ओर से घोषित चुनाव कार्यक्रम के अनुसार, 22 सितंबर को पार्टी अध्यक्ष पद के चुनाव की अधिसूचना जारी होगी, 24 सितंबर से नामांकन दाखिल किए जा सकते हैं और यदि एक से अधिक उम्मीदवार हुए तो 17 अक्टूबर को मतदान होगा।

● **कांग्रेस की ओर से घोषित चुनाव कार्यक्रम के अनुसार, 22 सितंबर को पार्टी अध्यक्ष पद के चुनाव की अधिसूचना जारी होगी, 24 सितंबर से नामांकन दाखिल किए जा सकते हैं**



भुवनेश्वर में गणेश चतुर्थी के अवसर पर एक विद्यालय में पूजन करते छात्र-छात्राएं

## तृणमूल कांग्रेस के एक पार्षद को हिरासत में लिया गया

एजेंसी। बोलपुर (पश्चिम बंगाल)

**मवेशी तस्करी मामला**

**केंद्रीय अन्वेषण** ब्यूरो (सीबीआई) ने कथित मवेशी तस्करी मामले में पूछताछ करने के लिए तृणमूल कांग्रेस के पार्षद बिस्वज्योति बंदोपाध्याय को बुधवार को हिरासत में लिया। एजेंसी के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

बंदोपाध्याय को तृणमूल कांग्रेस नेता अनुव्रत मंडल का करीबी माना जाता है। अधिकारी ने बताया कि बंदोपाध्याय का नाम जांच में सामने आया था, उन्हें सुबह पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया।

अधिकारी ने बताया कि सीबीआई के अधिकारियों ने साथ ही दो अन्य स्थानीय तृणमूल नेताओं के आवासों पर भी छापेमारी की, जो मंडल के करीबी हैं और इस घोटाले में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होने का संदेह है। सीबीआई के एक अधिकारी ने बताया, हमारी जांच के दौरान इन तीन लोगों के नाम सामने आए थे। हमें यह पता लगाना है कि उनकी इसमें क्या भूमिका थी और उन्हें घोटाले से कितना फायदा हुआ।

उन्होंने विस्तृत जानकारी दिए बिना बताया कि छापेमारी के दौरान कई दस्तावेज जब्त किए गए हैं। उन्होंने कहा, हम इन लोगों की संलिप्तता से संबंधित प्रासंगिक जानकारी हासिल करने के लिए इनसे पूछताछ कर रहे हैं। हम जब्त किए गए दस्तावेजों की भी जांच कर रहे हैं। गौरतलब है कि केंद्रीय एजेंसी ने करोड़ों रुपए की मवेशी तस्करी में कथित संलिप्तता के आरोप में 11 अगस्त को मंडल को गिरफ्तार किया था।

## भारत जोड़ो यात्रा का मकसद भाषण देना नहीं, लोगों की बात सुनना: जयराम रमेश

**चेन्नई ।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने बुधवार को कहा कि पार्टी की भारत जोड़ो यात्रा बोलने वाली नहीं, सुनने वाली यात्रा होगी जिसमें राहुल गांधी भाषण नहीं देंगे, बल्कि समाज के विभिन्न वर्गों की बात सुनेंगे।पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी सात सितंबर को तमिलनाडु के कन्याकुमारी से कश्मीर तक करीब 3,500 किलोमीटर की पदयात्रा शुरू करेंगे जिसे 150 दिन में पूरा किया जाएगा। यात्रा देश के विभिन्न हिस्सों से होकर गुजरेगी।कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने यहां संवाददाताओं से कहा कि पार्टी का उद्देश्य भाजपा के भारत बांटो के खिलाफ भारत जोड़ो का है। उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस का सबसे बड़ा राजनीतिक जनसंपर्क अभियान है और राहुल गांधी सामाजिक ध्रुवीकरण, आर्थिक असमानता तथा केंद्र में अधिकारों के केंद्रीकरण जैसे विषयों पर पदयात्रा करेंगे। रमेश के मुताबिक राहुल गांधी पूरी यात्रा पैदल करेंगे।

# किसी देश का रूस के साथ अभ्यास करना अमेरिका के लिए चिंताजनक: व्हाइट हाउस

**वाशिंगटन।** व्हाइट हाउस ने कहा है कि यूक्रेन के साथ अकारण एवं बर्बर युद्ध छेड़ने वाले रूस के साथ किसी भी अन्य देश का सैन्य अभ्यास करना उसके लिए चिंताजनक है। व्हाइट हाउस का यह बयान तब आया है जब रूस ने वोस्तोक 2022 अभ्यास की घोषणा की, इसमें भारत, चीन और कई देशों के 50 हजार से अधिक सैनिक हिस्सा लेंगे। रूस में सोमवार को कहा कि एक से सात सितंबर के बीच सैन्य अभ्यास वोस्तोक 2022 आयोजित किया जाएगा जिसमें भारत, चीन और कई देशों के 50 हजार से अधिक सैनिक हिस्सा लेंगे। रूस की सरकारी समाचार समिति तास ने अपनी एक रिपोर्ट में रूसी रक्षा मंत्रालय के हवाले से कहा कि यह अभ्यास हिस्सा लेने वाले देशों की सेनाओं को रक्षात्मक और आक्रामक अभियानों के गुर सीखने का अवसर प्रदान करेगा। यह अभ्यास सात अलग-अलग स्थानों पर किए जाएंगे। रिपोर्ट में कहा गया, यह सामरिक गतिविधि 50 हजार सैनिकों, युद्ध से जुड़े पांच हजार साजो समान व सैन्य उपकरण, 140 विमान, 60 युद्धपोत तथा अन्य जहाजों के साथ होगी।

रिपोर्ट के अनुसार इस सैन्य अभ्यास में चीन, भारत, लाओस, मंगोलिया, निकारागुआ, सीरिया और पूर्व सोवियत देश हिस्सा ले रहे हैं। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव जीन पियरे ने इस संबंध में पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि यूक्रेन के साथ अकारण एवं बर्बर युद्ध छेड़ने वाले रूस के साथ किसी भी अन्य देश का सैन्य अभ्यास करना उसके लिए चिंताजनक है। पियरे ने एयर फोर्स वन विमान पर पत्रकारों से कहा, किसी भी देश का रूस के साथ अभ्यास करना अमेरिका के लिए चिंताजनक है, क्योंकि रूस ने यूक्रेन के खिलाफ अकारण युद्ध छेड़ा है, लेकिन भाग लेने वाले प्रत्एक देश को खुद निर्णय लेना है और मैं यह फैसला उन पर छोड़ती हूं। जब पियरे से यह पूछा गया कि क्यों भारत पर दबाव नहीं डाला गया, तो उन्होंने कहा, इस बारे में मेरा कहना यही है कि रूस ने बेवजह युद्ध छेड़ा हुआ है, इसलिए किसी भी देश का उसके साथ अभ्यास करना चिंताजनक है।

पत्रकार ने प्रेस सचिव से प्रश्न किया कि क्या अमेरिका ने इस संबंध में कोई कार्वाई की या वह किसी प्रकार की योजना बना रहा है, उन्होंने कहा मेरे पास इस बारे में बताने लायक कुछ नहीं है। रूस में होने वाले वोस्तोक 2022 सैन्य अभ्यास में भारतीय सैनिकों के हिस्सा लेने के बारे में भारतीय सेना अथवा रक्षा मंत्रालय ने अभी कोई टिप्पणी नहीं की है। गौरतलब है पिछले वर्ष भारत ने रूस में जेडएपीएडी 2021 अभ्यास में हिस्सा लिया था, जिसमें चीन और पाकिस्तान भी शामिल हुए थे।

# जयशंकर तीन दिवसीय यात्रा पर यूएई पहुंचे

**दुबई।** विदेश मंत्री एस जयशंकर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की तीन दिन की यात्रा पर बुधवार को यहां पहुंचे। इस यात्रा में वह खाड़ी देश के अपने समकक्ष शेख अब्दुल्ला बिन जाएद के साथ बातचीत करेंगे और दोनों देशों के बीच समग्र रणनीतिक साझेदारी की समीक्षा करेंगे। अबू धाबी में भारतीय दूतावास ने कहा, विदेश मंत्री एस जयशंकर यूएई पहुंचे। दुबई में विदेश और अंतरराष्ट्रीय सहयोग मंत्रालय में सहायक अवर सचिव अब्दुल्ला मोहम्मद अल बलूकी ने राजदूत संजय सुधीर तथा डॉ अमन पुरी के साथ उनका स्वाग किया।

जयशंकर यूएई में अपने प्रवास के दौरान 14वें भारत-यूएई संयुक्त आयोग की बैठक (जेसीएम) और तीसरे भारत-यूएई रणनीतिक संवाद के दौरान अपने समकक्ष शेख अब्दुल्ला के साथ समीक्षा करेंगे। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को कहा था कि इन बैठकों के दौरान दोनों मंत्रियों को भारत और यूएई के समग्र सामरिक संबंधों के सम्पूर्ण आयामों की समीक्षा करने तथा क्षेत्रीय एवं वैश्विक घटनाक्रम पर चर्चा करने का अवसर मिलेगा। अपनी यात्रा के दौरान जयशंकर, यूएई के अन्य गणमान्य लोगों से मुलाकात भी करेंगे। भारत और यूएई के बीच वर्ष 2022 में उच्च स्तर पर नियमित रूप से संवाद हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 28 जून 2022 को अबू धाबी की यात्रा की थी और इस दौरान यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जाएद अल नाह्यान से भेंट की थी। इससे पहले दोनों नेताओं ने 18 फरवरी को डिजिटल माध्यम से शिखर बैठक में हिस्सा लिया था। समग्र आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) पर हस्ताक्षर किए गए थे और दृष्टि पत्र संबंधी बयान को अंगीकार किया गया था। दोनों नेताओं ने 14 जुलाई को डिजिटल माध्यम से आई2यू2 शिखर बैठक में भी हिस्सा लिया था।



पाकिस्तान के सिन्ध प्रान्त के सिकारपुर जिले में बाढ़ से प्रभावित मकानो से सुरक्षित स्थान पर जाता हुआ युवक।

## ट्रंप के आवास से मिले गोपनीय दस्तावेजों की जांच को रोकने के प्रयास किए गए: न्याय मंत्रालय

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका** के न्याय मंत्रालय ने कहा कि उसे पता चला है कि देश के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फ्लोरिडा स्थित आवास से मिले गोपनीय दस्तावेजों की जांच को रोकने के प्रयास किए गए थे। मंगलवार रात एक अदालत में दाखिल किए गए दस्तावेजों में यह खुलासा किया गया। मार-आ-लागो में मिले दस्तावेजों पर ट्रंप के प्रतिनिधियों और न्याय मंत्रालय के बीच हुई बातचीत के विस्तृत एवं क्रमवार विवरण में मंत्रालय ने यह जानकारी दी। अदालत को सौंपे दस्तावेजों में मंत्रालय ने कहा कि संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) के अधिकारियों ने कई साक्ष्य प्राप्त किए हैं जिनसे पता चलता है कि ट्रंप और उनके प्रतिनिधियों ने मार-आ-लागो से मिले दस्तावेजों के मामले में जांच में सहयोग नहीं किया।

# ताइवान के सैनिकों ने चीन के ड्रोन पर गोलीबारी की

**भाषा।** ताइपे

**ताइवानी सेना** ने बुधवार को कहा कि उसने चीनी तट के नजदीक स्थित उसकी चौकियों के ऊपर उड़ रहे चीनी ड्रोन पर चेतावनी स्वरूप गोलीबारी की है। ताइवान का यह कदम स्वशासित द्वीप और चीन के बीच चल रहे तनाव को इंगित करता है। ताइवान का संकल्प है कि वह उकसाने वाले चीन के किसी भी कदम का जवाब देगा। ताइवानी सेना ने यहां जारी बयान में कहा कि बल ने यह कदम मंगलवार को किनमैन द्वीप समूह के ऊपर ड्रोन को उड़ते हुए देखने के बाद उठाया। इस द्वीपसमूह के जिस डडान द्वीप के ऊपर ड्रोन उड़ रहा था वह चीन के तट से करीब 15 किलोमीटर दूर है।

यहां बुधवार को जारी बयान में कहा गया कि मानवरहित यान (ड्रोन) असैन्य इस्तेमाल वाला था लेकिन इसमें अन्य विस्तृत जानकारी नहीं दी गई है। बयान के मुताबिक गोलीबारी के बाद ड्रोन नजदीकी चीनी शहर शियामैन लौट गया। यह घटना इस महीने की शुरुआत में चीन द्वारा समुद्र में मिसाइल दागने, लड़ाकू विमान और पोत भेजने के बाद बढ़े तनाव के बाद हुई है। उल्लेखनीय है कि अगस्त महीने की शुरुआत में अमेरिकी कांग्रेस (संसद) के निम्न सदन प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी की ताइपे यात्रा के बाद से ताइवान पर चीन की ओर से सैन्य दबाव बनाया जा रहा है।

चीन, ताइवान को अपना भू-भाग मानता है और उसके हालिया कदम को संभावित हमले की तैयारियों के तौर पर देखा जा रहा है। चीन के सैन्यभ्यास का तइवान के प्रमुख सहयोगी अमेरिका के साथ ऑस्ट्रेलिया और जापान जैसे देशों ने कड़ी आलोचना की थी। इस महीने के शुरू में चीन द्वारा दागी गई कुछ मिसाइलें जापान के विशेष आर्थिक क्षेत्र में भी गिरी थीं। ताइवान का ताइवान जलडमरुमध्य स्थित किनमैन और मात्सु द्वीप समूहों पर नियंत्रण है। इस बीच, अमेरिकी राज्य एरिजोना के गवर्नर डौग ड्यूसी सेमीकंडक्टर उत्पादन पर चर्चा करने के लिए ताइवान की यात्रा पर हैं। उनकी कोशिश ताइवानी आपूर्तिकर्ताओं को ताइवान सेमी कंडक्टर मैनुफैक्चरिंग कॉरपोरेशन की 12 अरब डॉलर की नई इकाई एरिजोना में लगाने के लिए मनाने की है। पिछले सप्ताह इसी उद्देश्य से इंडियाना राज्य के गवर्नर ने भी ताइवान की यात्रा की थी। ड्यूसी की ताइवान यात्रा पर प्रतिक्रिया देते हुए चीन ने बुधवार को दोहराया कि वह अमेरिका और ताइवान के बीच किसी भी आधिकारिक संबंध का विरोध करता है।

चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियान ने कहा, हम अमेरिका के भीतर मौजूद संबंधित पक्षकारों से भी आह्वान करते हैं...वे ताइवान के साथ किसी भी तरह का आधिकारिक संपर्क रोके और ताइवान की स्वतंत्रता समर्थक शक्तियों को गलत संदेश भेजने से बचे। उन्होंने कहा, चीन अपनी राष्ट्रीय संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए मजबूत कदम उठाएगा।

## सोलोमन द्वीप ने मंजूरी प्रक्रिया की समीक्षा होने तक सैन्य पोत नही भेजने का अनुरोध किया

**कैनबरा।** सोलोमन द्वीप ने बुधवार को आग्रह किया कि जब तक मंजूरी की प्रक्रिया की समीक्षा नहीं कर ली जाती तब तक देश अपने नौसनिक पोत नहीं भेजें। अमेरिकी तटरक्षक पोत ओलिवर हेनरी और ब्रिटिश नौसैनिक गश्ती नौका एचएमएस स्पे की यात्रा गत सप्ताह रद्द कर दी गई थी। सोलोमन और चीन के बीच हुए नए सुरक्षा समझौते के बीच अमेरिका और ब्रिटेन समेत कई देश इस बात को लेकर चिंतित हैं कि इस समझौते के कारण ऑस्ट्रेलिया के उत्तर पूर्वी तट से दो हजार किमी से कम दूरी पर एक चीनी नौसैनिक अड्डे का निर्माण किया जा सकता है। सोलोमन द्वीप के प्रधानमंत्री मानासेह सोगवारे ने कहा है कि ओलिवर हेनरी ने समय पर सूचना नहीं दी थी जिसके चलते उनके कार्यालय ने यात्रा को मंजूरी नहीं दी। एचएमएस स्पे ने दौरे का आवेदन वापस ले लिया। मंजूरी मिलने में देरी से पता चलता है कि सैन्य पोतों को सोलोमन द्वीप के दौरे के लिए अनुमति देने के वास्ते सरकार को आवश्यकताओं की समीक्षा करने की जरूरत है।

# पाकिस्तान में आई बाढ़ से ऐतिहासिक स्थलों को भारी नुकसान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत में सदियों पुरानी सिंधु घाटी सभ्यता के अंतिम बचे अहम स्थलों मोहनजोदड़ो के माउंट ऑफ द डैड और कोटदीजी को देश में आई अभूतपूर्व बाढ़ से भारी नुकसान पहुंचा है। मीडिया में बुधवार को प्रकाशित खबरों में यह जानकारी दी गई। डॉन अखबार के मुताबिक सिंधु घाटी सभ्यता के कुछ बचे हुए अवशेषों में शामिल मोहनजोदड़ो के माउंट ऑफ द डैड को नीले रंग के तिरपाल से ढका गया था लेकिन इसके बावजूद कर्मचारी पानी के रिसाव को रोकने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। सिंधु घाटी सभ्यता के सबसे बड़े नगरों में से एक मोहनजोदड़ो की स्थापना करीब 2,500 ईसा पूर्व में की गई थी और यह सिंध प्रांत में स्थित है। इस पुरातत्व स्थल को यूनेस्को ने वर्ष 1980 में विश्व विरासत की सूची में शामिल किया था। खबर के मुताबिक इलाके के लरकाना में सबसे अधिक बारिश हुई है जिसकी वजह से शाह बहारो और तज्जार नामक ऐतिहासिक इमारतों में भी जल जमाव की स्थिति है। लगातार बारिश की वजह से मोरो स्थित मियां नूर मोहम्मद काहोरो कब्रिस्तान और छह मकबरे सहित कई कब्रों को नुकसान पहुंच रहा है। एक अधिकारी के हवाले से खबर में कहा गया है कि एक अन्य प्राचीन ऐतिहासिक स्थल कोटदीजी चार से पांच फुट तक पानी में डूबा है। सिंध में विरासतों को संरक्षित करने के लिए गठित एंडाउमेंट फंड ट्रस्ट के सचिव हामिद अखुंद ने बताया, कोटदीजी भी रानीकोट की दीवारों की तरह ध्वस्त हो गया है। उन्होंने कहा, जो भी हमने पुनरूद्धार किया था वह क्षतिग्रस्त हो गया है। सिंध में कोई स्थान नहीं बचा है जहां की विरासत प्रभावित नहीं हुई हो, फिर चाहे कोटदीजी हो, रानीकोट हो, शाही महल, व्हाइट पैलेस, फैज महल या ऐतिहासिक इमामबाड़ा हो। सिंध प्रांत के थुल मीर रुकन स्थित बौद्ध स्तूप भी भारी बारिश के कारण आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गया है जबकि थाट्टा का मकली स्मारक और बनभोर के पुरातत्व स्थल भी भारी बारिश के असर से नहीं बचे हैं। गौरतलब है कि पाकिस्तान के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा बुधवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक बारिश और बाढ़ से अबतक देश में।,162 लोगों की मौत हुई है, 3554 लोग घायल हुए हैं और करीब 3.3 करोड़ आबादी प्रभावित हुई है।

**PUBLIC NOTICE**

This is for general information that we are Nulife Hospital 1616, Outram Lines, GTB Nagar Delhi-110009 is in process to discard/ shred our Inpatient Medical Records for the period of year 2009 to 2015 as per hospital protocol. If any patient/attendant wishes to collect any documents for the said year can come to the hospital with authorized documents before 25th Sep 2022.

NULIFE HOSPITAL

**Public Notice**

This is to inform general public that Mrs. Munni Begum has acquired the Built up Property no. B-23, land area measuring 150 sq. yds. i.e. 125.41 sq. mtrs. Out of Khasra no. 23, situated at in the area of Village Babarpur, in the abadi of Gali.1/5, Kabir Nagar, Illaqa Shahdara, Delhi 110094 by way of Sale Deed dated 24.02.2022 Doc nos. 952. Now, Mrs. Munni Begum is mortgaging the above said property with Fullerton India Home Finance Co. Ltd & in case anyone has any objection, the same may be raised within 07 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/ 9818228636 (M).

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that I, Shikhar Juneja, S/o. Late Sh. Harbans Lal Juneja, R/o. FS-4, Tagore Garden, New Delhi-110027, allottee of DDA Plot No. S-4, Block-F, Najafgarh Road, Residential Scheme, Tagore Garden, New Delhi – 110027 Area 200 Sq. Mtr. has applied for conversion of the aforesaid plot from leasehold to freehold vide application No. LD18698CL/CON/26032022 dated 26.03.2022 in DDA. That the original documents i.e. Allotment Letter cum Demand Letter, Possession Letter, Site Possession Letter, D Form /Completion Certificate & some other documents issued by DDA in respect of above-mentioned property have been lost. An FIR to this effect has been lodged in Police Station. Any person claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents may write/contact above named person at above address/phone no. 9310002220 within 15 days from date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objections with respect to this property can personally inform or write to Dy. Director (CL) or Director (CL), A-Block, 2nd Floor, Vikas Sadan, INA, New Delhi-110023

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given that Shahina Parveen is the owner of Property Bearing No. 7783/9, Area Measuring 223 Sq. Yds., built on Plot No. 9, Situated at Jhaboomal Colony, Near Eidgah Road, Delhi-110006 by virtue of regd. Sale Deed dated 04.03.2022 (document no. 2001) executed by Vikas Jain & Vivek Jain

And whereas Vikas Jain & Vivek Jain acquired the same vide regd. Relinquishment Deed dated 01.02.2022 (Doc No. 274) executed by Mamta Jain and Kavita Jain (all were inherited the said property after the death of their parents i.e. sarla jain and lal chand jain)

All person/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/ registered or otherwise), gift, trust, inheritance, family arrangement, maintenance, bequest, partnership, possession, lease, sublease, tenancy, license, lien, charge, pledge, easement or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within 7 days from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned.

Kamal Kant Gupta (Advocate)
Shop No. 5 & 6, Pkt-E, CSC, Mayur Vihar-II, Delhi-91, Mob. 9810063351

**PUBLIC NOTICE**

It is to inform to the public at large that **Mr. Kapil Kumar Rawat** who is purchasing the Residential Plot No. 5 & 6, area measuring 50 sq. yds., out of Khasra No. 414 & Plot No. 20-D, area measuring 20 sq. yds., total area measuring 70 sq. yds., out of Khasra No. 414 & 415/2, at Sant Nagar, situated at Village - Sadullabad, Pargana & Tehsil Loni, Distt. Ghaziabad (U.P.); from Mrs. Maha Devi W/o. Mr. Roshtash Kumar, who is owner of the aforesaid property vide Registered General Power of Attorney dated 05.07.2019 (vide Document No.5446, at SRO-Loni), Agreement to sell & WILL dated 05.07.2019, and same to be finance & mortgage by **Vastu Housing Finance Corporation Limited.** That, 1) Sale Deed dated 29.09.1988 (vide Document No.3686, at SRO-Ghaziabad), 2) Registered General Power of Attorney dated 03.01.2000 (vide Document No.34, at SRO-Ghaziabad-IV), Agreement to sell & WILL dated 03.01.2000 are/is not available/lost/misplaced. To comply the requirements of BANK/NBFC, we give this public notice that if any Person having any type of claim / right / title / interest / creating mortgage over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within 7 days from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien etc.

Lucem Legal LLP
269, Rama House, Ground Floor, Masjid Moth, Opp. Uday Park, South Ext.-II, New Delhi-110049
Contact # 011- 40046316

## क्विक न्यूज

### भारत-नेपाल की रूपईडीहा सीमा पर 100 एकड़ क्षेत्र में बनेगा बहुउद्देशीय मैत्री हब

**बहराइच (उत्तर प्रदेश)।** बहराइच जिले में भारत-नेपाल की रुपईडीहा सीमा पर 100 एकड़ क्षेत्र में सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के आधार पर बुनियादी और आधुनिक सुविधाओं से युक्त बहुउद्देशीय मैत्री हब का निर्माण कराया जाएगा। इस हब के निर्माण का उद्देश्य नेपाल तथा पड़ोसी राज्यो से आने वाले पर्यटकों एवं नागरिकों में प्रदेश की अच्छी छवि का प्रचार-प्रसार करना है। क्षेत्रीय विधायक रामनिवास वर्मा ने बुधवार को बताया कि भारत-नेपाल की रुपईडीहा सीमा पर पीपीपी मॉडल पर एक मैत्री हब बनाया जाएगा और इस बहुउद्देशीय हब के निर्माण का उद्देश्य नेपाल तथा प्रदेश के पड़ोसी राज्यों से आने वाले पर्यटकों और नागरिकों में प्रदेश की अच्छी छवि का प्रचार-प्रसार करना है। इसके लिए सीमा पर अस्पताल, स्कूल, कॉलेज, किसान मंडी, पर्यटन, मनोरंजन आदि की उच्चस्तरीय आधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि इसके अलावा प्राथमिक से लेकर माध्यमिक स्तर के महाविद्यालयों, बाज़ारों, अस्पताल एवं बसअड्डों आदि को भी उन्नत किया जाएगा। इस परियोजना से देश-विदेश में बेहतर संदेश जाने से उनके विधानसभा क्षेत्र की भी तरक्की होगी। इस संबंध मे क्षेत्रीय ब्लॉक प्रमुख जे. पी. सिंह ने बताया कि बहुउद्देशीय हब के निर्माण के संबंध में हाल ही मे रुपईडीहा थाने में संपन्न हुई एक बैठक मे विधायक, जिलाधिकारी दिनेश चंद्र सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी सहित तमाम विभागो के अधिकारियो व क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियो के बीच चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने इस बारे मे बताया कि हब निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण के लिए नेपाल सीमा पर 100 एकड़ जमीन का चयन किया जाना है। इस परियोजना के लिए प्राथमिकता के आधार सरकारी भूमि तलाशी जाएगी लेकिन जरूरत पड़ने पर किसानो की सहमति से जमीन खरीदी भी जाएगी।

### भारत से खाद्य वस्तुओं का आयात करने के बारे में गठबंधन सहयोगियों से बात करेगी पाकिस्तान सरकार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के वित्त मंत्री मिफ्ताह इस्माइल ने बुधवार को कहा कि सरकार अपने गठबंधन सहयोगियों तथा अहम हितधारकों से विचार-विमर्श करने के बाद भारत से वस्तुओं के आयात के बारे में सोचेगी। नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान में बाढ़ की वजह से हालात खराब है और खाद्य वस्तुओं के दाम आसमान छू रहे हैं। भारत से खाद्य वस्तुओं के आयात के बारे मे वित्त मंत्री ने अपने विचार पहली बार सोमवार को जताए थे। इस्माइल ने ट्वीट किया, एक से अधिक अंतरराष्ट्रीय एजेंसियो ने सरकार से संपर्क करके जमीनी सीमा के रास्ते भारत से खाद्य वस्तुएं लाने की इजाजत मांगी है। आयात को मंजूरी देने के बाबत फैसला आपूर्ति की कमी को देखते हुए लिया जाएगा। इससे पहले गठबंधन सहयोगियो और महत्वपूर्ण हितधारकों से बात की जाएगी। इस बीच, पाकिस्तान ने प्याज और टमाटर ईरान और अफ़गानिस्तान से मंगवाने का फैसला किया है। इससे पहले इस्माइल ने इस हफ्ते ऐसा संकेत दिया था कि मूल्यो मे स्थिरता लाने के लिए सरकार भारत से आयात की इजाजत दे सकती है। हालांकि, ऐसी संभावना कम ही है कि गठबंधन सरकार ऐसा कोई कदम उठा पाएगी।

### यूरो मुद्रा का इस्तेमाल करने वाले 19 देशों में मुद्रास्फीति 9.1 फीसद

**लंदन।** यूरो मुद्रा का इस्तेमाल करने वाले 19 देशों में अगस्त के दौरान मुद्रास्फीति नए रिकॉर्ड 9.1 प्रतिशत पर पहुंच गई है। रूस और यूक्रेन के बीच जारी सैन्य संकट के कारण तेल और गैस की कीमतों में उछाल के चलते इन देशों मे महंगाई दर बढ़ी है। यूरोपीय संघ की सांख्यिकी एजेंसी की तरफ से बुधवार को यूरो मुद्रा का इस्तेमाल करने वाले 19 देशों में वार्षिक मुद्रास्फीति अगस्त मे बढ़कर 9.1 प्रतिशत पर पहुंच गई। यह जुलाई में 8.9 प्रतिशत पर थी। उल्लेखनीय है कि वर्ष 1997 के बाद से इन यूरोपीय देशो मे मुद्रास्फीति अपने उच्चतम स्तर पर चल रही है। आंकड़ों के अनुसार, ऊर्जा की कीमतो में 38.3 प्रतिशत, खाद्य वस्तुओं की कीमतो में 10.6 प्रतिशत और वस्तुओं के भाव में पांच प्रतिशत तथा सेवाओं की कीमत में 3.8 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Vineesh Gole S/o Sh. Rajneesh Goyal R/o 127, A-G, G-Block, Vishwas Park Extn., Uttam Nagar, New Delhi-110059, have changed my name from Vineesh Gole to Vineesh Goyal for all future purposes.

PD(90158)A



मलेशिया के राजा सुलतान अब्दुल्ला सुलतान अहमद शाह और रानी टुनकू अजीजा आजादी के 65वें वर्षगांठ को मनाते हुए।

# चेक बाउंस मामलों की सुनवाई के लिए पांच सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को नियुक्त किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट (एनआई अधिनियम) के तहत चेक बाउंस के मामलों की सुनवाई के लिए गठित विशेष अदालतों के पीठासीन अधिकारी के तौर पर पांच सेवानिवृत्त न्यायाधीशों की नियुक्ति की है। उच्च न्यायालय द्वारा मंगलवार को जारी प्रशासनिक आदेश के मुताबिक यह नियुक्ति इस साल 19 मई को उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत की गई है।

अदालत ने जिन सेवानिवृत्त न्यायाधीशों की नियुक्ति एनआई अधिनियम के तहत गठित विशेष अदालतों के पीठासीन अधिकारी के तौर पर की है उनमें राकेश सिद्धार्थ, सी के चतुर्वेदी, सतिंदर कुमार गौतम, चंद्र बोस और राम भगत सिंह शामिल हैं। आदेश के मुताबिक, यह नियुक्ति एक सितंबर से प्रभावी होगी। इन पांच अधिकारियों को दक्षिण, दक्षिण-पूर्व, दक्षिण -पश्चिम, मध्य और नई दिल्ली जिलों के न्यायाधिकार क्षेत्र की सुनवाई अदालतों में नियुक्त किया जाएगा।

कार्यालय आदेश में कहा गया, संबंधित प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट-1881 की धारा- 138 के तहत इस अदालत (उच्च न्यायालय) द्वारा पूर्व में जारी निर्देश और 19 मई को उच्चतम न्यायालय द्वारा वर्ष, 2020 में लिए गए स्वत: संज्ञान रिट (आपराधिक) संख्या-2 में जारी निर्देश के तहत लंबित मामलों को मौजूदा अदालतों से एनआई अधिनियम के तहत गठित विशेष अदालतों में स्थानांतरित करेंगे। उच्चतम न्यायालय का निर्देश एनआई अधिनियम 1881 की धारा 138 के तहत तेजी सुनवाई से संबंधित था। शीर्ष अदालत ने 19 मई को महाराष्ट्र, दिल्ली, गुजरात, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में चेक बाउंस के मामलों की तेजी से सुनवाई के लिए सेवानिवृत्त न्यायाधीशों के साथ विशेष अदालतें गठित करने का निर्देश दिया था।

## आठ बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर जुलाई में धीमी पड़कर 4.5 प्रतिशत पर

**नई दिल्ली।** आठ बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर जुलाई में धीमी पड़कर 4.5 प्रतिशत रही। उत्पादन वृद्धि की यह दर छह महीने में सबसे कम है। बुधवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, एक साल पहले इसी महीने में यह 9.9 प्रतिशत थी। बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर जून में 13.2 प्रतिशत, मई में 19.3 प्रतिशत, अप्रैल में 9.5 प्रतिशत, मार्च में 4.8 प्रतिशत, फरवरी में 5.9 प्रतिशत और जनवरी में चार प्रतिशत थी। आंकड़ों के अनुसार आठ बुनियादी उद्योगों... कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली...की वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष के पहले चार माह अप्रैल-जुलाई में 11.5 प्रतिशत रही। एक साल पहले 2021-22 की इसी अवधि में यह 21.4 प्रतिशत थी। आलोच्य महीने में कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के उत्पादन में क्रमश: 3.8 प्रतिशत और 0.3 प्रतिशत की गिरावट आई।

# सीतारमण 15 सितंबर को एफएसडीसी की बैठक में अर्थव्यवस्था की स्थिति की समीक्षा करेंगी

**भाषा।** नई दिल्ली

**वित्त मंत्री** निर्मला सीतारमण वैश्विक और घरेलू चुनौतियों के बीच अर्थव्यवस्था की स्थिति की समीक्षा करेंगी। वित्त मंत्री यह समीक्षा वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद (एफएसडीसी) की बैठक में 15 सितंबर को करेंगी। सूत्रों ने बताया कि मुंबई में आयोजित होने वाली इस उच्चस्तरीय बैठक में रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास समेत सभी वित्तीय क्षेत्र के नियामक शामिल होंगे। यह एफएसडीसी की 26वीं बैठक है।

एफएसडीसी केंद्रीय वित्त मंत्री की अध्यक्षता में क्षेत्रीय नियामकों का शीर्ष निकाय है। सूत्रों के अनुसार, बैठक में मौजूदा वैश्विक और घरेलू आर्थिक स्थिति और वित्तीय स्थिरता के मुद्दों की समीक्षा की जाएगी। इसमें बैंकिंग और एनबीएफसी से संबंधित मुद्दे शामिल हैं। उन्होंने कहा कि परिषद वित्तीय क्षेत्र के विकास और व्यापक आर्थिक स्थिरता के साथ समावेशी आर्थिक वृद्धि हासिल करने के लिए जरूरी उपायों पर भी चर्चा करेगी।

आरबीआई के अनुमान के मुताबिक, देश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) चालू वित्त वर्ष में 7.2 प्रतिशत की दर से बढ़ेगा, जबकि खुदरा महंगाई दर 6.7 प्रतिशत पर रह सकती है। सरकार और केंद्रीय बैंक दोनों का मुख्य ध्यान महंगाई को काबू करने पर है। रुपया इस समय डॉलर के मुकाबले 80 के स्तर के आसपास है, जिससे मुद्रास्फीति पर दबाव बढ़ रहा है। बैठक में एफएसडीसी के पिछले निर्णयों पर सदस्यों द्वारा की गई कार्वाई की भी समीक्षा की जाएगी। एफएसडीसी की आखिरी बैठक आम बजट 2022-23 को पेश किए जाने के बाद फरवरी में हुई थी।

# मुफ्त उपहारों का दिशाहीन वितरण अर्थव्यवस्था के लिए संकट खड़ा कर सकता है : विशेषज्ञ

**नई दिल्ली।** विशेषज्ञों का कहना है कि मुफ्त उपहारों का दिशाहीन वितरण राज्यों के लिए नुकसानदायक हो सकता है और यह अर्थव्यवस्था पर वैसा ही प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है जैसा कि श्रीलंका के मामले में हुआ है। विशेषज्ञों ने कहा कि मुफ्त उपहारों की व्याख्या करना और यह कल्याण के लिए होने वाले खर्च से किस तरह भिन्न है यह बताना जरूरी है। उच्चतम न्यायालय ने बीते शुक्रवार को कहा था कि करदाताओं के पैसों का इस्तेमाल करके दिया गया मुफ्त उपहार सरकार को आसन्न दिवालिएपन की ओर ले जा सकता है।

अंतरराष्ट्रीय आर्थिक संबंधों पर भारतीय अनुसंधान परिषद (आईसीआरआईईआर) के अध्यक्ष प्रमोद भसीन ने कहा, ज्यादातर मुफ्त उपहार (यदि वे कोविड जैसे आपदा काल में नहीं दिए गए हों) जो जरूरतमंदों तक नहीं पहुंचे हों वे वित्तीय गलती होते हैं और इनके बड़े प्रतिकूल परिणाम होते हैं। ज्यादातर राज्यों और ज्यादातर सरकारों में ऐसे कदम उठाए जाते हैं। उन्होंने कहा, मुफ्त उपहारों की व्याख्या करना और यह बताना जरूरी है कि ए कल्याण पर होने वाले खर्च से किस तरह अलग हैं। इंस्टीट्यूट फॉर स्टडीज इन इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट (आईएसआईडी) में निदेशक नागेश कुमार ने कहा कि वित्तीय प्रबंधन को लेकर राज्य सरकारों को जिम्मेदार बनने की जरूरत है। उन्होंने कहा, मुफ्त उपहार राज्य सरकारों की वित्तीय स्थिति के लिए नुकसानदायक हैं। जैसा कि श्रीलंका के मामले में देखा गया, राजकोषीय लापरवाही हमेशा संकट की ओर ले जाती है। बीआर आंबेडकर स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के कुलपति एन आर भानुमूर्ति ने कहा, यह परिभाषित करना महत्वपूर्ण है कि मुफ्त उपहार क्या हैं और ए कल्याणकारी व्यय से कैसे भिन्न है। ऐसी नीतियां (मुफ्त उपहार) कई राज्यों में पहले से ही बिगड़ती सार्वजनिक ऋण की स्थिति को और बिगाड़ सकती हैं।

## बाढ़ प्रभावित गाजीपुर का हवाई सर्वे करने के बाद सीएम योगी ने आमजन को दिया भरोसा

# हर संकट में आप के साथ खड़ी है सरकार

### कहा-सूखे के कारण हो रहे नुकसान को लेकर भी उठाए जा रहे हैं ठोस कदम

संवाददाता। गाजीपुर



**जनपद** में सीएम योगी ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वे किया। इसके बाद सीएम योगी ने मुहम्मदाबाद और शहीद इंटर कालेज में बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री बांटी। राहत वितरण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि यूपी में अवसत से भी कम बारिश हुई है। यह बाढ़ की आपदा राजस्थान और मध्यप्रदेश से बांधों से छोड़े गये पानी के चलते हुई है। किसान सूखे और बाढ़ के दोहरी मार से परेशान हैं। ऐसे संकट की घड़ी में भाजपा सरकार उनके साथ खड़ी है। उन्होंने सभी भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं से कहा कि आप सभी लोग बाढ़ पीड़ितों की मदद करने के लिए जुट जायें। उन्?होने कहा कि गाजीपुर के 33 गांव सबसे ज्यादा बाढ़ प्रभावित है। अधिकारी युद्ध स्तर पर बाढ़ क्षेत्रों में राहत सामग्री बांटे और पीड़ितों की मदद करें।

उन्होंने बताया कि सभी जगहों पर पर्याप्त नौकाओं की व्यवस्था कर दी गई है। अकेले गाजीपुर जनपद में 288 नौकाए एनडीआरएफ व पीएसी की टीम, 11 गोताखोरए 178 आपदा मित्र बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोगों के साथ खड़े हैं। पांच हजार से अधिक पशुओं के लिए भूसा चारे इत्यादि की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। वहींए बाढ़ प्रभावित पशु शिविर भी स्थापित कर चारा खिलाया जा रहा है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में वहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर सांप और कुत्ता काटने से विष से बचने की एंटी रैबीज इंजेक्शन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध करा दी गई है। इसके साथ ही प्रत्येक बाढ़ प्रभावित परिवार को 15 दिन का पर्याप्त राशन जिसमें तेलए राशनए सूखा मसाला, लाई, चना, मोमबत्ती, दियासलाई, सूखी सब्जी उपलब्ध करा दी गई है उन्होंने कहा कि संकट के समय सरकार जनता जनार्दन के साथ खड़ी है। सरकार द्वारा अधिकारियों को प्रभावित क्षेत्रों व परिवारों में युद्ध स्तर पर सहायता उपलब्ध कराने का निर्देश देते हुए क्रियान्वयन कराया जा रहा है। इसके साथ ही सूखे के कारण हो रहे नुकसान के बावत भी सरकार द्वारा लगातार चिंता किया जा रहा है। वर्तमान समय मे बुआई के सीजन को देखते हुए दलहन्य तिलहन सब्जी इत्यादि के बीच उपलब्ध कराने की व्यवस्था के बावत कृषि विभाग व उद्यान विभाग को विशेष निर्देश दे दिए गए हैं। इसके साथ ही जनप्रतिनिधियों व भाजपा कार्यकर्ताओं को भी निर्देश दिया गया है कि वह बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लग जाएं और जनता जनार्दन के साथ खड़े होकर सेवा करें। अंत में उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार में आपके व्यवस्थाओं के साथ कोई कोताही नहीं बरती जाएगी। हेलीकाप्टर से उतरने पर कैबिनेट मंत्री स्वंत्रदेव सिंह, सांसद वीरेंद्र सिंह, एमएलसी चंचल सिंहए जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंहए जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह, महामंत्री प्रवीण सिंह, ब्लाक प्रमुख अवधेश राय, कमिश्नर वाराणसी और डीएम व एसपी गाजीपुर ने उनका स्वागत किया।

## सहकारिता से ही खुशहाल होंगे गांव और गरीबः अन्नपूर्णा देवी



**गाजीपुर।** सहकारिता का नेटवर्क बहुत बड़ा है जो गांव गांव तक फैला है एवं गरीब से गरीब लोगों तक से जुड़ा है।सहकारिता के माध्यम से जहाँ कृषि फसल की पैदावार अच्छी होगी वहीं किसानों की आय भी बढ़ेगी।यह बात भारत सरकार की शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कल मंगलवार को कई व्यस्त कार्यक्रमों के बीच जिला सहकारी बैंक के सभाकक्ष में सहकारिता के लोगों के साथ बैठक में कही।उन्होंने कहा कि सहकारिता समाज के आर्थिक समृद्धि का एक मजबूत माध्यम है और सहकार से समृद्धि सरकार का मूल उद्देश्य है।उन्होंने पूर्वर्ती सरकारों पर तंज कसते हुए कहा कि पूर्व की सरकारों के कार्यकाल में कोआपरेटिव के माध्यम से पैसों का बंदरबांट होता रहा है जिसके कारण सहकारी समितियां लगातार कमजोर होती गयी।उन्होंने समिति के सदस्यों एवं डाइरेक्टरों से इफको और अमूल सहकारी समिति की चर्चा करते हुए कहा कि शासन की अपेक्षाओं के अनुरूप आप किसानों को सुविधा आपूर्ति में इमानदारी और निष्ठा से लग कर कार्य करें सरकार का विशेष ध्यान सहकारी समितियों की ओर है।मा गृहमंत्री अमित शाह जी की सोच है सहकारिता मजबूत हो।सहकार और सरकार एक दूसरे के पूरक हैं।जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष सरोजेश सिंह ने कहा कि हिन्दुस्तान में सहकारिता किसानों की पहली ऐसी संस्था है जिसके मालिक किसान है।उन्होंने कर्मचारियों के कर्मठता और इमानदारी की सराहना करते हुए उनकी प्रशंसा की। सबके प्रति आभार धन्यवाद जिला सहकारी संघ के अध्यक्ष विजय शंकर राय ने व्यक्त किया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों को पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। बैठक मे भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष कमलावती सिंह,जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह,जिला सहकारी बैंक उपाध्यक्ष अच्छेलाल गुप्ता,सुशील उपाध्याय,ओमप्रकाश राय,सुरेश सिंह,राजेश चौहान,ए रामलाल सिंह,भाजपा मीडिया प्रभारी शशिकान्त शर्मा,गोपाल राय सहित आदि अन्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रवीण सिंह ने किया।

## आरेडिका में 87वें अखिल भारतीय रेलवे एथलेटिक्स चैंपियनशिप का समापन



**रायबरेली।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली में 87वें अखिल भारतीय रेलवे एथलेटिक चैंपियनशिप 2022 का बुधवार को सफलतापूर्वक समापन हो गया। कार्यक्रम के समापन समारोह में आरेडिका के महाप्रबंधक शमशेर सिंह कलसी मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित हुए। महाप्रबंधक महोदयएने इस चैंपियनशिप में 23 जोनल रेलवे और उत्पादन इकाइयों के प्रतिभागी प्रतिभावान खिलाड़ियों को विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में विजय पताका फैराने और अपने.अपने रेलवे जोनों के नाम रोषन करने के लिए बधाई दी और खिलाड़ियों के उज्वल भविष्य की कामना की।इस एथलेटिक चैंपियनशिप में लगभग 49 प्रतियोगताओं में खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा दिखायी। जिसमें कुछ प्रमुख विजेयता इस प्रकार रहे हैं। 35 किमी पुरुष वॉक रेस में पटियाला लोकोमोटिव बर्क्स के एकनाथ संभाजी तुरम्बेकर प्रथम और पष्चिम रेलवे के मनीराम पटेल द्वितीय स्थान पर रहेए वहीं 35 किमी महिला वॉक रेस में पूर्व रेलवे की प्रियंका पटेल एवं उत्तर मध्य रेलवे की रमनद्वीप कौर ने क्रमषः प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। पोल वाल्ट में उत्तर रेलवे के प्रषांत कन्हैया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी कड़ी में महिला हैमर थ्रो में उत्तर रेलवे की सरिता सिंह ने प्रथम और बनारस लोकोमोटिव बर्क्स की रेखा सिंह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। ऊँची.कूद में दक्षिण पष्चिम रेलवे के जेस्सी संदीप ने प्रथम स्थान पर रहे हैं। इस प्रतियोगिता में 100 मीटर में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बना जो 10ण्25 सेकंड का श्री आमलन बौरगोइन एनएफआर रेलवे के नाम रहा है तथा 7 रेलवे मीट रिकार्ड बने हैं।इस अवसर पर नाडा की टीमए रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड की टेक्निकल टीमए मैनेजमेंट टीम सहित विभिन्न खेलों के कोच एवं आरेडिका के खेल.कूद संघ के अध्यक्ष श्री एसण् केण् कटियारए सचिव श्री एसण्एसण्केरो पीसीएमएम श्री एन डी रावए पीएफए श्री जे एन पाण्डेयए पीसीईई संजय अग्रवाल एवं आरेडिका के उच्च अधिकारी व कर्मचारी तथा खेलकूद संघ के कर्मचारियों सहित रेल सुरक्षा बल के जवान भी उपस्थित रहे।

## पाकिस्तानी क्रिकेट टीम की जर्सी पहनकर दुबई में मैच देखने वाले व्यवसायी के खिलाफ शिकायत

**बरेली/पीलीभीत।** स्थानीय दक्षिणपंथी संगठन के कथित पदाधिकारी ने एक स्थानीय व्यवसाई के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी है, जिनकी दुबई में हाल ही में भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच के दौरान पाकिस्तानी क्रिकेट टीम की जर्सी पहनकर खिंचवाई गई तस्वीर वायरल हो गई। दूसरी ओर, व्यवसाई के परिवार के सदस्यों ने बताया कि उन्हें पता चला है कि संयम मैच स्थल पर देर से पहुंचे और उन्हें भारतीय क्रिकेट टीम की जर्सी नही मिली, इसलिए उन्होंने इसके बजाय पाकिस्तान क्रिकेट टीम की जर्सी खरीदने का फैसला किया। परिवार के सदस्यो के अनुसार, संयम ने मैच में पाकिस्तान की जर्सी पहन कर हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए। भारत-पाक क्रिकेट मैच देखने गए बरेली के सिविल लाइंस इलाके के स्थानीय व्यवसाई संयम जायसवाल की दुबई मे क्रिकेट स्टेडियम के बाहर ली गई तस्वीरें वायरल हुई है, जिनमे वह पाकिस्तानी क्रिकेट टीम की जर्सी पहने हुए नजर आ रहे है।बरेली गौरक्ष प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता हिमाशु पटेल ने एसएसपी (वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक) बरेली, पुलिस महानिरीक्षक और एडीजी (अपर पुलिस हानिदेशक) बरेली जोन को शिकायत भेजकर जायसवाल के खिलाफ कार्वाई की मांग की है। बरेली के एसएसपी सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज ने बुधवार को पीटीआई-भाषा से कहा, मामला हमारे संज्ञान में आया है लेकिन घटना देश से बाहर होने के कारण शासन के निर्देशानुसार आगे की कार्वाई की जाएगी। संयम के पिता सतीश जायसवाल ने पीलीभीत में अपने पैतृक स्थान से जारी एक वीडियो बयान में कहा,"हमारा देशभक्तो का परिवार है। मुझे नही पता कि मेरे बेटे ने क्या किया और किन परिस्थितियों में किया। लेकिन, अगर उसकी हरकतो से किसी को ठेस पहुंची है तो मै सबसे हाथ जोड़ कर माफी मांगता हूं। उनका (संयम का) इरादा किसी को ठेस पहुंचाने का नही था।

## आपसी विवाद को लेकर दम्पति ने की आत्महत्या

गोंडा। गोंडा जिले के खोंडारे क्षेत्र में आपसी विवाद के लेकर एक दम्पति ने कथित रूप से आत्महत्या कर ली। मनकापुर के पुलिस क्षेत्राधिकारी संजय तलवार ने बुधवार को बताया कि जिले के खोंडारे थाना क्षेत्र में स्थित मकोइया इलाके के निवासी चंद्रभान सिंह ने आज सुबह स्थानीय पुलिस को सूचना दी कि उसके पौत्र संजीव सिंह (45) और पौत्रवधु वंदना सिंह (42) ने आत्महत्या कर ली है। संजीव का शव कमरे की छत पर पंखे से बंधे फांसी के फंदे पर लटका पाया गया, जबकि वंदना का शव फर्श पर मिला। उन्होंने बताया कि चंद्रभान का कहना है कि संजीव और वंदना मंगलवार रात खाना खाकर घर की दूसरी मंजिल पर बने अपने कमरे में चले गए थे। रात में दोनों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ, जिसके बाद दोनों ने आत्महत्या कर ली। तलवार ने बताया कि वंदना जिले के बभनान स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में कर्मचारी थी। परिजन का कहना है कि संजीव शराब का आदी था। उन्होंने बताया कि सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा करवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है।

## अगले चुनाव में यूपी में मैनपुरी समेत लोस की सभी सीटें जीतेगी भाजपाः जितेंद्र सिंह

भाषा। मैनपुरी



**केंद्र** में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने मंगलवार को यहां दावा किया कि उनकी पार्टी अगले आम चुनाव में समाजवादी पार्टी (सपा) का गढ़ मानी जाने वाली मैनपुरी लोकसभा सीट पर जीत हासिल करेगी। इस सीट से सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव सांसद हैं और यह यादव परिवार का गढ़ माना जाता है। इस सीट पर आज तक भाजपा जीत दर्ज नहीं कर पाई है। 2014 में जब पूरे देश में मोदी लहर थी तब भी इस सीट पर उनका जादू नहीं चला था। सिंह ने यहां पत्रकारों से बात करते हुए दावा किया, "हम (भाजपा) 2024 के लोकसभा चुनाव में मैनपुरी सीट जीतने जा रहे हैं, और हमारा लक्ष्य उत्तर प्रदेश की सभी 80 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल करना है। केंद्रीय मंत्री का जवाब तब आया, जब पत्रकारों ने उनसे पूछा कि क्या भाजपा 2024 के आम चुनाव में मैनपुरी लोकसभा सीट जीतेगी। केंद्रीय सिंह ने कहा कि पिछले आठ वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कल्याणकारी योजनाएं बिना किसी वोट बैंक की सोच के साथ जरूरतमंदों तक पहुंची हैं। केंद्रीय मंत्री ने उत्तर प्रदेश के मैनपुरी में "लाभार्थियों व पीआरआई, डीडीसी, बीडीसी और नगर परिषद के अध्यक्ष व सदस्यों के साथ बैठक को संबोधित किया। सिंह ने कहा कि गरीब हितैषी व जनकल्याणकारी योजनाओं में हर एक को इस तरह से बनाया गया है यह जाति, पंथ, धर्म या किसी भी वोट बैंक की परवाह किए बिना आखिरी कतार के सबसे जरूरतमंद या अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके।

## पंचायत में दलित महिला की पिटाई, दो लोगों पर मुकदमा

**गोंडा।** जिले में एक पंचायत के दौरान ग्राम प्रधान के प्रतिनिधि द्वारा एक दलित महिला व उसके नाबालिग बच्चे के साथ कथित रूप से मारपीट किए जाने के मामले में दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने बुधवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र के कल्लापुर सरायर्हा गांव के निवासी दलित व्यक्ति हनुमान की बेटी ने पिछली 16 अगस्त को गांव के ही स्वजातीय युवक विनेश कुमार से दोनों परिवारों की सहमति से कोर्ट मैरिज की थी। हालांकि लड़की की दादी इस रिश्ते के लिए तैयार नहीं थी। उन्होंने बताया कि इसी बात को लेकर गांव के प्रधान प्रतिनिधि संतोष यादव और उसके साथी संत कुमार यादव ने गत 28 अगस्त को ग्राम सभा में पंचायत बुलाई और हनुमान की पत्नी जय श्री को सार्वजनिक रूप से कथित तौर पर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए अपशब्द कहे और मारपीट की। साथ ही महिला के नाबालिग पुत्र शिव की भी पिटाई की और महिला के घर में ताला लगवा दिया। तोमर ने बताया कि मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने इस घटना का वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया पर डाल दिया। उन्होंने बताया कि पीड़ित महिला की तहरीर पर नवाबगंज थाने में मंगलवार की शाम को संतोष और संत कुमार के खिलाफ भारतीय दंड विधान और अनुसूचित जातिजनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि महिला को उसके घर का ताला खुलवा कर वहां भेज दिया गया है।

## पं. कमलापति त्रिपाठी के जयंती समारोह में पत्रकार होगें सम्मानित

**वाराणसी।** पं.कमलापति त्रिपाठी की जयन्ती का समारोह, काशी में अपनी आधी सदी की परम्परा के क्रम में, इस वर्ष उनके औरंगाबाद आवासीय परिसर में आगामी 03 सितम्बर 22 को आयोजित होगा। पं.कमलापति त्रिपाठी फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस समारोह में स्थापित परम्परा के अनुरूप पत्रकारिता क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिये तीन पत्रकारों को पं.कमलापति त्रिपाठी पत्रकारिता पुरस्कार से सम्मानित भी किया जायेगा।

पं.कमलापति त्रिपाठी फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक राजेशपति त्रिपाठी ने बुधवार को औरंगाबाद आवास में एक पत्रकार वार्ता के बीच समारोह आयोजन की जानकारी देते हुये बताया कि कोविड महामारी के कारण विगत दो वर्षा से पं. कमलापति त्रिपाठी जयन्ती समारोह का आयोजन आनलाइन वर्चुअल मोड पर हो रहा था। इस वर्ष वह आयोजन औरंगाबाद में उपस्थित समागम एवं देश के विभिन्न क्षेत्रों से वर्चुअल भागीदारी के सम्मिलित स्वरूप में नियोजित है। तीन सितम्बर को पूर्वाह्न 11बजे आयोजित इस परम्परागत भव्य जयन्ती समारोह के मुख्य अतिथि बीएचयू आईआईटी के सुप्रतिष्ठ आचार्य एवं संकट मोचन मंदिर के महंथ प्रो. विश्वम्भर नाथ मिश्र होगें और अध्यक्षता दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा विश्वविद्यालय एवं नेहरू ग्राम भारती विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति तथा वरिष्ठ पत्रकार प्रो.राम मोहन पाठक करेंगे। मुख्य वक्ता प्रो.सतीश कुमार राय होंगे।

## मच्छर जनित बीमारियों में बुखार खांसी, कमजोरी और थकान से बचें

**वाराणसी।** बनारस में डेंगू और मलेरिया के केस इस समय बढ़ रहे हैं। बनारस स्थित सिग्नस लक्ष्मी हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने लोगों से वेक्टर जनित बीमारियों से बचने के लिए अतिरिक्त सावधानी बरतने की सलाह दी क्योंकि कोविड-19 के कारण इस तरह के केस तेजी से बढ़े हैंसिग्नस लक्ष्मी हॉस्पिटल, वाराणसी के इंटरनल मेडिसिन- कंसल्टेंट डॉ नीरज कुमार सिंह ने कहा कि मई के अंत से मलेरिया के केस बढ़े हैं। हालांकि ये केस ख़तरे के लेवल पर नहीं बढ़े हैं। हालांकि डेंगू का केस अभी तक सामने नहीं आया है। चूंकि मच्छर जनित बीमारियों में बुखार, खांसी, कमजोरी और थकान जैसे कोविड -19 के समान लक्षण होते हैं।

### इन्हेलर्स अस्थमा के नियंत्रण के लिए जागरुकता अभियान

**वाराणसी।** अस्थमा पीड़ितों को बीमारी पर नियंत्रण रखने और अच्छी गुणवत्ता का जीवन व्यतीत करने में मदद करता है। इन्हेलर दवाई को सीधे फेफड़ों में पहुँचाते हैं, जहाँ पर जाकर दवाई अस्थमा के लक्षणों को नियंत्रित करती है। सिप्ला ने अपने मरीज जागरुकता अभियान बेरोक जिंदगी का नया चरण शुरू किया। इस अभियान का उद्देश्य अस्थमा पीड़ितों के प्रभावशाली और सुरक्षित इलाज के रूप में इन्हेलर्स के बारे में जागरुकता बढ़ाना है। यह अभियान शिक्षा का प्रसार करते हुए इन्हेलर के मिथकों को दूर कर मरीजों एवं डॉक्टर्स के बीच संचार बढ़ाएगा ।

# राज्य के 1100 से ज्यादा गांवों में बाढ़ का कहर

### जनजीवन अस्त व्यस्त, हजारों हेक्टेयर फसल प्रभावित, वाराणसी में हालात बदतर

भाषा। लखनऊ



**भारी** बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण उत्तर प्रदेश के 18 जिलों के।,111 गांव बाढ़ की चपेट में हैं और हजारों हेक्टेयर फसल प्रभावित हुई है। वाराणसी में हालत बदतर हैं जहां घाटों के पानी में डूब जाने के कारण शवदाह में काफी मुश्किलें आ रही हैं। बलिया में बाढ़ के पानी में डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई है। राहत आयुक्त कार्यालय से मिली रिपोर्ट के मुताबिक, प्रदेश में इस वक्त 18 जिलों के।,111 गांव बाढ़ से प्रभावित हैं और उनमें से 116 का संपर्क बाकी क्षेत्रों से पूरी तरह टूट गया है। बाढ़ से कुल 2,45,585 लोग प्रभावित हुए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, प्रदेश के बाढ़ प्रभावित जिलों में 344 शरणालय बनाए गए हैं, जहां लगभग 13,496 लोगों को रखा गया है। राहत और बचाव कार्यों के लिए राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की कुल 26 टीम तैनात की गई हैं। प्रभावित इलाकों में खाद्य सामग्री के पैकेट वितरित किए जा रहे हैं। केंद्रीय जल आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, गंगा नदी प्रयागराज, मिर्जापुर, वाराणसी, गाजीपुर तथा बलिया जिलों में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। इसके अलावा यमुना नदी जालौन, बांदा तथा प्रयागराज में, शारदा नदी लखीमपुर खीरी में और घाघरा नदी बाराबंकी में लाल निशान से ऊपर बह रही है। वाराणसी से प्राप्त रिपोर्ट के मुताबिक, गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया है जिससे तटवर्ती इलाकों के हजारों लोगों का जीवन प्रभावित हुआ है। मणिकर्णिका और हरिश्चंद्र घाटों पर बाढ़ की वजह से शवदाह में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मणिकर्णिका घाट में शवदाह के निचले प्लेटफार्म बाढ़ के पानी में डूब चुके हैं लिहाजा छत पर शव जलाए जा रहे हैं। वहीं, हरिश्चंद्र घाट की गलियों में शवदाह किया जा रहा है। शवों को जलाने के लिए लोगों को चार से पांच घंटे का इंतजार करना पड़ रहा है। वाराणसी में कुल 115 गांवों के 28,499 लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। जिले में सैलाब से 608.572 हेक्टेयर फसल भी प्रभावित हुई है। बलिया जिले में गंगा नदी के जल स्तर में वृद्धि के कारण 27 गांवों की आबादी प्रभावित हुई है। आपदा प्रबंधन विभाग के प्रभारी पीयूष सिंह के मुताबिक, बाढ़ से बचाव के लिए तटवर्ती इलाकों में लोगों ने बांध पर शरण ली है। उन्होंने बताया कि बाढ़ के पानी में डूबने से दो कटी थाना क्षेत्र के दलन छपरा गांव में एक व्यक्ति की मौत हो गई है। मृतक के परिजन को चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई है। मिर्जापुर से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार, गंगा नदी का जलस्तर सोमवार रात खतरे के निशान को पार कर गया। हालांकि अब उसका जलस्तर एक सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से कम हो रहा है। जिले में 103 गांव बाढ़ से प्रभावित हैं, जिनमें से 13 गांवों में आबादी और फसल दोनों ही प्रभावित हुई हैं। हमीरपुर से मिली रिपोर्ट के मुताबिक, बांधों से लगातार पानी छोड़े जाने के कारण नदी के किनारे बसे गांवों की स्थिति अब भी सामान्य नहीं हो पाई है। हमीरपुर, मौदहा और सरीला क्षेत्रों में 2300 हेक्टेयर से ज्यादा फसल पानी में डूब गई है और कई गांवों का संपर्क पूरी तरह टूट गया है।

## हत्या के मामले में चार को उम्रकैद

**मथुरा।** मथुरा जिले की एक अदालत ने अपहरण और हत्या के एक मामले में चार लोगो को दोषी करार देते हुए उन्हें उम्रकैद की सजा सुनाई है। जिला शासकीय अधिवक्ता (डीजीसी) शिवराम सिंह तरकर ने बुधवार को बताया कि वृन्दावन के तेहरा गांव के प्रेमनगर निवासी हरीराम द्वारा 23 अप्रैल 2009 को दर्ज कराए गए मामले के मुताबिक उसी गांव के रहने वाले फूलसिंह और हुकुम सिंह ने उसके बेटे भोलेश्वर को जेनरेटर ठीक कराने के बहाने घर से बुलाया था फिर अगवा कर लिया था। अगले दिन उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी, तभी उन्हें 50 लाख रुपए की फिरौती देने के लिए फोन आया। तरकर ने बताया कि परिजन फिरौती की रकम का इंतजाम नही कर सके, बाद में 21 सितम्बर को राजस्थान के धौलपुर जिले के एक कुएं में भोलेश्वर का शव बरामद किया गया था। उन्होंने बताया कि पुलिस ने इस मामले में निरंजन बघेल, दिनेश, हुकम सिंह और फूल सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने सभी के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र पेश किया। उन्होंने बताया कि अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (सप्तम) संजय चौधरी ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद मंगलवार को सभी चार आरोपियों को दोषी करार देते हु उन्हें उम्रकैद की सजा सुनाई तथा 25-25 हजार रुपए का जुर्माना लगाया।

## बलात्कार के दोषी ने जेल में अपना गुप्तांग काटा

**इटावा।** उत्तर प्रदेश के इटावा जिला जेल में बलात्कार के जुर्म में बंद 28 वर्षीय कैदी ने मंगलवार को कथित रूप से अपना गुप्तांग को काट लिया। जेल अधिकारियों ने यह जानकारी दी। जेल अधीक्षक राम धनी सिंह ने बताया कि 2019 में हुई बलात्कार की घटना के लिए 10 साल कैद की सजा काट रहे अनिल कुमार उर्फ अन्नू (28) ने मंगलवार को ब्लेड से अपने गुप्तांग को काट लिया। उन्होंने बताया कि कैदी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## सेल्फी लेने के दौरान युवक नदी में गिरा, तलाश जारी

**बांदा ।** जिले के मटौंध थाना क्षेत्र के भूरागढ़ मे बुधवार दोपहर को एक युवक केन नदी के पुल की रेलिंग पर बैठकर मोबाइल फोन से सेल्फी लेने के दौरान नदी मे गिर गया। पुलिस ने बताया कि नदी मे गिरे युवक की तलाश की जा रही है। मटौंध थाने के उपनिरीक्षक राजेश मौर्या ने बताया कि बुधवार दोपहर बादअर्ता चुंगी चौकी मुहल्ले का रहने वाला युवक शैलेन्द्र उर्फ सौरभ (23) भूरागढ़ मे केन नदी के पुल की रेलिंग पर बैठकर मोबाइल फोन से सेल्फी लेने की कोशिश कर रहा था, तभी तेज हवा के झोकें की वजह से वह अनियंत्रित होकर नदी में गिर गया।

# हांगकांग को रौंद कर भारत सुपर चार में

● सूर्यकुमार की तेज तर्रार पारी, कोहली का अर्धशतक

● भारत के दो विकेट पर 192 रन के उत्तर में पांच विकेट पर 152 रन ही बना सकी हांगकांग की टीम

**भाषा।** दुबई



**भारत ने** सूर्यकुमार यादव की 26 गेंद में 68 रन की आक्रामक पारी और विराट कोहली (नाबाद 59 रन) के अर्धशतक से बुधवार को यहां एशिया कप टी20 क्रिकेट मैच में हांगकांग को 40 रन से हराकर ग्रुप ए से सुपर चार में प्रवेश किया। भारत की यह लगातार दूसरी जीत है, उसने टूर्नामेंट के शुरूआती मैच में पाकिस्तान को पांच विकेट से हराया था। ग्रुप बी से अफगानिस्तान सुपर चार में पहुंच चुकी है। भारत ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद दो विकेट पर 192 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया, जिसके जवाब में हांगकांग की टीम ने पूरे ओवर खेले और पांच विकेट गंवाकर 152 रन बनाए। सूर्यकुमार और कोहली ने तीसरे विकेट के लिए 98 रन की नाबाद साझेदारी निभाई। इन दोनों में सूर्यकुमार ने काफी आक्रामक बल्लेबाजी की, उन्होंने 26 गेंद में छह छक्के और इतने ही चौके जमाए जिससे कोहली का अर्धशतक थोड़ा फीका पड़ गया।

कोहली ने काफी समय के बाद अर्धशतक जड़ा। इससे पहले उन्होंने 18 फरवरी को कोलकाता में वेस्टइंडीज के खिलाफ 52 रन बनाए थे। पाकिस्तान के खिलाफ 34 गेंद में 35 रन की पारी खेलने वाले कोहली ने 44 गेंद की पारी में एक चौका और तीन छक्के जड़े। सूर्यकुमार 42 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे, उन्होंने अंतिम ओवर में हारून अरशद पर पांच गेंद में चार गगनचुंबी छक्के जड़ दिए जिससे उन्होंने महज 22 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा कर दिया। इस 20वें ओवर में भारत ने 26 रन जोड़े। भारत की शुरूआत धीमी रही जिसमें केएल राहुल (36) और कप्तान रोहित शर्मा (21) बड़ी पारी नहीं खेल सके। चोट से वापसी कर रहे राहुल से अच्छे स्कोर की उम्मीद थी लेकिन 36 रन के लिए उन्होंने 39 गेंद लीं। उन्होंने दो छक्के जड़े जिसमें से एक फ्री हिट पर लगा। कप्तान रोहित भी 13 गेंद में दो चौके और एक छक्का लगाकर आउट हो गए, उन्हें आयुश शुक्ला ने आउट किया। रोहित इस दौरान टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 3,500 रन पूरे करने वाले पहले खिलाड़ी बने। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सलामी बल्लेबाज के तौर पर 12,000 रन भी पूरे किए। मोहम्मद गजनफर की गेंद को स्वीप करने के प्रयास में राहुल विकेटकीपर को कैच देकर आउट हो गए। टीम ने 13 ओवर में इन दोनों के विकेट गंवा दिए थे जिससे स्कोर दो विकेट पर 94 रन था। फिर कोहली और सूर्यकुमार क्रीज पर थे जिन्होंने महज 42 गेंद में नाबाद 98 रन की साझेदारी निभाई। टीम ने अंतिम तीन ओवर में 54 रन जोड़े।

हांगकांग के लिए इस पहाड़ से लक्ष्य तक पहुंचना नामुमकिन था, पर उसके बल्लेबाजों ने शानदार जज्बा दिखाया और केवल पांच विकेट गंवाए। टीम ने अंतिम दो ओवर में 33 रन जोड़े। भारत के लिए आवेश खान सबसे खर्चीले साबित हुए जिन्होंने चार ओवर में 53 रन देकर एक विकेट झटका। अर्शदीप सिंह ने भी चार ओवर में 44 रन लुटाए और एक विकेट झटका। हांगकांग टीम ने दूसरे ही ओवर में यासिम मुर्तजा (09) का विकेट गंवा दिया जिन्होंने दो चौके जड़े। कप्तान निजाकत खान (10) रविंद्र जडेजा के शानदार क्षेत्ररक्षण का शिकार होकर रन आउट हुए। बाबर हयात हालांकि टिककर खेले, उन्होंने 35 गेंद की पारी के दौरान तीन चौके और दो छक्के से 41 रन की पारी खेली। 12वें ओवर में जडेजा की अराउंड द स्टम्प गेंद उनके बल्ले का किनारा लगकर शार्ट थर्डमैन पर आवेश खान के हाथों में समां गई। आवेश खान ने 15वें ओवर में एजाज खान (14 रन) को बोल्ड किया। कप्तान रोहित ने 17वें ओवर में कोहली को गेंद थमाई जिन्होंने एक ओवर में छह रन दिए। भुवनेश्वर कुमार ने तीन ओवर में 15 रन देकर एक विकेट हांगकांग के किचिंत शाह (30 रन) के रूप में झटका। किचिंत आउट होने वाले पांचवें खिलाड़ी रहे।

# वीनस, राडुकानू और ओसाका यूएस ओपन के पहले दौर में बाहर

**एपी।** न्यूयॉर्क



**दिग्गज खिलाड़ी** वीनस विलियम्स को यूएस ओपन टेनिस टूर्नामेंट में लगातार दूसरी बार पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा जबकि महिला एकल में मौजूदा चैंपियन एम्मा राडुकानू और एक अन्य पूर्व चैंपियन नाओमी ओसाका भी पहले दौर से आगे नहीं बढ़ पाई। जून में अपना 42वां जन्मदिन मनाने वाली वीनस को ऑर्थर ऐस स्टेडियम में अपनी छोटी बहन सेरेना की तरह दर्शकों का अपार समर्थन नहीं मिला और सात बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सीधे सेटों में भी हार गई। वीनस को मंगलवार को खेले गए मैच में एलिसन वैन उयतवांक से 6–1, 7–6 (5) से हार झेलनी पड़ी। सेरना जहां संन्यास लेने की बात कर चुकी है वहीं वीनस ने अभी तक ऐसा कोई संकेत नहीं दिया है।

वीनस 2020 से पहले कभी यूएस ओपन के पहले दौर में बाहर नहीं हुई थी। उन्होंने पिछले साल इस टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लिया था। इस बीच राडुकानू पहले दौर में हारने वाली केवल तीसरी यूएस ओपन चैंपियन बन गई। उन्हें एलिज़े कॉर्नेट ने 6–3, 6–3 से हराया। राडुकानू ने पिछले साल क्वालीफायर के रूप में यूएस ओपन में भाग लिया था और वह चैंपियन बनने में सफल रही थी लेकिन इस बार कॉर्नेट के सामने उनकी एक नहीं चली। यूएस ओपन में दो खिताब जीतने वाली ओसाका भी सीधे सेटों में हारकर बाहर हो गई। उन्हें ऑस्ट्रेलियन ओपन की उपविजेता डेनियल कॉलिन्स ने मध्यरात्रि के बाद समाप्त हुए मैच में 7–6 (5), 6–3 से पराजित किया। विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी ओसाका इस साल फ्रेंच ओपन में भी पहले दौर में हार गई थी जिससे वह रैंकिंग में 44वें स्थान पर खिसक गई। कॉलिन्स के खिलाफ इस मैच से पहले उनका रिकॉर्ड 3–0 था लेकिन इस बार उनकी 19वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी के सामने एक नहीं चली। पुरुष एकल में 22 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन राफेल नडाल ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके 21 वर्षीय रिंकी हिजिकाता को 4–6, 6–2, 6–3, 6–3 से हराया। नडाल मैच के दौरान किसी तरह से चोट से परेशान नहीं दिखे। उन्होंने पेट की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण इस साल विंबलडन से नाम वापस ले लिया था। महिला एकल में वान उयतवांक का सामना अब क्लारा ब्यूरेल से होगा, जिन्होंने विंबलडन चैंपियन एलेना रयबाकिना को 6–4, 6–4 से हराया। महिला वर्ग में 2017 की चैंपियन स्लोएन स्टीफेंस, नंबर एक इगा स्विएटेक, नंबर छह आर्यना सबालेंका, नंबर आठ जेसिका पेगुला, नंबर नौ गार्बिने मुगुरुजा, नंबर 13 बेलिंडा बेनसिच और नंबर 22 करोलिना प्लिस्कोवा भी आगे बढ़ने में सफल रही। पुरुष वर्ग में जिन खिलाड़ियों ने अगले दौर में जगह बनाई उनमें 2014 के चैंपियन मारिन सिलिच, नंबर तीन कार्लोस अल्काराज़, नंबर सात कैमरन नोरी, नंबर आठ ह्यूबर्ट हर्काज़, नंबर नौ आंद्रे रूबलेव, नंबर 11 यानिक सिनर और नंबर 17 ग्रिगोर दिमित्रोव शामिल हैं।

## आर्मी ग्रीन को 2-0 से हराकर केरल ब्लास्टर्स ने डूरंड कप क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई

**गुवाहाटी।** केरल ब्लास्टर्स ने बुधवार को यहां इंदिरा गांधी एथलेटिक स्टेडियम में ग्रुप डी मैच में आर्मी ग्रीन को 2-0 से हराकर डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। केरल ब्लास्टर्स की ओर से मोहम्मद एमेन और अरित्रा दास ने गोल दागे। केरल की टीम ने पूरे मैच के दौरान दबदबा बनाए रखा। रोशन, अजसाल और एमेन के मूव पर टीम ने पहला गोल दागा। रोशन ने दाएं छोर से मूव बनाते हुए गेंद अजसाल को बढ़ाई जिन्होंने इसे बाएं छोर पर खड़े एमेन तक पहुंचाया। एमेन ने दाएं पैर से दनदनाता हुए शॉट लगाकर केरल ब्लास्टर्स को बढ़त दिला दी। अरित्रा ने इसके बाद इंजरी टाइम में बाएं छोर से मूव बनाते हुए गोल किया।

## हैदराबाद एफसी ने अनुभवी डिफेंडर रीगन सिंह से अनुबंध किया

**इम्फाल।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की गत चैंपियन टीम हैदराबाद एफसी ने मणिपुर में जन्में डिफेंडर केशाम रीगन सिंह को चेन्नईयिन एफसी से उधार पर अपने साथ जोड़ा है। क्लब ने बुधवार को यह घोषणा की। रीगन ने कहा, मै हैदराबाद एफसी से जुड़कर बेहद खुश हूं और कोच मेनोलो (मारक्वेज)के मार्गदर्शन में ट्रेनिंग करना सम्मान की बात है। मुझे लगता है कि वह देश में सर्वश्रेष्ठ कोच है और यह मेरे लिए शानदार चुनौती है। मै एक टीम के रूप में काम करने और सीखने को लेकर उत्सुक हूं। राइट बैक के रूप में खेलने वाले 31 साल के रीगन आईएसएल में 105 मुकाबले खेले है। वह नॉर्थईस्ट यूनाईटेड और चेन्नईयिन एफसी जैसी टीम का हिस्सा रहा है। रीगन ने आईलीग में भी 48 मैच खेले है। रीगन 2022-23 सत्र के अंत तक हैदराबाद एफसी के साथ रहेंगे।

## रोनाल्डो मैनचेस्टर यूनाईटेड छोड़कर नहीं जा रहे : हैग

**मैनचेस्टर।** मैनचेस्टर यूनाईटेड के मैनेजर एरिक टेन हैग ने बुधवार को दोहराया कि स्टार फॉरवर्ड क्रिस्टियानो रोनाल्डो ट्रांसफर विंडो (खिलाड़ियों की अदला बदली का समय) के अंतिम दिनों में टीम को छोड़कर नही जाएंगे। क्लब के साथ रोनाल्डो के भविष्य को लेकर अनिश्चित तब बढ़ गई जब मंगलवार को एक और फॉरवर्ड एजाक्स के ब्राजीली अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एंटोनी से करार किया गया। यह पूछने पर कि एंटोनी से करार के बाद रोनाल्डो उनकी योजना का हिस्सा बने रहेंगे तो टेन हैग ने कहा, निश्चित रूप से, यह बिलकुल स्पष्ट है। उन्होंने कहा, हमें कुशल खिलाड़ी चाहिए। सभी मैचों में निरंतरता बनाए रखने के लिए आपको ज्यादा खिलाड़ी चाहिए होते है। हम यही करने का प्रयास करते है। रोनाल्डो मैनचेस्टर यूनाईटेड छोड़कर चैम्पियंस लीग में खेलने वाले क्लब से जुड़ने की कोशिश कर रहे है। ट्रांसफर विंडो गुरुवार रात को खत्म हो जाएगी।

## सैम क्वेरी ने पहले दौर में हार के बाद टेनिस को अलविदा कहा

**न्यूयॉर्क।** कभी नोवाक जोकोविच, एंडी मे और राफेल नडाल पर बड़ी जीत दर्ज करने वाले अमेरिका के सैम क्वेरी ने यूएस ओपन के पहले दौर में हारने के बाद टेनिस से संन्यास ले लिया। कैलिफोर्निया के रहने वाले क्वेरी ने मंगलवार की रात को अपने करियर का आखिरी मैच बेलारूस के इल्या इवाश्का से खेला जिसमें उन्हे 4-6, 6-4, 7-6 (8), 6-3 से हार का सामना करना पड़ा। क्वेरी की अपने करियर में सर्वोच्च रैंकिंग 11 रही। उन्होंने 2017 में विबलडन में तत्कालीन नंबर एक खिलाड़ी एंडी मे को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। इससे एक साल पहले वह नंबर एक जोकोविच को हराकर इस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे थे। इसके अलावा उन्होंने 2019 में विबलडन और 2017 में यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल में भी जगह बनाई थी। क्वेरी ने कहा, मैने यह सोचकर ही यूएस ओपन में भाग लिया था। और मै बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं। पिछले छह सप्ताह काफी अच्छे रहे।

## ऑस्ट्रेलिया की दूसरे वनडे में जिंबाब्वे पर बड़ी जीत

**टाउन्सविले (ऑस्ट्रेलिया)।** मिशेल स्टार्क की अगुवाई में गेंदबाजों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से आस्ट्रेलिया ने जिंबाब्वे को सस्ते में समेट कर दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में बुधवार को यहां आठ विकेट से बड़ी जीत दर्ज करके तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त बनाई। स्टार्क में 24 रन देकर तीन विकेट लिए और जिंबाब्वे के शीर्ष क्रम को लड़खड़ाने में अहम भूमिका निभाई। जिंबाब्वे इन शुरुआती झटकों से आखिर तक नही कर पाया और उसकी टीम 27.5 ओवर में 96 रन पर आउट हो गई। स्टार्क के अलावा ऑस्ट्रेलिया की तरफ से एडम जंपा ने 21 रन देकर तीन और कैमरन ग्रीन ने सात रन देकर दो विकेट लिए। जिंबाब्वे की तरफ से सीन विलियम्स ने सर्वाधिक 29 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने 14.4 ओवर में दो विकेट पर 100 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। उसकी तरफ से स्टीव स्मिथ ने नाबाद 47 और अलेक्स कैरी ने नाबाद 26 रन बनाए। डेविड वॉर्नर (13) और कप्तान आरोन फिंच (एक) के जल्दी आउट होने के बाद स्मिथ और कैरी ने तीसरे विकेट के लिए 84 रन की अटूट साझेदारी की। ऑस्ट्रेलिया ने श्रृंखला का पहला मैच 99 गेंद शेष रहते हुए पांच विकेट से जीता था।

## भारतीय ड्रैगफ्लिकर हरमनप्रीत ने कहा, फिनिशिंग में सुधार पर ध्यान रहेगा



**बेंगलुरू।** स्टार ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि भारतीय पुरुष हॉकी टीम आगामी एफआईएच हॉकी प्रो लीग की तैयारी के अंतर्गत अपने फिनिशिंग (प्रयास को गोल में तब्दील करना) कौशल पर काम करेगी। इस महीने की शुरुआत में राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीतने वाली भारतीय टीम 28 अक्टूबर से शुरू हो रही हॉकी प्रो लीग की तैयारियों से पहले सोमवार से यहां भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) केंद्र में शिविर में हिस्सा ले रही है। हॉकी इंडिया द्वारा जारी विज्ञप्ति में हरमनप्रीत ने कहा, हम अभ्यास सत्र में हिस्सा लेंगे और मुख्य रूप से हमारा ध्यान हमेशा अपनी फिनिशिंग में सुधार और खिलाड़ियों के बीच समन्वय तथा संयोजन में सुधार पर रहता है। उन्होंने कहा, हम इस बात पर ध्यान केंद्रित करेंगे कि खिलाड़ियों के बीच से गेंद को ले जाते वक्त हम अपने समय में सुधार कैसे कर सकते है और गेंद को रक्षण से आक्रमण तक ले जाते समय अपने समय में कैसे सुधार कर सकते है।

# आईसीसी टी20 आलराउंडर रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ पांचवें स्थान पर पहुंचे हार्दिक

**भाषा।** दुबई

**भारत के** स्टार आलराउंडर हार्दिक पंड्या यहां एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की टी20 अंतरराष्ट्रीय आलराउंडर रैंकिंग में आठ पायदान की छलांग से करियर के सर्वश्रेष्ठ पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं। हार्दिक ने 25 रन पर तीन विकेट चटकाने के बाद सिर्फ 17 गेंद में नाबाद 33 रन बनाए और भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई। यह दर्शाता है कि आस्ट्रेलिया में आगामी टी20 विश्व कप में भारत के अभियान में उनकी भूमिका कितनी महत्वपूर्ण होगी।

एशिया कप में अफगानिस्तान की धमाकेदार शुरुआत ने भी सभी का ध्यान खींचा है। टीम के खिलाड़ियों को रैंकिंग में फायदा मिला है। आईसीसी की विज्ञप्ति में कहा गया है कि राशिद खान ने नंबर एक गेंदबाज बनने की ओर कदम बढ़ाए हैं। वह साथी लेग स्पिनरों आदिल राशिद और एडम जंपा को पछाड़कर दो स्थान के फायदे से तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। उनके 708 अंक हैं। राशिद की नजरें अब बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर तबरेज शम्सी (716) को पछाड़ने पर टिकी हैं लेकिन शीर्ष पर जोश हेजलवुड (792) ने बड़ी बढ़त बना रखी है। राशिद के हमवतन मुजीब उर रहमान (660) ने सात स्थान की बढ़त के साथ शीर्ष-10 में प्रवेश किया है। वह आठवें स्थान पर मौजूद भारत के भुवनेश्वर कुमार (661) से पीछे हैं। भुवनेश्वर ने पाकिस्तान के खिलाफ 26 रन पर चार विकेट चटकाकर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष 10 में कोई नया खिलाड़ी नहीं आया है लेकिन पाकिस्तान के मोहम्मद रिज़वान 796 अंक के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं और अपने कप्तान बाबर आजम (810) के साथ शीर्ष दो में शामिल हो गए हैं। अफगानिस्तान के हजरतुल्लाह जजाई 23 और 37 रन की दो पारियों के साथ तीन स्थान के फायदे से 14वें स्थान पर हैं। उनके साथी रहमानुल्लाह गुरबाज इस बीच पांच पायदान के फायदे से 29वें स्थान पर पहुंच गए। अन्य दो प्रारूपों में कई फेरबदल हुए। दक्षिण अफ्रीका पर इंग्लैंड की जीत में अहम भूमिका के कारण कप्तान बेन स्टोक्स तीनों टेस्ट रैंकिंग में आगे बढ़ने में सफल रहे। स्टोक्स ने शतक बनाने के अलावा दोनों पारियों में दो-दो विकेट चटकाए। वह बल्लेबाजी रैंकिंग में नौ स्थान ऊपर 18वें, गेंदबाजी रैंकिंग में पांच स्थान आगे 38वें और आलराउंडर सूची में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं।



# भारत ए का सामना न्यूजीलैंड से, सरफराज और कुलदीप पर होगी सबकी दृष्टि

● पहला अनधिकृत टेस्ट

**भाषा।** बेंगलुरू

**भारत ए** की टीम जब गुरूवार से न्यूजीलैंड ए के खिलाफ पहले अनधिकृत टेस्ट के लिए मैदान पर उतरेगी तो सरफराज खान की निगाहें घरेलू सर्किट के अपने शानदार प्रदर्शन को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़े स्कोर में बदलने पर लगी होंगी। न्यूजीलैंड ए की टीम में कम से कम आधा दर्जन खिलाड़ी ऐसे हैं जो पिछले कुछ वर्षो में किसी न किसी प्रारूप में सीनियर राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं और वे घरेलू टीम के सामने कड़ी चुनौती पेश करेंगे। वहीं भारतीय टीम में ज्यादातर खिलाड़ी उस टीम के हैं जिसने पिछले साल के अंत में दक्षिण अफ्रीका में ए श्रृंखला खेली थी और वे टेस्ट टीम के लिए उम्मीदवारी क्रम में अपना स्थान मजबूत करना चाहेंगे। इसमें सबसे अधिक ध्यान सरफराज की ओर रहने की उम्मीद है क्योंकि कुछ महीने पहले ही उन्होंने इसी स्थल पर रणजी ट्राफी फाइनल में शतक जड़ा था। टीम में चुने गए खिलाड़ियों में कुछ या तो घरेलू सर्किट पर खुद को साबित कर चुके हैं या फिर कुलदीप यादव जैसे खिलाड़ी शामिल हैं जो पिछली बार लाल गेंद के घरेलू सत्र में नहीं खेलने के कारण लय हासिल करना चाहेंगे। लेकिन मुंबई के सरफराज आकर्षण का केंद्र इसलिए भी होंगे क्योंकि रणजी ट्राफी सत्र में करीब 1000 रन के बाद वह सीनियर राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने की कतार में सबसे आगे हैं। भारत का अगला टेस्ट दौरा दिसंबर में बांग्लादेश में हैं जो आस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप के बाद है। उस टीम में मध्यक्रम में दो नहीं तो कम से कम एक स्थान खाली हो सकता है और सरफराज ढाका जाने वाली टीम में जगह बनाने के प्रबल दावेदार हैं। चयनकर्ताओं ने इसका संकेत दिया है जिन्होंने भारत ए टीम से हनुमा विहारी को बाहर करने का फैसला किया।

## बीसीसीआई एक दुकान है, इस पर ईएसआई अधिनियम के प्रावधान लागू होते हैः एससी



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कहा कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की गतिविधियां व्यावसायिक प्रकृति की हैं और कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) अधिनियम के प्रावधानों के संदर्भ में इसे दुकान कहा जा सकता है। शीर्ष अदालत ने कहा कि ईएसआई अधिनियम केंद्र द्वारा बनाया गया कल्याणकारी कानून है और इस अधिनियम में इस्तेमाल किए गए शब्दों से संकीर्ण अर्थ नहीं जोड़ा जाना चाहिए क्योंकि यह इसके अंतर्गत आने वाले प्रतिष्ठानों के कर्मचारियों को उनके जीवन, स्वास्थ्य आदि से जुड़े विभिन्न जोखिमों के लिए बीमा करता है और नियोक्ता पर आरोप लगाता है। न्यायमूर्ति एम आर शाह और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा की पीठ ने कहा कि ईएसआई न्यायालय और उच्च न्यायालय ने ईएसआई अधिनियम के तहत बीसीसीआई को दुकान मानकर कोई गलती नहीं की। पीठ ने कहा, बीसीसीआई की व्यवस्थित गतिविधियों, विशेषकर उसके द्वारा क्रिकेट मैचों के टिकटों की बिक्री, मनोरंजन प्रदान करना, अपनी सेवाओं के लिए कीमत वसूल करना, अंतरराष्ट्रीय दौरों और इंडियन प्रीमियर लीग से आय प्राप्त करने को ध्यान में रखते हुए उच्च न्यायालय ने सही निष्कर्ष निकाला है कि बीसीसीआई व्यवस्थित आर्थिक वाणिज्यिक गतिविधियों को अंजाम दे रहा है और इसलिए उसे ईएसआई अधिनियम के प्रावधानों के तहत दुकान कहा जा सकता है।

## भारत व पाकिस्तान पर धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना

**दुबई।** भारत और पाकिस्तान पर एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के ग्रुप ए के पहले मैच में धीमी ओवर गति के लिए मैच फीस का 40 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम और बाबर आजम के नेतृत्व में खेल रही पाकिस्तान की टीम ने निर्धारित समय में दो ओवर कम किए थे जिसके बाद आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) एलीट पैनल के मैच रेफरी जैफ क्रो ने यह जुर्माना लगाया। आईसीसी ने बयान में कहा, खिलाड़ियों और उनके सहयोगी स्टाफ के लिए धीमी ओवर गति से संबंधित आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के अनुसार खिलाड़ियों पर निर्धारित समय में एक ओवर कम करने पर मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। इसमें कहा गया है, दोनों कप्तानों ने अपनी गलती स्वीकार की और उन्हें जुर्माना मंजूर है इसलिए औपचारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी। मैदानी अंपायर मसूदुर रहमान और रुचिरा पिल्लियागुरुगे, तीसरे अंपायर रवींद्र विमलासिरी और चौथे अंपायर गाजी सोहेल ने दोनों टीम पर यह आरोप लगाए थे।

## कॉलिन डी ग्रैंडहोम ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर कॉलिन डी ग्रैंडहोम ने बुधवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की। डी ग्रैंडहोम ने इस सप्ताह अपने फैसले को लेकर न्यूजीलैंड क्रिकेट से बातचीत की थी जो उन्हें केंद्रीय अनुबंध से मुक्त करने पर तैयार हो गया था। जिंबाब्वे में जन्मे डी ग्रैंडहोम ने कहा कि इस फैसले के पीछे उनकी चोट और तीनों प्रारूपों में बढ़ती प्रतिस्पर्धा के अलावा कई अन्य कारण हैं। डी ग्रैंडहोम ने न्यूजीलैंड क्रिकेट के यहां जारी बयान में कहा, मैं यह स्वीकार करता हूं कि मैं अब युवा नहीं होने जा रहा हूं और विशेषकर चोटों के कारण अभ्यास करना मुश्किल होता जा रहा है। उन्होंने कहा, मेरे बच्चे बड़े हो रहे हैं और मैं क्रिकेट के बाद के अपने भविष्य पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश कर रहा हूं। पिछले कुछ सप्ताहों से यह सब बातें मेरे दिमाग में चल रही थी। डी ग्रैंडहोम ने कहा, मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि मुझे 2012 में पदार्पण करने के बाद न्यूजीलैंड की तरफ से खेलने का मौका मिला। मुझे अपने अंतरराष्ट्रीय करियर पर गर्व है लेकिन मुझे लगता है कि यह संन्यास लेने का सही समय है। डी ग्रैंडहोम ने न्यूजीलैंड की तरफ से 29 टेस्ट मैच खेले जिसमें उन्होंने 38.70 की औसत से 1432 रन बनाए। इसमें वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ लगाए गए शतक भी शामिल हैं। इसके अलावा उन्होंने 32.95 की औसत से 49 विकेट भी लिए। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 41 रन देकर छह विकेट था जो उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ किया था।

# श्रीकांत जीते, लक्ष्य और साइना जापान ओपन से बाहर

**भाषा।** ओसाका



**भारत के** स्टार शटलर किदांबी श्रीकांत ने दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी ली जी जिया पर सीधे गेम में शानदार जीत दर्ज की लेकिन राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन लक्ष्य सेन को जापान ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में बुधवार को यहां पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा। विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत ने पुरुष एकल के 37 मिनट तक चले मैच में पांचवीं वरीयता प्राप्त ली को 22-20, 23-21 से हराया। चार मुकाबलों में मलेशियाई खिलाड़ी पर यह उनकी पहली जीत है।

अल्मोड़ा के रहने वाले 21 वर्षीय खिलाड़ी और 2021 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता सेन पुरुष एकल के मैच में विश्व में 21वें नंबर के स्थानीय खिलाड़ी केंटा निशिमोतो से 21-18, 14-21, 13-21 से हार गए। यह मैच एक घंटे और छह मिनट तक चला। यह उनकी जापानी खिलाड़ी के हाथों दो मुकाबलों में पहली हार है। लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साइना नेहवाल भी शीर्ष वरीयता प्राप्त अकाने यामागुची के सामने किसी तरह की चुनौती पेश नहीं कर पाई और खिताब की प्रबल दावेदार स्थानीय खिलाड़ी से 30 मिनट तक चले मैच में 9-21, 17-21 से हार गईं। विश्व चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाकर विश्व रैंकिंग में 26वें नंबर पर पहुंचने वाली एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला की तेजी से उभरती पुरुष युगल जोड़ी कोरिया के चोई सोल ग्यू और किम वॉन हो से 21-19, 21-23, 15-21 से हार गई। एक अन्य मैच में बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता गायत्री गोपीचंद और त्रीसा जॉली की महिला युगल जोड़ी को थाईलैंड की जोंगकोलफन कितिथाराकुल और राविंदा प्राजोंगजाई की सातवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी से 17-21, 18-21 से हार झेलनी पड़ी। जूही देवांगन और वेंकट गौरव प्रसाद की मिश्रित युगल जोड़ी को केवल 23 मिनट में चीनी के झेंग सी वेई और हुआंग या किओंग की शीर्ष वरीय जोड़ी से 11-21, 10-21 से हार का सामना करना पड़ा। श्रीकांत ने गजब का जुझारूपन दिखाया लेकिन बीच में उन्होंने ली को वापसी का भी मौका दिया। एक समय वह 15-11 से आगे थे लेकिन उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी को लगातार तीन अंक बनाने का मौका दिया। श्रीकांत ने हालांकि इसके बाद पांच अंक बनाकर मजबूत बढ़त हासिल की और फिर पहला गेम अपने नाम किया। ली ने दूसरे गेम में अच्छा खेल दिखाया और शुरू से बढ़त हासिल कर ली। एक समय वह 14-11 से आगे थे लेकिन श्रीकांत ने जल्द ही 18-16 से बढ़त बनाई और 20-18 के स्कोर पर वह मैच जीतने के करीब थे। ली ने हालांकि दो मैच प्वाइंट बचाए और स्वयं गेम प्वाइंट हासिल किया। श्रीकांत ने तीन अंक बनाकर मैच को आगे नहीं खिंचने दिया। दूसरे पुरुष एकल में लक्ष्य सेन ने पहले गेम में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने जल्द ही 7-2 और फिर 15-9 से बढ़त हासिल कर ली। सेन ने पहला गेम आसानी से अपने नाम किया। सेन ने दूसरे गेम मैं भी अच्छी शुरुआत करके 8-4 से बढ़त हासिल कर ली थी लेकिन इसके बाद वह अपनी लय खो बैठे। निशिमोतो ने इसका पूरा फायदा उठाया और फिर वह भारतीय खिलाड़ी पर हावी हो गए।